
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, शनिवार, 11 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-35 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए

जनता का संघर्ष बढ़ रहा है, महंगाई बेरोजगारी चरम .... 02
■ शासनादेश पर नोएडा की दो वाणिज्यिक आवंटन निरस्त
■ प्राधिकरण ने दो वर्क सर्किल से खाली कराई 3 हजार... 04
■ गाजा युद्धविराम समझौते पर बातचीत विफल
■ ब्लिंकन कांग्रेस में पेश करेंगे इजराइल पर आलोचनात्मक... 07
सत्ता में रहते पांच साल जयराम ने की हमीरपुर ... 08

# केजरीवाल को अंतरिम जमानत

## शराब नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट से शर्तों पर मिली राहत, 22 दिन तक रहेंगे जेल से बाहर

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें दो जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा गया है। प्रवर्तन निदेशालय के नौ समन के बाद केजरीवाल की 21 मार्च को गिरफ्तारी हुई थी। करीब 50 दिन बाद उन्हें राहत मिली है। उन्हें यह राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाईं हैं, जिनका उन्हें पालन करना होगा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 39 दिन बाद शुक्रवार की शाम को 6 बजकर 55 मिनट पर तिहाड़ जेल से बाहर आए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा गया है। रिहाई के बाद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप से निवेदन है हम सबको मिलकर देश को तानाशाही से बचाना है। मैं तन मन धन से लड़ रहा हूं। संघर्ष के खिलाफ लड़ रहा हूं। आज आपके बीच आ के अच्छा लग रहा है। शनिवार सुबह 11 कनॉट प्लेस हनुमान जी के मंदिर में मिलेंगे। हनुमान जी का आशीर्वाद लेंगे। एक बजे पार्टी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। अदालत ने दोपहर 2 बजे एक लाइन में फैसला सुनाया। हालांकि, उनके वकील ने 4 जून तक की रिहाई का अनुरोध किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया एक जून को खत्म हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल डेढ़ साल तक बाहर थे। उन्हें ईडी द्वारा पहले या बाद में गिरफ्तार किया जा सकता था, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत को उनके खिलाफ मामले से जुड़े गुण-दोष पर दी गई राय न माना जाए। केजरीवाल के खिलाफ गंभीर आरोप हैं, लेकिन वे अब तक दोषी करार नहीं दिए गए हैं। उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, न ही वे समाज के लिए खतरा हैं।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समग्र और उदार दृष्टिकोण उचित है। कोर्ट ने कहा कि 22 दिन में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि अगस्त 2022 में ईडी ने केस दर्ज किया।



मामला अगस्त 2022 में गिरफ्तारी मार्च 2024 में डेढ़ साल प्रवर्तन निदेशालय कहां था : **सुप्रीम कोर्ट**



आप से निवेदन है हम सबको मिलकर देश को तानाशाही से बचाना है। मैं तन मन धन से लड़ रहा हूं। संघर्ष के खिलाफ लड़ रहा हूं। आज आपके बीच आके अच्छा लग रहा है : **अरविंद केजरीवाल**



मैं यह देखकर बहुत खुश हूं कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिल गई है यह वर्तमान चुनावों के संदर्भ में बहुत मददगार होगा : **ममता बनर्जी**



सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत है। तानाशाही का अंत होगा। देश देखेगा केजरीवाल का कमाल : **संजय सिंह**

### जमानत की यह हैं शर्तें

- केजरीवाल को समर्पण कर दो जून को जेल में लौटना होगा, कर सकेंगे चुनाव प्रचार
- मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय में नहीं जाएंगे
- शराब नीति मामले में खुद की भूमिका पर कोई भी बयान नहीं देंगे
- सरकारी कामकाज में केजरीवाल दखल नहीं देंगें व फाइल पर दस्तखत नहीं करेंगे
- शराब नीति मामले से जुड़े किसी भी गवाह से बात नहीं कर सकेंगे
- केजरीवाल को भरना होगा पचास हजार रुपए का मुचलका

## सार संक्षेप

### वाइस एडमिरल संजय भल्ला बने नौसेना के कार्मिक प्रमुख



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने शुक्रवार को नौसेना के कार्मिक प्रमुख का कार्यभार ग्रहण कर लिया। वाइस एडमिरल भल्ला को एक जनवरी 1989 को नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 35 वर्षों के करियर में समुद्र और तट दोनों क्षेत्रों में कई विशेषज्ञ व संचालय नियुक्तियों पर सेवाएं दी हैं। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से संबंधित कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने कई प्रमुख युद्धपोतों पर एक विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया।

### प्रवीण नेट्टारु हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**बंगलूरू।** कर्नाटक में साल 2022 में भाजपा युवा मोर्चा प्रवीण नेट्टारू की हत्या कर दी गई थी। तब से मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही थी। अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जांच एजेंसी ने मुस्तफा पैचर को बंगलूरू में गिरफ्तार किया है। बता दें, भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य प्रवीण नेट्टारू की बेल्लारे में 26 जुलाई 2022 में उनकी दुकान के सामने एक वाहन में सवार तीन लोगों ने हत्या कर दी थी।

### अमरावती सांसद नवनीत राणा पर मुकदमा दर्ज



**नई दिल्ली।** अमरावती लोकसभा सीट से निर्दलीय सांसद व उम्मीदवार नवनीत राणा की मुश्किलें बढ़ी। हाल ही में उनकी राहुल गांधी के खिलाफ की गई टिप्पणी के चलते उन पर मुकदमा दर्ज हुआ। उनक पर शादनगर पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर आप राहुल गांधी को वोट देते हैं, तो आपका वोट पाकिस्तान को जाता है। इस पर चुनाव आयोग के एफएसटी कृष्ण मोहन जो कि चुनाव ड्यूटी पर थे उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं पुलिस का कहना है कि हमें एफएसटी फ्लाइंग स्क्वाड चुनाव आयोग से नियमों के उल्लंघन की शिकायत मिली थी। इसलिए आईपीसी की धारा 188 में मामला दर्ज हुआ है।

### दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार रात दिल्ली और एनसीआर में अचानक मौसम ने करवट ली। धूल भरी आंधी चलने से लोगों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। खासतौर पर पैदल व दो पहिया चालकों को इससे काफी परेशानी हुई। कई जगह पेड़ उखड़कर गिर पड़े, जिससे लंबा जाम लग गया। साथ ही कई इलाकों में बिजली कटने की भी शिकायत सामने आईं। वहीं मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को धूलभरी आंधी चलने के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा चलेगी। साथ ही, हल्की

# भाजपा नेता बृजभूषण पर चलेगा अब मुकदमा



- पहलवानों के यौन शोषण मामले में आरोप तय
- कोर्ट ने कहा, पांच शिकायतों में पर्याप्त सबूत, एक शिकायत की खारिज

**नई दिल्ली/ गोंडा,** 10 मई (एजेंसियां)। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष व कैसरगंज से बहुचर्चित भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के मामले में दिल्ली की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं। अब उन पर मुकदमा चलेगा। राउज एवेन्यू जिला न्यायालय में अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने पांच महिला पहलवानों के आरोपों को सही पाते हुए डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह व सह-आरोपी सहायक सचिव विनोद तोमर पर आरोप गठित करने का आदेश दिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट से जमानत पहले ही मिल चुकी है। मामले की विवेचना के बाद दिल्ली पुलिस ने आईपीसी की धाराओं 354, 354-ए, 354-डी, 506 (1) व 109 में चार्जशीट दाखिल की थी। बचाव पक्ष व अभियोजन की दलीलों के बाद कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग का आदेश दिया है।

### दिल्ली पुलिस ने दायर किया था आरोप पत्र

*दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ मामले में 15 जून को धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर (हमला या आपराधिक बल), 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 डी (पीछा करना) और आईपीसी की धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप पत्र दायर किया था।*

# दाभोलकर हत्याकांड में दो को उम्र कैद



- मास्टर माइंड माने जा रहे डॉक्टर तावड़े समेत तीन बरी
- पुणे की कोर्ट ने 11 साल बाद फैसला सुनाया

**पुणे,** 10 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के प्रमुख नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में 11 साल बाद शुक्रवार को कोर्ट का फैसला आया है। पुणे में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट के एडिशनल सेशन जज पीपी जाधव ने आरोपी सचिन अंदुरे और शरद कलस्कर को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। हत्याकांड में कुल पांच आरोपी थे। इनमें डॉक्टर विरेंद्र सिंह तावड़े, विक्रम भावे और संजीव पुनालेकर को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। इनमें तावड़े, अंदुरे और कलस्कर जेल में हैं, जबकि पुनालेकर और भावे जमानत पर हैं। 20 अगस्त, 2013 को पुणे के महर्षि विट्ठल रामजी ब्रिज पर दो बाइक सवार अपराधियों ने दाभोलकर की गोली मारकर हत्या की थी। वीरेंद्र तावड़े पर दाभोलकर की हत्या की साजिश रचने का आरोप था। वह हत्याकांड का मास्टरमाइंड माना जा रहा था। दाभोलकर महाराष्ट्र में अंधविश्वास के खिलाफ आंदोलन चलाते थे, जिनकी 2013 में हत्या कर दी गई थी। बता दें, हत्या के मामले को 2014 में सीबीआई को सौंप दिया गया था। नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के 11 साल बाद पुणे की एक विशेष यूएपीए अदालत ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जबकि तीन अन्य को बरी कर दिया।

**पांच लाख रुपए के जुर्माने की सजा**

*लोगों से खचाखच भरे अदालत कक्ष में आदेश को पढ़ते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय) पी.पी. जाधव ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर के खिलाफ हत्या तथा साजिश के आरोप साबित कर दिए हैं और उन्हें आजीवन कारावास तथा पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई। सीबीआई के मुताबिक अंदुरे और कालस्कर ने दाभोलकर पर गोली चलाई थी। अदालत ने सबूतों के अभाव में आरोपी कान-नाक-गला (ईएनटी) रोग सर्जन वीरेंद्र सिंह तावड़े, मुंबई के वकील संजीव पुनालेकर और उनके सहयोगी विक्रम भावे को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।*

## चुनावी सभा में राहुल-अखिलेश ने एक मंच पर भरी हुंकार, बोले

# हम बब्बर शेर बनकर शिकार कर रहे

**लखनऊ/कानपुर/कन्नौज,** 10 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में सात साल बाद राहुल और अखिलेश एक बार फिर से एक ही मंच पर नजर आए। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन किया है। भाजपा को शिकस्त देने के लिए दोनों दल एक बार फिर से एकजुट हो गए हैं। राहुल गांधी अखिलेश यादव के लिए चुनाव प्रचार करने कन्नौज पहुंचे। इस दौरान अखिलेश ने कन्नौज से कहा कि हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर व्यवस्था खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आपका बनोबल बढ़ाने आए हैं। वहीं राहुल गांधी ने भी अखिलेश यादव के लिए वोट मांगे। राहुल गांधी ने एक बार फिर से दोहराया कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है। राज्य में गठबंधन का ही तूफान है। राहुल ने कहा कि यूपी की जनता ने देश में बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि डर के समय उन्हीं लोगों का नाम लिया जाता है, जो बचा सके। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता आज यहां पर मौजूद हैं। राहुल ने कहा कि अब हम बब्बर शेर बनकर शिकार कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि आपके ध्यान को भटकाने की कोशिश की जाएगी, लेकिन आप को अलर्ट रहना, क्यों कि मुद्दा संविधान को बचाने का है। देश में आज नौकरी, जमीन और संविधान ही मुद्दा है। उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया गया, लेकिन किसान, मजदूर और बेरोजगारों का कर्ज माफ नहीं किया गया।

राहुल गांधी ने अखिलेश यादव के लिए मांगे वोट



उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिलेगी 50 सीटें : **राहुल गांधी**

हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर व्यवस्था खत्म करेंगे : **अखिलेश यादव**

### चौथे चरण के लिए आज थमेगा चुनाव प्रचार

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का चुनाव प्रचार आज थम जाएगा। मतदान सोमवार को होगा। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होनी है। 13 सीटों पर कुल 130 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चरण में अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, खीरी फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, मिश्रिख, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव सीट पर चुनाव होना है।

# उत्तराखंड की चार धाम यात्रा का आगाज



- केदारनाथ-यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुले
- पहले ही दिन भारी भीड़ प्रशासन के लिए चुनौती बनी

**देहरादून,** 10 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड की चार धाम यात्रा शुक्रवार से शुरू हो गई। केदारनाथ के कपाट सुबह 6:55 बजे और यमुनोत्री के कपाट सुबह 10:29 बजे खोले गए। दोपहर 12:25 बजे गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। जबकि बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन 12 मई से होंगे। केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी के साथ दर्शन के लिए पहुंचे। यहां पहले ही दिन हजारों लोगों की भीड़ के कारण अव्यवस्था देखने को मिली। इन चारों धामों पर दिन का तापमान 0 से 3 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। वहीं, रात में पारा माइनस में पहुंच रहा है। इसके बावजूद केदारनाथ धाम से 16 किमी पहले गौरीकुंड में करीब 10 हजार श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 7 से 8 हजार के बीच था। यहां करीब 1500 कमरे हैं, जो भरे हुए हैं। रजिस्टर्ड 5,545 खच्चर बुक हो चुके हैं। हरिद्वार और ऋषिकेश में 15 हजार से ज्यादा यात्री पहुंच चुके हैं। चार धाम यात्रा के लिए अब तक 22.15 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।

### केदारनाथ में रोज 15 हजार ही दर्शन कर पाएंगे

पिछले साल रिकॉर्ड 55 लाख लोग पहुंचने से व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई थीं। इसी से सबक लेते हुए उत्तराखंड पुलिस और पर्यटन विभाग ने पहली बार चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं की प्रतिदिन की संख्या सीमित कर दी है। पिछले साल चारों धामों में रोजाना 60 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे रहे थे। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे के मुताबिक एक दिन में 15 हजार श्रद्धालु केदारनाथ धाम, 16 हजार लोग बद्रीनाथ धाम, 9 हजार श्रद्धालु यमुनोत्री तो 11 हजार लोग गंगोत्री में दर्शन कर सकेंगे। यानी चारों धाम में रोजाना 51 हजार लोग दर्शन करेंगे।

## संदेशखाली मामले में आया नया मोड, दूसरी पीड़िता भी बोली

# दुष्कर्म नहीं हुआ, कोरे कागज पर कराए थे साइन

**कोलकाता,** 10 मई (एजेंसियां)। बंगाल के सबसे चर्चित संदेशखाली दुष्कर्म मामले की एक पीड़िता के बयान से उपजा विवाद थमा नहीं था कि दूसरी पीड़िता का भी बयान आ गया। उसने कहा है कि उससे दुष्कर्म नहीं हुआ था। भाजपा नेताओं ने उनसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराकर दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करा दी थी। दूसरी पीड़ित ने अब बताया कि मुझसे कभी दुष्कर्म नहीं हुआ।



मैंने तो उस महिला (भाजपा की स्थानीय नेता) से मनरेगा की बकाया रकम का भुगतान नहीं होने की शिकायत की थी। उन्होंने मुझसे कोरे कागज पर साइन कराए और कहा कि अब जमीन मिल जाएगी।

### जनता हिसाब करेगी : टीएमसी

रेखा पात्रा का वीडियो सामने आने के बाद टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अब ताजा वीडियो से यह बात पूरी तरह साफ हो गई है कि भाजपा ने संदेशखाली घटना की पूरी पटकथा तैयार की थी। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि सब शुभेंदु अधिकारी का किया धरा है। जनता भाजपा का हिसाब करेगी।

# मणिशंकर अय्यर के बयानों से कांग्रेस ने किया किनारा

## चुनावों में राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है भाजपा



**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस ने पार्टी नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर के बयानों से किनारा कर लिया है। पार्टी नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा अय्यर की कुछ पुरानी टिप्पणियों का राजनीतिक लाभ उठाने के लिए अब उसे पुनर्जीवित कर रही है। कांग्रेस पार्टी इन टिप्पणियों से खुद को अलग मानती है। खेड़ा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वे इन टिप्पणियो से पूरी तरह असहमत हैं। कांग्रेस ऐसी टिप्पणियो का समर्थन नहीं करती है। गौरतलब है कि मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान की इज्जत वाले बयान को लेकर भाजपा हमलावर है।

**परेशानी** *चालक दलों के लौटने के बावजूद एयर इंडिया एक्सप्रेस के हालात ठीक नहीं*

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की 75 उड़ानें फिर रद्द

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल की कमी के कारण शुक्रवार को करीब 75 उड़ानें रद्द कर दीं और हालांकि अधिकारियों को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि उड़ानें रद्द होने और यात्रियों को मुआवजा देने से करीब 30 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है।**

मंगलवार रात से चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के अचानक छुट्टी पर चले जाने से एयर इंडिया एक्सप्रेस को 170 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी थी। गुरुवार को प्रबंधन की ओर से अचानक छुट्टी पर गए केबिन क्रू के 25 सदस्यों को बर्खास्तगी का पत्र जारी कर दिया गया था, जिसे बाद में समझौता होने के बाद वापस ले लिया गया। नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को करीब 75 उड़ानें रद्द की गईं और यह गुरुवार को रद्द हुईं 100 उड़ानों से कम हैं। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को रद्द होने वाली उड़ानों की संख्या करीब 45 से 50 रह सकती है। एयरलाइन ने गुरुवार की दोपहर को कहा था कि उसने 85 उड़ानें या कुल दैनिक क्षमता की लगभग 23 प्रतिशत उड़ानें रद्द की है।

रोजाना करीब 380 उड़ानों का परिचालन करने वाली टाटा समूह की एयरलाइन को केबिन क्रू के सदस्यों के अचानक छुट्टी पर चले जाने से परिचालन में कटौती करनी पड़ी मंगलवार रात से विमानन कंपनी 260 से अधिक उड़ानें रद्द कर चुकी है। औसतन एयरलाइन रोजाना 120 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और 260 घरेलू सेवाओं का परिचालन करती है, बीते कुछ दिनों से इन उड़ानों की संख्या कम हुई हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हड़ताल पर गए चालक दल के सदस्य वापस लौट रहे हैं और एयरलाइन उन्हें चिकित्सा जांच तथा फिटनेस प्रमाणपत्र हासिल करने में मदद कर रही है, जो उनके ड्यूटी पर लौटने से पहले जरूरी होता है। अधिकारी ने कहा कि ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शाम के समय होती हैं।




- रविवार तक हालात हो सकते हैं सामान्य
- तीस करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान होने जताया अनुमान

# देश

**उवाच**

इस लोकसभा चुनाव में शब्दों की जितनी मर्यादा खराब हुई है, मैं चाहता हूं कि चुनाव आयोग अपने दांत दिखाए। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे, जो शब्दों की मर्यादा और लोकतंत्र की परंपरा को समाप्त कर रहे हैं: **केसी त्यागी, वरिष्ठ नेता व पार्टी महासचिव जनता दल यूनाइटेड**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39.0 | 27.7 |
| मुंबई | 36.6 | 26.8 |
| कोलकाता | 32.6 | 22.0 |
| चेन्नई | 37.2 | 27.6 |

## जनता का संघर्ष बढ़ रहा है, महंगाई बेरोजगारी चरम पर है: प्रियंका

### प्रियंका गांधी ने अमेठी में किया कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में प्रचार

■ इकरार खान

**अमेठी,** 10 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि सवाल का जवाब देना, नेता का धर्म होता है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। आज नेता इतना अहंकारी हो गया है कि सवाल उठाने वाले को दबाने की कोशिश करता है। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि चुनाव के समय दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया गया, कांग्रेस के बैंक खाते बंद कर दिए गए। 150 सांसद संसद से बाहर कर दिए गए। सबको डराया-धमकाया जा रहा है। जो सबसे ज्यादा डराता-धमकाता है, वो सबसे बड़ा कायर होता है। प्रधानमंत्री देश के सबसे बड़े कायर हैं। यह बातें कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को अमेठी में कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में चुनाव प्रचार करते हुए कहीं। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज देश में जिस तरह की राजनीति चल रही है, उससे सिर्फ जनता का नुकसान हो रहा है। एक तरफ टीवी पर देखते हैं कि देश बहुत आगे बढ़ रहा है। लेकिन दूसरी तरफ जनता का संघर्ष बढ़ रहा है।




सवाल का जवाब देना, नेता का धर्म होता है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। आज नेता इतना अहंकारी हो गया है कि सवाल उठाने वाले को दबाने की कोशिश करता है। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि चुनाव के समय दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया गया, कांग्रेस के बैंक खाते बंद कर दिए गए: **प्रियंका गांधी वाड्रा**

महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। प्रधानमंत्री ने देश के सारे संसाधन अपने खरबपति मित्रों को दे दिए। उन्होंने दस साल में क्या काम किया, वे ये नहीं बताते। जनता के सामने आकर सिर्फ ध्यान भटकाने का काम करते हैं। गांधी परिवार और अमेठी के बीच रिश्ते को परिवारिक बताते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा कि आज भैया (राहुल गांधी) आपके सांसद नहीं हैं, लेकिन कोरोना के दौरान उन्होंने मुझसे पूछा कि हमने अमेठी के लोगों के लिए क्या प्रबंध किए हैं। हमने पता किया कि लॉकडाउन में अमेठी के लोग कहां फंसे हैं, उन्हें क्या दिक्कत है। फिर दिन-रात मेहनत करके हमने लोगों को उनके घर पहुंचाया, क्योंकि ये लोग हमारे परिवार के हैं। हमारा आपसे रिश्ता टूटा नहीं, क्योंकि हमारा रिश्ता राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवारिक है। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश की राजनीति में सेवा की जो परंपरा थी, उसे मेरे परिवार ने निभाया है। लेकिन आज राजनीति सेवा की नहीं, सत्ता की है। जब भाजपा अमेठी में आई तो सेवा के लिए नहीं, बल्कि राहुल गांधी को हराने आई। अब दस साल से भाजपा की सरकार है, लेकिन लोग कहते हैं कि उनकी तरक्की नहीं हो पाई है। टीवी में सब अच्छा दिखता है, बस जमीन की सच्चाई नहीं दिखती।

प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा कि आज मोदी जनता के सामने आकर फिजूल की बातें कर रहे हैं।वो कहते हैं कि कांग्रेस धर्म की विरोधी है, कांग्रेस आपकी भैंस और गहनें चुरा लेगी। प्रधानमंत्री खुद दस साल से सत्ता में हैं और वे जनता को अपने काम का हिसाब नहीं दे पा रहे हैं। वो जनता को बताएं कि उन्होंने देश के लिए क्या किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि किशोरी लाल शर्मा ने 40 वर्ष अमेठी की जनता की सेवा की है। हमारे कंधे से कंधा मिलाकर जनता की लड़ाई लड़ी है। जनता के लिए न्याय की लड़ाई लड़ी है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस चुनाव में जनता कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा को जिताएगी, ताकि वही सेवा और समर्पण की राजनीति अमेठी में वापस लाई जा सके। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस घोषणा पत्र के वादे भी गिनाए।

## चिराग पासवान को कुछ भी बोलने से पहले अपने पापा के भाषण को सुनना चाहिए : तेजस्वी

**पटना,** 10 मई (देशबन्धु)। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर चिराग पासवान को नसीहत दी है। तेजस्वी ने कहा है कि चिराग पासवान को कुछ भी बोलने से पहले अपने पापा के भाषण को सुनना चाहिए कि उनके क्या विचार थे और वह कितने बड़े जननेता थे। रामविलास जी गरीबों के नेता थे और हमारे आदरणीय थे। उन्होंने हमेशा सच को सच ही कहा है। तो चिराग को उनके पुराने भाषण को सुनकर कुछ सीखना चाहिए। तेजस्वी ने कहा कि मोदी के रहते आरक्षण मजबूत हुआ है, यह बातें चिराग पासवान कहते हैं, जो खुद एक संपन्न दलित हैं।

उनको इसके बारे में कुछ सोचना चाहिए। मोदी जी ने चिराग पासवान के साथ जो भी किया, वह उन्हें भी याद रखना चाहिए। मोदी सरकार ने चिराग पासवान के पिता जी की मूर्ति को फेंकवाया और उनके घर को खाली करवाया। उनकी पार्टी का जो सिंबल



रामविलास कितने बड़े जननेता थे, गरीबों के नेता थे व हमारे आदरणीय थे। उन्होंने हमेशा सच को सच ही कहा है। तो चिराग को उनके पुराने भाषण को सुनकर कुछ सीखना चाहिए: **तेजस्वी यादव**

बंगला था, उसको छीनने का काम किया है। इतना ही नहीं, घर में चाचा-भतीजे में लड़ाई भी लगवाई। इसके बाद भी चिराग पासवान मोदी जी के हनुमान बने हुए हैं, तो उनके बारे में क्या कहा जा सकता है? इसके आगे तेजस्वी ने कहा कि कोई भी स्वाभिमानी व्यक्ति होता तो मोदी जी के साथ नहीं रहता। लेकिन पता नहीं चिराग पासवान को क्या हो गया है ? हालांकि चिराग पासवान जी स्वतंत्र हैं। वह किसी के साथ भी रह सकते हैं। लेकिन मेरा तो यही मानना है कि अभी आरक्षण के बारे में चिराग पासवान को पूरी जानकारी नहीं है। न ही आरक्षण के इतिहास की ही उनको कोई जानकारी है। चिराग पासवान को चाहिए कि वह आरक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त करें। उन्हें जानकारी तभी प्राप्त हो सकती है जब वह अपने पिता रामविलास जी, जो हम सभी के नेता थे, उनके भाषणों को सुनेंगे। उनको अपने पिता के भाषण को सुनना और समझना चाहिए। मोदी जी हैं तो लोकतंत्र और संविधान पर खतरा है। इसलिए आंख बंद करके नहीं रहना चाहिए, आंख खोल कर रहना चाहिए।

### तेजस्वी के बयान पर चिराग का पलटवार, 'जितनी चिंता हमारी करते हैं, उतनी प्रदेश की करते तो जंगलराज नहीं होता'

राजद नेता तेजस्वी यादव के 'आरक्षण की समझ नहीं' वाले बयान पर लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने पलटवार करते हुए कहा कि वे जितनी चिंता हमारी करते हैं, उतनी प्रदेश की करते तो इनका काल जंगलराज के रूप में नहीं जाना जाता। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शुक्रवार को चिराग पासवान ने कहा कि वे जितनी चिंता हमारी और हमारे प्रधानमंत्री की करते हैं, उसका 10 प्रतिशत चिंता भी अपने प्रत्याशियों के लिए और अपने प्रदेश के लिए की होती तो इनके काल को जंगलराज के नाम से नहीं जाना जाता।



### सार संक्षेप

#### कारोबारी के घर से मिले भारी मात्रा में नकदी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक कारोबारी के यहां भारी मात्रा में नकदी मिली है। यह कारोबारी कटे फटे नोट बदलने का कारोबार करता है। मिली जानकारी के अनुसार, चुनाव के मद्देनजर पुलिस का सख्त पहरा है। इसी दौरान उसे अशोका गार्डन में एक व्यापारी कैलाश खत्री के यहां नकदी होने की सूचना मिली। इसी आधार पर पुलिस ने गुरुवार की देर रात उसके घर पर दबिश तो बड़ी तादाद में नए और पुराने नोटों की गड्डी बरामद हुई। पुलिस को साथ में कटे फटे नोट भी मिले हैं। पुलिस को कारोबारी के घर से पांच से लेकर पांच सौ रुपए तक के नोट मिले हैं। फिलहाल पुलिस की ओर से यह खुलासा नहीं किया गया है कि व्यापारी के यहां से कुल कितनी नकदी बरामद की गई है।

#### मौलवी मीरवाइज उमर फारूक फिर से नजरबंद

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं प्रमुख मौलवी मीरवाइज उमर फारूक को फिर से नजरबंद कर दिया गया है और वह लगातार दूसरी बार शुक्रवार की नमाज अदा नहीं कर पाये। मस्जिद के प्रबंधक अंजुमन औकाफ ने कहा कि यह दूसरा शुक्रवार है जब मौलवी फारूक को सामूहिक नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी गयी है। उन्होंने कहा, 'पिछले शुक्रवार से उनकी आवाजाही पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गयी थी। पत्रकारों को भी उनसे मिलने की अनुमति नहीं थी' श्री अंजुमन ने कहा कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष को उस वक्त नजरबंद किया गया है जब हाल ही में पांच जिलों में संसदीय चुनाव होने वाले हैं। श्रीनगर लोकसभा सीट पर सोमवार को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने परेशानी जाहिर करते हुये कहा कि मौलवी को बार-बार हिरासत में लेना और शुक्रवार को जामिया मस्जिद में नमाज पढ़ने से रोके जाने पर यहां के लोग भी दुखी हैं लेकिन मौजूदा समय में इसे धैर्य के साथ सहन करना है।

#### इंडी गठबंधन की सरकार आई तो कराया जाएगा राम मंदिर का शुद्धिकरण : पटोले

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने राम मंदिर को लेकर एक विवादित बयान दिया है। नाना पटोले ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो राम मंदिर का शुद्धिकरण किया जाएगा, चारों शंकराचार्यों को बुलाकर राम मंदिर में विधिवत पूजा कराई जाएगी। मंदिर परिसर में भगवान राम का दरबार भी बनेगा। दरअसल, नाना पटोले ने कहा कि उनकी सरकार आएगी तो राम मंदिर का शुद्धिकरण किया जाएगा। राम मंदिर को लेकर देश के सनातन धर्म के हमारे मुखिया चारों शंकराचार्य ने बार-बार कहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो मंदिर का शुद्धिकरण निश्चित तौर पर कराया जाएगा।

## पाकिस्तानी संगठन से जुड़ा युवक गिरफ्तार

**पटना / मुजफ्फरपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में पाकिस्तानी संगठन से जुड़े एक संदिग्ध को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। सूरत की स्पेशल ब्रांच की टीम ने चक अब्दुल्ला गांव से मोहम्मद अली को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद अली की गिरफ्तारी उसके मामा के घर से हुई है। बताया गया है कि इसी मोहम्मद अली ने भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा व उमेश्वर राणा को हत्या की धमकी दी थी। मोहम्मद अली लगातार पाकिस्तानी संगठनों के संपर्क में रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद अली पर कई हिंदू नेताओं को जान से मारने की धमकी देने और साजिश रचने का आरोप है। इसका नेटवर्क गुजरात के सूरत में रहने वाले एक मौलाना और पाकिस्तान के कट्टरपंथियों के साथ रहा है। पुलिस ने सबसे पहले इसके मोबाइल को जब्त कर उसकी जांच की। जिससे पता चला कि वह सूरत व पाकिस्तान के सदस्यो सें लगातार अलग-अलग वाट्सएप चैटिंग और अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से कनेक्टेड था। इसके बाद सूरत पुलिस ने मोहम्मद अली को गिरफ्तार कर मुजफ्फरपुर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट का आदेश मिलने के बाद पुलिस मोहम्मद अली को सूरत लेकर जायेगी। उपदेश राणा की हत्या की साजिश में मौलाना सोहैल अबु बक्र तिमोल की गिरफ्तारी के बाद यह मामला खुला है। सोहैल का संबंध पाकिस्तानी आतंकी संगठन से होने के बाद गुजरात पुलिस ने इसकी और कड़ियों को जोड़ा है। उसने ही शहनाज उर्फ अली को पाकिस्तानी संगठन के साथ जोड़ा था।

## सिद्दारमैया ने कहा, एसआईटी जांच में डिप्टी सीएम या मेरी कोई भूमिका नहीं

**बेंगलुरु,** 10 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने स्पष्ट किया है कि जद(एस) सांसद और हासन से लोकसभा उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित सेक्स स्कैंडल की जांच में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार या उनका कोई हाथ नहीं है। पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया था कि पीड़ितों को वेश्यावृत्ति के मामलों में फंसाने की धमकी देकर एसआईटी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने राज्यपाल से भी मुलाकात की थी और सीबीआई से



जांच की मांग की थी। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने गुरुवार को कहा था कि मामले में शिकायतकर्ताओं में से एक महिला ने दावा किया, 'उसे कुछ लोगों ने उत्पीड़न की धमकी देकर झूठी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया था।' सीएम सिद्दारमैया ने शुक्रवार को मैसूरु में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। एसआईटी को विधिपूर्वक जांच करने दीजिए और अपनी रिपोर्ट सौंपने दीजिए।' उन्होंने कहा, 'मैंने कई मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी थी। भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कोई भी केस सीबीआई को नहीं सौंपा था। भाजपा ने सीबीआई को 'भ्रष्टाचार ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन' कहा था। जबकि पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा ने इसे 'चोर बचावो इन्वेस्टिगेशन' कहा था।

### प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म का एक और मामला दर्ज

बेंगलुरु। जद-एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स वीडियो घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का एक और मामला दर्ज किया। सूत्रों ने बताया कि छुड़ाई गई महिला, जिसका कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना के पिता एच.डी. रेवन्ना ने अपहरण कर लिया था, सीआरपीसी की धारा 164 के तहत न्यायाधीश के समक्ष अदालत में बयान दर्ज कराया है। एसआईटी ने चन्नरायपट्टणा शहर के पास फार्महाउस की स्पॉट जांच भी की है। पीड़िता ने कबूल किया था कि फार्महाउस में काम करने के दौरान प्रज्वल रेवन्ना ने उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया था।

## सोरेन को नहीं मिली राहत, सुप्रीम कोर्ट अगले सप्ताह करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को भी कोई राहत नहीं दी और कहा कि उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर वह अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने इस मामले में तीन मई के उच्च न्यायालय के आदेश का संज्ञान लेते कहा कि श्री सोरेन की अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत में दायर याचिका (सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रहने की अवधि को देरी का आधार बनाकर दायर की गई थी) का अब कोई अर्थ नहीं रहा। पीठ ने अनुच्छेद 32 के तहत दायर



उस याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती देने वाली श्री सोरेन की गुहार पर वह अगले सप्ताह विचार करेगी। झारखंड उच्च न्यायालय ने श्री सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका तीन मई को खारिज कर दी थी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 32 के तहत दायर श्री सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था।

## कार्यप्रणाली पर संदेह जताने पर चुनाव आयोग ने की खड़गे की आलोचना

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। मतदान के आंकड़ों में विसंगतियों के संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ट्वीट को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने 'अवांछनीय' करार देते हुए

उनके बयान गलत आधार आशंकाओं या चिंता के दायरे को पार करते हैं और अप्रमाणिक प्रतीत होते हैं: **चुनाव आयोग**

उनकी आलोचना की है। आयोग ने शुक्रवार को खड़गे को लिखे एक पत्र में कहा कि ट्वीट में किए दावे चुनाव के सुचारु संचालन और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के प्रति भ्रम पैदा करने के लिए किए गए प्रतीत होते हैं। इससे पहले, खड़गे ने ईसीआई द्वारा जारी मतदान प्रतिशत डेटा में विसंगतियों और पंजीकृत मतदाताओं की सूची




प्रकाशित न करने के संबंध में 6 मई को एक्स पर एक पत्र पोस्ट किया था।

#### खड़गे ने ईसीआई की विश्वसनीयता का मुद्दा उठाया : चुनाव आयोग

चुनाव आयोग ने खड़गे को लिखे पत्र में कहा, 'आपने एक्स पर जो सामग्री पोस्ट की है, उससे यह स्पष्ट है कि भारत के चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में, आपने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को पक्षपातपूर्ण बताने का प्रयास किया है।' आयोग ने दावा किया कि खड़गे ने ईसीआई की विश्वसनीयता का मुद्दा उठाया है और इसे अब तक के सबसे निचले स्तर पर बताया है। आयोग ने पत्र में लिखा, आपने एक अजीब बयान दिया कि ईसीआई ने शायद इतिहास में पहली बार मतदान के अंतिम आंकड़ों को जारी करने में इतनी देरी की। आपने आयोग द्वारा जारी मतदान आंकड़ों की विश्वसनीयता पर संदेह जताया।' आयोग ने आगे लिखा, यह आश्चर्य की बात है, कि आपने भी यह संकेत दिया है कि ईवीएम के साथ कोई समस्या है। एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल द्वारा चुनावों की विश्वसनीयता पर संदेह जताना गैर जिम्मेदाराना आचरण है।' आयोग ने कहा, 'आपके द्वारा उठाए गए किसी भी संदेह की प्रामाणिकता नहीं है।' ईसीआई ने खड़गे से कहा है कि उनके बयान गलत आधार आशंकाओं या चिंता के दायरे को पार करते हैं और अप्रमाणिक प्रतीत होते हैं।

### कांग्रेस अमेठी, रायबरेली दोनों सीटों पर जीतेगी : केसी वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम।** एआईसीसी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल का कहना है कि कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में अमेठी और रायबरेली दोनों सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने शुक्रवार को कहा, 'मैं दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में गया हूं और प्रतिक्रिया बेहद सकारात्मक है। कांग्रेस पार्टी दोनों सीटों से जीतेगी।' वेणुगोपाल ने कहा, 'अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे केएल शर्मा एक ऐसे व्यक्ति हैं जो इन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों को अपनी हथेली के पिछले हिस्से की तरह जानते हैं, क्योंकि पिछले 35 वर्षों से वह वहां काम कर रहे हैं।'

## उद्धव को 'नकली संतान' कहने पर बीजेपी व एसएस (यूबीटी) के बीच तकरार, महायुति सहयोगी भी नाराज

**पुणे (महाराष्ट्र),** 10 मई (एजेंसियां)। चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को कथित तौर पर दिवंगत बाला साहेब ठाकरे का 'नकली संतान' कहे जाने पर शिवसेना (यूबीटी) व भाजपा के बीच विवाद हो गया है। महायुति की सहयोगी प्रहार जनशक्ति पार्टी (पीजेपी) ने भी पीएम मोदी के बयान पर नाराजगी जताई है। गुरुवार को महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान, पीएम मोदी ने कथित तौर पर उद्धव ठाकरे की ओर इशारा करते हुए उन्हें बालासाहेब ठाकरे का 'नकली संतान (नकली बच्चा)' कहा और शिवसेना (यूबीटी) को 'नकली पार्टी' कहते हुए अपने पहले के बयानों को दोहराया। पीएम के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए, पीजेपी अध्यक्ष ओमप्रकाश बाबाराव कडू उर्फ बच्चू कडू ने शुक्रवार को कहा, 'ऐसा नहीं होना चाहिए था, चुनाव प्रचार सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। यह ग्राम पंचायत स्तर के चुनाव अभियान की तरह हो गया है। यदि प्रधानमंत्री ने वास्तव में ऐसा कहा है, तो यह सही नहीं है।' पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा शिवसेना (यूबीटी) को दिवंगत बालासाहेब




ठाकरे द्वारा स्थापित मूल शिवसेना की नकल बताने वाले बयानों का जिक्र करते हुए कडू ने कहा, केवल वोट हासिल करने के लिए प्रचार के दौरान परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों को इसमें घसीटना उचित नहीं है। हालांकि, महायुति के एक अन्य सहयोगी और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि पीएम कभी भी बालासाहेब ठाकरे का अनादर करने वाला बयान नहीं दे सकते।

पीएम मोदी के बयान पर नाराजगी जताते हुए एसएस (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने कहा कि अगर कोई बालासाहेब ठाकरे के बच्चों को 'नकली' कह रहा है, तो वह सीधे तौर पर महाराष्ट्र के लोगों का अपमान कर रहा, लोग उन्हें सबक सिखाएंगे।'

**संकट** | *पुंछ और राजौरी में फैले आतंकवाद से दहशत*

## 41 महीनों में 41 सैनिकों और 15 नागरिकों की जानें गईं

**जम्मू, 10 मई (देशबन्धु)। आतंकवाद अब राजौरी व पुंछ के जुड़वा जिलों में कहर बरपा रहा है। धारा 370 हटाए जाने के उपरांत कश्मीर में सुरक्षाबलों का दबाव बढ़ा तो आतंकियों ने राजौरी व पुंछ को अपना नया ठिकाना इसलिए बना लिया क्योंकि अधिकारी भ्रम पाले हुए थे कि एलओसी से सटे यह दोनों जिले आतंकवाद मुक्त हो चुके हैं तथा शांति लौट चुकी है।**

पिछले हफ्ते आतंकी हमले में पहली बार एक वायुसैनिक की मौत हो गई थी तो 21 दिसम्बर 2023 को आतंकियों ने पांच और जवानों की हत्या कर दी थी। इसके साथ ही पिछले 41 महीनों में एलओसी से सटे राजौरी व पुंछ के जुड़वा जिलों में मरने वाले सैनिकों का आंकड़ा 41 को पार कर चुका है। इसी अवधि में 15 नागरिकों की जानें भी आतंकी ले चुके हैं। सेना के लिए गले की फांस बने दोनों जिलों में चिंता इस बात की है कि उसकी तमाम कोशिशों के बावजूद स्थानीय नागरिक आतंकवाद की ओर मुड़ने लगे हैं। पिछले साल 22 नवम्बर को और फिर 21 दिसम्बर को एक माह के अंतराल में आतंकियों ने 10 फौजियों को मौत के घाट उतार कर सभी को चौंकाया था। जबकि वर्ष 2023 के मई को आतंकियों ने राजौरी के दरहाल में जो हमला किया था उसके बाद 22 नवम्बर और 21 दिसम्बर शहादतें फिर से राजौरी के आतंकवाद के इतिहास में एक खूनी अध्याय जोड़ चुकी हैं। पिछले साल के ही मई महीने की 6 तारीख को करीब 10 महीनों



की शांति के उपरांत आतंकियों ने राजौरी के दरहाल में सैनिकों पर हमला बोला तो पांच जवान शहीद हो गए। हालांकि सेना अभी तक इन हमलों में शामिल आतंकियों को न ही पकड़ पाई है और न मार गिराया जा सका है। कहा तो यह भी जा रहा है कि यह एक ही गुट का काम था। जिसने फिर से इस साल के पहले महीने की पहली तारीख को ढांगरी में 9 हिन्दुओं को मौत के घाट उतार दिया था। दोनों जिलों में आतंकियों द्वारा सेना को लगातार निशाना बनाए जाने से सेना की परेशानी सैनिकों के मनोबल को बनाए रखने की हो गई है। अक्तूबर 2021 के दो हमलों की ही तरह, जिसमें 9 सैनिक मारे गए थे। इस अरसे में 15 सैनिकों को मारने वाले आतंकी स्नाइपर राइफलों और अति आधुनिक हथियारों से लैस होने के साथ ही क्षेत्र से भली भांति परिचित होने वाले बताए जाते रहे हैं। एक अधिकारी के बकौल, स्थानीय समर्थन के कारण ही वे पुंछ के भाटा धुरियां इलाके से राजौरी के कंडी क्षेत्र तक के 50 से 60 किमी के सफर को पूरा कर रहे थे।

वर्ष 2023 में अप्रैल तथा मई महीने में 17 दिनों में आतंकियों के हाथों 10 जवानों की मौतें राजौरी व पुंछ के एलओसी से सटे इन जुड़वा जिलों में कोई पहली आतंकी घटना नहीं थी बल्कि पांच अगस्त 2019 को धारा 370 हटाए जाने के बाद आतंकियों ने कश्मीर से इन जुड़वा जिलों की ओर रूख करते हुए पहले सुरनकोट के चमरेर इलाके में 11 अक्तूबर 2020 को पांच सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था।

उल्टा पुल्टा

मरीज : डॉक्टर साहब ऑपरेशन पूरी सावधानी से करिएगा ?
डाक्टर : ऐसा क्यूं कहा ?
मरीज : क्यूंकि सर्जन और विसर्जन में बस जरा सा ही अंतर है ?
ऑपरेशन सही हुआ तो आप सर्जन और अगर हाथ हिल गया तो मेरा विसर्जन...

### 'आप' के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर सीएम केजरीवाल का किया स्वागत

# देश के 140 करोड़ लोगों को मिलकर इस तानाशाही से लड़ना पड़ेगा : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के लिए शनिवार का दिन खुशियां लेकर आया। सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। सीएम को लेने के लिए खुद पंजाब के सीएम भगवंत मान, तमाम मंत्री और हजारों कार्यकर्ता तिहाड़ जेल पहुंचे। पूरे जोश से भरे कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर सीएम केजरीवाल का भव्य स्वागत किया। तिहाड़ से बाहर आते ही सीएम केजरीवाल ने कहा कि देश को तानाशाही से बचाना है। इस तानाशाही से बचाने के लिए देश के 140 करोड़ लोगों को मिलकर लड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सुबह 11 बजे कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर जाकर हनुमान जी का दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता करेंगे। तिहाड़ जेल से बाहर निकलने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप लोगों के बीच में आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने कहा था न कि जल्दी आउंगा। मैं आ गया। मैं



देश के करोड़ों लोगों की दुआएं मेरे साथ हैं, सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया करना चाहता हूं, जिसकी वजह से आज आप सब के बीच में हूं : **अरविंद केजरीवाल**

सबसे पहले भगवान हनुमान जी के चरणों में वंदना करना चाहता हूं। हनुमान जी के आशीर्वाद से आज मै आप सब लोगों के बीच में हूं। मैं दिल्ली समेत देश भर के करोड़ों लोगों का धन्यवाद करना चाहता हूं। मुझे देश के करोड़ों लोगों की दुआएं मेरे साथ हैं। देश भर के लोगों ने मुझे आशीर्वाद भेजा है। सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया करना चाहता हूं, जिसकी वजह से आज मैं आप सब के बीच में हूं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने देश भर के लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि हम सब को मिलकर देश को तानाशाही से बचाना है। तानाशाही के खिलाफ हमें मिलकर संघर्ष करना है। शनिवार को सुबह 11 बजे हम कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में मिलेंगे। सुबह हम हनुमान मंदिर जाकर भगवान हनुमान जी दर्शन करेंगे और उनका आशीर्वाद लेंगे। सुबह 11 हनुमान मंदिर में ज्यादा से ज्यादा लोग आना। हम सब मिलकर हनुमान जी का दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस होगीं।

**सीएम केजरीवाल को लेने पंजाब के सीएम भगवंत मान पहुंचे तिहाड़**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने की खबर मिलते ही आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पंजाब के सीएम भगवंत मान भी दिल्ली पहुंचे। इसके बाद सीएम भगवंत मान समेत दिल्ली सरकार के मंत्री और पार्टी के नेताओं के साथ भारी तादात में कार्यकर्ता सीएम अरविंद केजरीवाल को लेने के लिए तिहाड़ जेल पहुंचे। तिहाड़ से बाहर निकलते ही सीएम अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान समेत अन्य नेताओं से गले मिले और सबका हौसला बढ़ाया।

**जेल के ताले टूट गए, केजरीवाल छूट गए के लगे नारे**

सीएम अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल से बाहर निकलते ही कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने 'जेल के ताले टूट गए, केजरीवाल छूट गए, अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद समेत तमाम नारे लगाए। इस दौरान कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई भी देते दिखे।

**कार्यकर्ताओं ने मनाई दिवाली**

अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर आना आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए दीपावली पर्व से कम नहीं था।

# भाजपा सरकार में महंगाई रिकॉर्ड तोड़ : सौरभ भारद्वाज

### प्रति व्यक्ति आय में केवल 1.6 गुना वृद्धि हुई जबकि खर्चा 2.6 गुना बढ़ गया है : 'आप'

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विश्व स्तर पर भुखमरी सूचकांक का एक आंकड़ा सांझा करते हुए कहा, कि 2014 से पहले जब भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़ती थी, तो उनका सबसे बड़ा नारा हुआ करता था 'बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार'।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से देश में भाजपा की सरकार है और 10 सालों बाद आज जब हम महंगाई दर को देखते हैं तो खाद्य वस्तुओं के संबंध में यदि महंगाई की दर को देखा जाए तो भुखमरी के सूचकांक में 125 देश की सूची में भारत 2014 से पहले 99वे स्थान पर आता था, आज वह 12 अंक गिरकर 111 नंबर पर आ गए है। अर्थात महंगाई के मामले में स्थिति और बद से बदतर हो गई है।



2011-12 में ग्रामीण क्षेत्रो में लोगों का मासिक खर्च 1430 रूपए हुआ करता था जो 2022-23 में बढ़कर 3773 रुपए हो गया है : **सौरभ भारद्वाज**

उन्होंने कहा कि किसी भी देश में महंगाई का आकलन करने का आधार होता है, कि लोगों की आय कितनी बढ़ी और उसकी तुलना में खर्च किस दर से बढ़े। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 2011-12 में लोगों का मासिक खर्च 1430 रूपए हुआ करता था जो 2022-23 में बढ़कर 3773 रुपए हो गया है। अर्थात 2011-12 के तुलना में लगभग 2.64 गुना खर्च बढ़ गया है। इसी प्रकार से शहरी क्षेत्र में 2011-12 में मासिक खर्च 2630 रुपए हुआ करता था जो 2022-23 में बढ़कर 6459 रुपए हो गया है अर्थात यह भी 2.45 गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि खर्चो की तुलना में यदि प्रति व्यक्ति की आय में वृद्धि को देखा जाए तो देश में जो प्रति व्यक्ति मासिक आय 2011-12 में 5050 रुपए हुआ करती थी, वह 2022-23 में बढ़कर 8187 रुपए हुई है अर्थात पिछले 10 सालों में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी केवल 1.6 गुना ही हुई है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आंकड़ों के आधार पर साफ तौर पर देखा जा सकता है कि देश में प्रति व्यक्ति आय में मात्र 1.5 गुना वृद्धि हुई है जबकि खर्च लगभग 2.5 गुना बढ़े हैं ढ्ढ उन्होंने कहा कि जब आय की तुलना में खर्च अधिक प्रतिशत में बढ़ेंगे तो जाहिर सी बात है कि देश में भुखमरी बढ़ेगी।

## सार संक्षेप

### गैरसरकारी संगठनों ने सरकार से की मांग



**नई दिल्ली।** बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के अदालत के फौरी आदेश के बाद पूरे देश में इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि उनके राज्य में भी इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं। दिल्ली के सभी जिले में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन बाल विकास धारा ने राज्य सरकार से अपील की कि वह भी इस नजीर का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित करे कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने कहा कि सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए गए। खंडपीठ का यह आदेश अक्षय तृतीया से महज 10 दिन पहले आया है।

### 8 साल की बच्ची का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली में 28 वर्षीय एक व्यक्ति ने आठ वर्षीय लड़की का अपहरण कर उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान महरौली इलाके के अंधेरिया मोड़ निवासी अर्जुन उर्फ उमर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, 6 मई को दोपहर करीब 3 बजे कोटला मुबारकपुर थाने में आठ साल की बच्ची के अपहरण की पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) में कॉल मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वजीर नगर निवासी लापता लड़की के पिता उदय चंद एम. ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बेटी को ले गया है। जांच के दौरान, पुलिस टीम मामले को सुलझाने में लग गई। पुलिस ने शुरुआत में सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के माध्यम से घटना स्थल से कुछ महत्वपूर्ण सुराग एकत्र किए। एक फुटेज में एक संदिग्ध को संदिग्ध परिस्थितियों में इलाके में घूमते देखा गया।

### लुटेरों ने चाकू गोदकर की एक व्यक्ति की हत्या, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में डकैती के प्रयास के दौरान तीन युवकों ने एक व्यक्ति की चाकू गोदकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान सूरज (19), रोहित (18) और मेजर (18) के रूप में हुई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मृतक का चुराया हुआ मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को हर्ष विहार थाने में चाकूबाजी के संबंध में एक पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) कॉल प्राप्त हुई। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि जगतपाल को उसका पड़ोसी पहले ही जीटीबी अस्पताल ले गया था।

# इंडिया गठबंधन के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता : देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने नेतृत्व में शुक्रवार को कॉआर्डिनेशन कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया, चुनाव प्रबंधन एवं कॉआर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन सुभाष चोपड़ा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, पूर्व सांसद रमेश कुमार, पूर्व मंत्री डॉ. योगानन्द शास्त्री, रमाकांत गोस्वामी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए देवेन्द्र यादव ने कहा कि तीन लोकसभा सीट जिन पर कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

कांग्रेस इनके साथ-साथ बाकी चार लोकसभा सीटों पर जिन पर इंडिया गठबंधन के सहयोगी चुनाव लड़ रहे हैं, वहां कांग्रेस कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आप के कार्यकर्ताओं के



■ दिल्लीभर में घर-घर जाकर भरवाएंगे 5 न्याय की 25 गारंटी के कार्ड

साथ समन्वय स्थापित करके पदयात्रा, कार्नर मीटिंग व जनसंपर्क कार्यक्रम क्रांति स्तर पर करने हैं क्योंकि अब दिल्ली के लोकसभा चुनाव की तारीख में ज्यादा दिन नहीं रह गए है। यादव ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आप के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सभी लोकसभा सीटों में घर-घर जाकर कांग्रेस के 5 न्याय में नीहित 25 गारंटियों के गारंटी कार्ड भरवाएं और जनता को विश्वास दिलाएं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 25 गारंटियों में मिलने वाली सुविधाओं को तुरंत दिलवाएंगे।

### केजरीवाल को जमानत मिलने से लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ेगा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख देवेंद्र यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दिए जाने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि इससे लोकतंत्र में लोगों को विश्वास बढ़ेगा। यादव ने कहा, हम कहते आए हैं कि भाजपा और इसके नेताओं ने लोकतांत्रिक प्रतिष्ठानों पर कब्जा कर लिया है। इसकी वजह से मौजूदा मुख्यमंत्रियों तक को जेल जाना पड़ा है। मैं उन्हें अंतरिम जमानत प्रदान करने के उच्चतम न्यायालय की सराहना करता हूं। इससे लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ेगा। उच्चतम न्यायालय ने केजरीवाल को शुक्रवार के एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। यादव ने कहा कि हमारे बीच गठबंधन है और गठबंधन में दोनों दल एक दूसरे की मदद और काम करते हैं।

# बेल पर बाहर आना केजरीवाल के दोषमुक्त होने का प्रमाण नहीं : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का भाजपा सम्मान करती है लेकिन अंतरिम जमानत मिलने का मतलब यह नहीं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अपराध मुक्त हैं।

कभी कभी अपराधियों को भी पैरोल पर छोड़ा जाता है और यह एक कानूनी प्रक्रिया है तो इससे यह प्रमाणित नहीं हो जाता कि अरविंद केजरीवाल जो करोड़ो रूपये के शराब घोटाले के मुख्य सरगना हैं, आज दोषमुक्त हो गए हैं।

सचदेवा ने कहा कि सत्य थोड़ी देर के लिए बाधित हुआ है पराजित नहीं। क्योंकि सच्चाई यही है कि दिल्ली में हुए शराब घोटाले, युवाओं को नशे में धकेलने वाले और अपनी जेब भरने के लिए नई शराब नीति लाने वाले सिर्फ और सिर्फ अरविंद केजरीवाल हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता जिस प्रकार से ढोल नगाड़ों के साथ



सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का भाजपा सम्मान करती है, कभी कभी अपराधियों को भी पैरोल पर छोड़ा जाता है यह एक कानूनी प्रक्रिया है : **सचदेवा**

यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल दोष मुक्त हो गए हैं तो वह एक बार फिर से दिल्ली की जनता को गुमराह कर रहे हैं और उन्हें धोखा देने का काम कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा ने कहा कि दिल्ली की जनता इस बात को समझ चुकी है कि दिल्ली में शराब घोटाला हो या फिर अन्य घोटाले, सब के सूत्रधार अरविंद केजरीवाल हैं।



■ नई दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलकर बाहर आते आईएनडीआईए गठबंधन के प्रतिनिधि।
फोटो : इम्तियाज खान

### कार शोरूम मालिक से 20 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली**, 10 मई (एजेंसियां)। पश्चिमी दिल्ली में एक सेकेंड-हैंड कार शोरूम मालिक से 20 लाख रुपये की मांग करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि रानी बाग निवासी करण ढींगरा (30) के रूप में पहचाने जाने वाले आरोपी को कार डीलरों को मिले जबरन वसूली कॉल के बारे में पता था। उसने स्थिति का फायदा उठाने का प्रयास किया। आरोपी की गिरफ्तारी 8 मई को एक शिकायत के बाद हुई। शोरूम मालिक को एक उबर/पोर्टर ड्राइवर के माध्यम से राजौरी गार्डन में उनके शोरूम में एक जबरन वसूली पत्र मिला, जिसमें 20 लाख रुपये की मांग की गई थी। पत्र में भुगतान न करने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।

### दो किशोरों की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली**, 10 मई (एजेंसियां)। दिल्ली के संगम विहार इलाके में मामूली बात पर लड़कों के एक समूह के साथ झगड़े के बाद दो किशोरों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है, जबकि तीसरे को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार को तिगरी थाने में वारदात की सूचना पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंची, जहां संगम विहार निवासी फिरोज को खून से लथपथ सड़क पर मृत पाया गया। चाकू लगने से घायल दो अन्य लोगों को क्रमशः एम्स और मजीदिया अस्पताल ले जाया गया। बाद में घायलों में से एक आसिफ की एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि संगम विहार के सी-ब्लॉक में जब 4-5 लोग खड़े थे तो अचानक 6-7 लड़के आए और उन्हें चाकू मारना शुरू कर दिया और मौके से भाग गए। अधिकारी ने कहा कि दो आरोपियों की पहचान फरीद उर्फ अमन और अभिषेक उर्फ बाबू के रूप में हुई है, जिन्हें पकड़ लिया गया है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**(ई-नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी आईआरईपीएस पोर्टल (http://ireps.gov.in) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:-

| ई-कैंटलॉग संख्या (E-Catalogue No) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking 08-2024 | दिनांक 24.05.2024 को 12:00 बजे | फरीदाबाद (कार) (FDB), फरीदाबाद (साईकल/स्कूटर) (FDB), साहिबाबाद (SBB), कुरूक्षेत्र 1st एंट्री (KKDE), कुरूक्षेत्र 2nd एंट्री (KKDE), करनाल (375 वर्गमीटर) (KUN) = कुल 6 साइटें। |
| Parking 09-2024 | दिनांक 27.05.2024 को 12:00 बजे | मादिपुर (PRS), पानीपत 2nd एंट्री (390 वर्गमीटर), बुढलाडा (BLZ), बरेटा (BRZ), कुरूक्षेत्र Site1, कुरूक्षेत्र Site2 = कुल 6 साइटें। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता | | https://ireps.gov.in/ |

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ**

आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता
4. आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण।
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोडयूल के लिए आईआरपीएस खाता नही है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084

संख्या 23AC/393/E-Auction/2022 Dated: 09.05.2024 1411/2024

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1105, 11th Floor, Tower-I, Area-95.41 Sqm Stellar Jeevan Sector-1, Greater Noida जो कि Mrs. Anandavalli Venkatachalam निवासी Room o No. 101, Gayatri Apartment Plot No. 51, Sector-27, Nerul East VTC: Navi Mumbai, Maharashtra-4004006 के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-04.05.2019 को पंजीकृत है। Mrs. Anandavalli Venkatachalam की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. V Venkatasubramanian S/o Sh. R V Venkatachalam ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. V Venkatasubramanian S/o Sh. R V Venkatachalam का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (बिल्डर्स)**
**ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण**



## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम दनकौर उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 343/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 09.05.2024 में मृतक श्री न्याज मौहम्मद पुत्र स्व0 श्री रिसाल व स्व0 श्रीमती रहीशन पत्नी स्व0 श्री न्याज मौहम्मद, निवासी ग्राम फतेहपुर अटटा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फतेहपुर अटटा | 764<br>763 | श्री नयाज मौहम्मद पुत्र स्व0 श्री रिसाल व स्व0 श्रीमती रहीशन पत्नी स्व0 श्री न्याज मौहम्मद, निवासी ग्राम फतेहपुर अटटा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री हनीफ<br>श्री हमीद<br>श्री आस मौहम्मद<br>श्रीमती शाहजहॉ<br>श्रीमती समरीन | पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्री<br>पुत्री | 48 वर्ष<br>46 वर्ष<br>38 वर्ष<br>49 वर्ष<br>32 वर्ष | <br><br><br>विवाहित<br>विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड एवं 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के क्रम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान के स्वतः निरस्त समझा जाये।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**



## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा सिटी-201310**
**जिला-गौतमबुद्ध नगर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-घरबरा की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-जी.एच.आर.012378. भूखण्ड संख्या-63, पाकेट-बी, क्षेत्रफल-260 वर्ग मीटर को आवंटित श्री रूदा पुत्र श्री हरकेश, निवासी-ग्राम-घरबरा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री रूदा पुत्र श्री हरकेश की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती श्री दीपक भाटिया पुत्र श्री मदन लाल भाटिया, निवासी-मकान नं0-232, द्वितीय तल, जाग्रिति इन्क्लेव, पडपडगंज, दिल्ली-110091 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि0 वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-547, पृष्ठ संख्या-25 से 42 पर क्रमांक 356 दिनांक 13.07.2020 को उपः निबन्धक, सदर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर श्री दीपक भाटिया पुत्र श्री मदन लाल भाटिया, निवासी-मकान नं0-232, द्वितीय तल, जाग्रिति इन्क्लेव, पडपडगंज, दिली-110091 का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (कृषक आबादी)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

गाजियाबाद का एयर क्वालिटी दिल्ली की एयर क्वालिटी से वर्तमान में बेहतर है। गाजियाबाद की हवा को शुद्ध करने का प्रयास गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है जिसमें उपकरणों के माध्यम से सड़कों को धूल मुक्त भी किया जा रहा है तथा पानी का छिड़काव भी वृहद स्तर पर कराया जा रहा है। जिस कारण से वायु की गुणवत्ता में सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है।

**विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त**

# शासनादेश पर नोएडा की दो वाणिज्यिक आवंटन निरस्त

**नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। शासन ने एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए नोएडा के दो बड़े वाणिज्यिक आवंटन रद्द कर दिए। अनिल कुमार सागर, प्रमुख सचिव उप्र शासन की ओर से आवंटन निरस्तीकरण का एक पत्र नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भेजा गया है। इसके तहत नोएडा में सेक्टर-94 में लैविश बिल्डमार्ट प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित भूखंड संख्या-01 और सेक्टर-72 में स्काई लाइन प्रापकॉन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित भूखंड एमपीसी-01 है। दोनों ही आवंटन को निरस्त कर दिया गया है। दरअसल शासन ने 28 फरवरी 2024 को नोएडा के एक शिकायत कर्ता ने साफ लिखा था कि दोनों वाणिज्यिक कंपनियों को ई टेंडर योजना के तहत भूखंड का आवंटन किया गया। आवंटन के दौरान प्राधिकरण के ई ब्रोशर में वर्णित नियमों व शर्तों का उल्लंघन किया गया। जिसकी शिकायत की गई। दोनों भूखंड के आवंटन की प्रक्रिया 1 सितम्बर 2022 को शुरू की गई थी। इस शिकायत पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने 4 अप्रैल 2024 को रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसी को आधार बनाते हुए शासन ने दोनों भूखंड निरस्त कर दिए।

- ब्रोशर शर्तों का नहीं किया गया पालन
- 1000 करोड़ में दोनों भूखंड का हुआ था आंवटन

शिकायत कर्ता ने बताया कि यदि कोई कंपनी किसी सहायक कंपनी के माध्यम से आवेदन करना चाहती है, तो सहायक कंपनी को ही बोलीदाता माना जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि इस मामले में आवेदक एक सहायक कंपनी है, इसे बिडिंग प्रक्रिया की न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। जिसके तहत सहायक कंपनी को सॉल्वेंसी और टर्नओवर बताना होगा। यदि ई-बोलीदाता/कंसोर्टियम सदस्य है उस स्थिति में होल्डिंग कंपनी और सहायक कंपनी दोनों की योग्यताएं केवल उस मामले पर विचार किया जाएगा जहां होल्डिंग कंपनी के पास सहायक कंपनियों के 100 प्रतिशत इक्विटी शेयर हो।

इसके अलावा प्राधिकरण में सीएजी ऑडिट के सीएजी ने आवंटन नीति में जरूरी बदलाव करने को कहा गया। बदलाव करने के लिए सीएजी ने 16 सितम्बर 2021 को प्राधिकरण के लिखा। इसके एक साल बाद यानी 1 सितम्बर 2022 को प्राधिकरण ने आवंटन योजना को प्रकाशित कराया। लेकिन प्राधिकरण द्वारा सीएजी के बताए गए बदलाव को ब्रोशर में संशोधित नहीं कराया गया। इस प्रकरण में सब्सिडियरी कंपनी ने अकेले आवेदन किया। इसलिए उसे सभी शर्तों का पालन करना चाहिए था। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

### महज पांच लाख ज्यादा बोली लगाकर आवंटन किया हासिल

उक्त प्रकरण में दोनों वाणिज्यिक भूखंड सिंगल बिड के आधार पर आवंटित किए गए। दोनों ही प्रकरण में रिजर्व प्राइज भूखंड संख्या-1 सेक्टर-94 में 827.25 करोड़ और भूखंड संख्या एमपीसी-01 सेक्टर-72 में 176.48 करोड़ था। दोनों ही भूखंड पर महज 5 लाख ज्यादा बोली लगाकार कोट किया गया। हालांकि प्राधिकरण के पास निविदा की तिथि को दो बार बढ़ाने के बाद सिंगल बिड पर विचार करने का प्राविधान है। लेकिन निविदा का लक्ष्य कंपटेटिव रेट प्राप्त करने का है। यहां ऐसा नहीं हुआ।

**दोनों कंपनियों की मदर कंपनी एक ही निकली**

दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि महज 5 लाख रुपए की बिड वाले सिंगल टेंडर पर विचार कर एच-1 की निविदा को स्वीकृत किया गया। एच-1 के रूप में चयनित दोनों सब्सिडियरी कंपनियों की होल्डिंग कंपनी एक ही है। वह एम3एम प्राइवेट लिमिटेड है। यानी एच-1 बिडर के रूप में चयनित दोनों कंपनियां एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की 100 प्रतिशत सब्सिडियरी कंपनियां है। जाहिर दोनों भूखंड एक ही कंपनी को नॉन कंपटेटिव दरों पर आवंटित कर दी गई।

# प्राधिकरण ने दो वर्क सर्किल से खाली कराई 3 हजार वर्गमी जमीन

**नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की ओर से लगातार अवैध निर्माण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को प्राधिकरण की वर्क सर्किल- 6 और 10 की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर प्राधिकरण की अर्जित कब्जा प्राप्त भूमि से अवैध निर्माण हटाया। इस दौरान दोनों सर्किल ने करीब 3000 वर्ग मीटर जमीन पर बने कच्चे मकान और प्लाटिंग की हटाया। इस जमीन की कीमत करीब 9 करोड़ रुपए आकी जा रही है।

सबसे पहले वर्क सर्किल-10 की टीम ने सेक्टर-159 में टाटा कंपनी के सामने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में करीब 2000 वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यहां बांस बल्ली और झुग्गी बनाकर कब्जा किया गया था। ये जमीन मास्टर प्लान के अनुसार नियोजित है।

इस जमीन की बाजार कीमत करीब 4 करोड़ रुपए है। इसके बाद वर्क सर्किल-6 ने हिंडन पुस्ता के डूब क्षेत्र में अवैध कालोनी तक आने जाने के लिए मिट्टी का भराव कर रास्ता बनाया जा रहा था। ये जमीन को साफ कराया गया। ये जमीन करीब 1000 वर्गमीटर है। इसकी बाजार कीमत करीब 5 करोड़ रुपए आकी गई। प्राधिकरण ने स्पष्ट कहा कि किसी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



■ 9 करोड़ रुपए आंकी गई कीमत, मास्टर प्लान के अनुसार थी नियोजित

## सार संक्षेप

### 4 साल के प्यार का अंत, युवक-युवती दोनों ने हिंडन नदी में लगाई छलांग

**नोएडा।** नोएडा में हिंडन नदी में प्रेमी युगल ने छलांग लगा दी। युवती को आसपास के लोगों ने बचा लिया। लेकिन युवक पानी में डूब गया। यह घटना मंगलवार देर रात करीब 10 बजे की है। बुधवार को हिंडन नदी के पुल से करीब 50 कदम आगे छिजारसी कालोनी के पास एक व्यक्ति का शव तैरते हुए दिखा। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थना सेक्टर-63 पुलिस ने शव को बाहर निकाला। मृतक की जेब से उसका मोबाइल मिला। उससे उसकी पहचान अंकित हुई। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से जब पूछताछ की तो लोगों ने बताया कि मंगलवार रात को एक युवक और युवती हाथ पकड़ कर हिंडन नदी में कूद गए। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की। जिसमें से युवती को बता बचा लिया गया। लेकिन युवक बहकर कहीं चला गया। लोगों ने बताया कि इसके बाद युवती भी कहीं चली गई। पुलिस ने मृतक का मोबाइल किसी तरह से ऑन करवाया। इसके बाद परिजनों से संपर्क किया गया। पुलिस को पता चला कि युवक और युवती दोनों ही जौनपुर के रहने वाले हैं। युवक की पहचान 30 साल अंकित और युवती की 21 साल रानी उर्फ रागिनी के रूप में हुई है। अंकित बहलोलपुर में रहकर यहां पर नौकरी करता था। वहीं रानी दिल्ली में रहती थी। अंकित के भाई ने बताया कि वह दोनों करीब 4 साल से एक दूसरे से प्यार करते थे और शादी करना चाहते थे। उन्होंने परिजनों को कई बार शादी के लिए बोला लेकिन परिजनों का कहना था कि छप्पर के घर में बहू को क्या लेकर आएगा। पहले घर बना लेते हैं उसके बाद शादी होगी। भाई ने बताया कि इसी बात को लेकर दोनों परेशान थे इसकी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया होगा।

### एमिटी ने सर्विसनाउ के साथ किया समझौता

**नोएडा।** डिजिटल क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए एमिटी विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को वर्कफ्लो कंपनी सर्विसनाउ के साथ साझा समझौता किया है। इसके तहत हर साल 200 स्टूडेंट्स को लाभ होगा और यह




राइस अप विथ सर्विसनाउ नामक वैश्विक कौशल पहल का हिस्सा होंगे। इसके तहत कंपनी स्टूडेंट्स को प्रशिक्षित भी करेंगे। इसके तहत स्टूडेंट्स को सर्विस नाउ एप्लिकेशन डेवलपर लर्निंग, एडमिनिस्ट्रेशन फंडामेंटल्स, स्क्रिप्टिंग एप्लिकेशन, डेवलपर फंडामेंटल्स और मोबाइल ऐप डेवलपमेंट के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर एमिटी विश्वविद्यालय के चांसलर डा अतुल चौहान ने कहा कि एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी इस समझौते को लेकर बेहत उत्साहित है। सर्विसनाउ द्वारा डिज़ाइन किए गए नवीन शैक्षणिक कार्यक्रम से हम भविष्य की प्रतिभाओं को और ज्यादा तराश सकेंगे। सर्विसनाउ इंडिया टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस सेंटर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुमित माथुर ने कहा कि हमारा उद्देश्य ऐसी प्रतिभा विकसित करना जो भविष्य के लिए कार्यबल के साथ डिजिटल तकनीक में दक्ष हो। इसलिए सर्विसनाउ कार्यक्रम को उन्नत क्षमताओं वाले युवा इंजीनियरों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# अक्षय तृतीया के साथ मनाई गई परशुराम जयंती

**खोड़ा,** 10 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में प्रकाश नगर स्थित महासंघ कार्यालय में अक्षय तृतीया के पुनीत अवसर पर भगवान परशुराम का धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासंघ के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि धर्म एवं न्याय के मार्ग का अनुसरण करने वाले भगवान विष्णु के छठे अवतार ज्ञान शक्ति और शील के प्रतीक है। धर्म संस्थापना के लिए भगवान श्रीहरि ने भृगुपति परशुराम के रूप में अतुल्य कर्मो का



संपादन किया। उन्होंने ने एक हाथ में शस्त्र और दूसरे में शास्त्र धारण किया। ईश्वर चंद झा ने कहा कि उनके कृतित्व का उल्लेख महाभारत में भी है। उन्होंने पृथ्वी से अहंकारी और आतताईयो का 21 बार विनाश करके महर्षि कश्यप को पृथ्वी का दान किया। समाजसेवी दयानंद मिश्र ने कहा कि वैसाख के शुक्ल पक्ष में अक्षय तृतीया को राजा प्रसेनजीत की पुत्री रेणुका के गर्भ से साक्षात विष्णु ही परशुराम रूप में प्रकट हुए थे।महर्षि जमदग्नि के इस पुत्र का नाम राम था जो परशु (फरसा) धारण कर लेने से परशुराम कहलाए। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने से इस तिथि की इतनी महिमा बढ़ गई कि इसे सभी शुभ कर्मो के लिए अबूझ तिथि घोषित किया गया।

# अक्षय तृतीया पर शहर में हुआ 450 करोड़ का कारोबार

**नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया पर करीब 450 करोड़ रुपए के व्यापार होने का अनुमान लगाया गया। ये व्यापार सर्राफा कारोबार में हुआ है। शादी का सीजन नहीं होने से कारोबारियों को थोड़ी परेशाानी जरुर हुई। सर्राफा कारोबारी ने बताया कि आचार संहिता और तेज गर्मी के चलते लोग घरो से कम बाहर निकले। सबसे ज्यादा व्यापार कैश में होता है। लोगों ने कैश कैरी नहीं किया। इसलिए दोपहर तक बाजारों की दुकानों पर एक-दो ही ग्राहक आए। हालांकि शाम को बाजार में रौनक देखी गई। लोगों ने जुलरी खरीदी जिससे बाजार में चढ़ाव आया। इसके बाद व्यापारियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। वहीं अक्षय तृतिया पर इस बार दो पहिया और चार पहिया को मिलाकर कुल 437 वाहनों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें 18.32 लाख की 305 बाइक और करीब 151.80 लाख के 132 चार पहिया शामिल है। इसके अलावा गारमेंट सेक्टर में करीब 20 से 25 करोड़ के आसपास का कारोबार हुआ है। सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष एस के जैन ने बताया कि कारोबार हुआ लेकिन उम्मीद से ज्यादा नहीं हो सका। इस बार करीब 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखने को मिली। वहीं अक्षय तृतीया में लोगों ने अपनी दुकानों को सजाया। छूट का बाजार गर्म था। कारोबारियों ने 40 से 60 प्रतिशत तक भारी भरकम डिस्काउंट भी दिया। जिसका लोगों ने लाभ लिया। दुकानों की बजाए मॉल में ज्यादा भीड़ रही। ऐसे में फुटकर दुकानों की इस बार ज्यादा सेल नहीं हो सकी। देखा जाए तो अक्षय तृतीया पर शहर में मिला जुला कारोबार हुआ।



### मनकामेश्वर मंदिर में धूमधाम से मनाया गया अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। नोएडा सेक्टर-22 स्थित श्री मनकामेश्वर मंदिर में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण रक्षा दल द्वारा भजन कीर्तन व भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम का पूजन मंत्रोच्चार द्वारा पूरे विधि विधान से पंडित ज्योति प्रसाद, ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष पंडित रवि शर्मा, महासचिव पंडित मदन शर्मा, सचिव पद्मेश पाठक, अन्नु पाठक ने सम्पूर्ण पूजन किया। तत्पश्चात महिला शक्ति ने भजनों द्वारा भगवान परशुराम जी को याद किया गया। भगवान परशुराम जी को भोग लगाकर सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए के संरक्षक और ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष पंडित रवि शर्मा ने भंडारा शुरू कराया। पूजन में ब्राह्मण समिति के अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, लोकेश, प्रेम सागर प्रेम, पवन शर्मा, प्रतुल पांडे, रवि विश्वकर्मा, संजीव शर्मा राजपाल शर्मा, महिला शक्ति से ममता शर्मा, अन्नु गोस्वामी, ऊषा किशोर, मंजू भरतवाल, पारुल, कृतिका, रश्मि, पूजा, डोली, कविता, प्रीति, रोली, सुनीता नियाल, अंबिका, पुष्पा, हेमा, श्रेया, भगवती, जयंती, विनीता, इत्यादि सम्मिलित हुए। रवि शर्मा ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर मनकामेश्वर मंदिर में भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ की गई थी। शुक्रवार को हम सभी ने तीसरी बार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जो कि पहले से भी भव्य और यादगार रहा।



# टाटा स्टील के सेल्स हेड की हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया, दरोगा घायल

**गाजियाबाद,** 10 मई (देशबन्धु)। पुलिस ने शुक्रवार की तड़के पांच बजे टाटा स्टील के मालिक की लूट के बाद हत्या करने वाले बदमाश को अर्थला इलाके में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया, जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। इस दौरान बदमाश की गोली लगने से एक दरोगा मंगल सिंह भी घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वाले बदमाश की पहचान दिल्ली के सीलमपुर निवासी अक्की उर्फ दक्ष के रूप में हुई है। बाद में शालीमार गार्डन पुलिस ने इसी मामले में वांछित दो अन्य आरोपी लव व कुश को भी गिरफ्तार कर लिया। संयुक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी ने बताया कि तीन मई को टाटा स्टील के सेल्स हैड विनय त्यागी की लूट के बाद बदमाशों ने उस समय चाकुओं से गोदकर नृशंस हत्या कर दी थी जब वह अपने गुरुग्राम स्थित कार्यालय से लौट रहे थे। विनय त्यागी का शव साहिबाबाद क्षेत्र के राजेंद्र नगर इलाके में नाले में मिला था। तभी से पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी। उन्होंने बताया कि आज तड़के पांच बजे थाना साहिबाबाद के अर्थला क्षेत्र में साहिबाबाद पुलिस की सूचना के आधार पर अर्थला क्षेत्र में जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली से एक दरोगा घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने जवाबी करवाई की। जिसमें एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में ले जाएगा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बदमाश की पहचान अक्की उर्फ दक्ष के रूप में हुई जो सीलमपुर का रहने वाला है। जबकि इसका एक साथी फरार हो गया। आरोपी 4 मई 2024 को थाना शालीमार गार्डन इलाके में विनय त्यागी की हत्या में वांछित था। इसके कब्जे से एक लूटा हुआ मोबाइल फोन व एक अवैध असलहा बरामद किया गया है।



डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिश दशरथ पाटिल ने बताया कि थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम ने भौपुरा बार्डर के पास जांच के दौरान विनय त्यागी हत्याकांड में वांछित दो बदमाशों युग घई व लव कुश को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से विनय त्यागी के छिनैती व हत्या में प्रयुक्त मोटर साईकिल व उससे लूटे गए लैपटाप लैनोवो व लैदर का पिट्ठू बैग बरामद हुआ।

## वायु गुणवत्ता सुधार के लिए नगर निगम गंभीर

# स्मोक गन मशीन व वॉटर स्प्रिंकलर का लगातार संचालन

**गाजियाबाद,** 10 मई (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश के बाद उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा जलकल विभाग वृहद स्तर पर वायु गुणवत्ता सुधार के लिए अभियान के रूप में कार्य कर रहे हैं। जिसमें वायु गुणवत्ता सुधार के लिए उपकरणों के माध्यम से कार्रवाई तेजी से चल रही है। वॉटर स्प्रिंकलर मशीन तथा अंतिम स्मोक गन मशीन के माध्यम से पूरे शहर में पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। जिस कारण से वायु की गुणवत्ता सुधार हो रहा है इसी क्रम में अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद का एयर क्वालिटी दिल्ली की एयर क्वालिटी से वर्तमान में बेहतर है। गाजियाबाद की हवा को शुद्ध करने का प्रयास गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है जिसमें उपकरणों के माध्यम से सड़कों को धूल मुक्त भी किया जा रहा है तथा पानी का छिड़काव भी वृहद स्तर पर कराया जा रहा है। जिस कारण से वायु की गुणवत्ता में सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। इसी स्थिति को बनाए रखने के लिए तथा और अधिक बेहतर करने के लिए उपकरणों के क्रम को भी बढ़ाया गया है जोनवार अधिकारी कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। जलकल विभाग से महाप्रबंधक जल के नेतृत्व में सभी शहर में लगे हुए मूर्तियों को भी पानी से साफ किया जा रहा है, पेड़ पौधों की सिंचाई भी दिन में 2 से 3 बार कराई जा रही है। सड़क पर पानी का छिड़काव भी लगातार किया जा रहा है। लगभग तीन से चार बार एक सड़क पर पानी का छिड़काव कराया जा रहा है, वायु गुणवत्ता सुधार के लिए लगातार जहां गाजियाबाद नगर निगम प्रयास कर रहा है वहीं शहरवासियों को भी सहयोग करने के लिए जागरुक कर रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने जहां सड़कों तथा मुख्य मार्गो को धूल मुक्त कराया जा रहा है वही पानी के छिड़काव को भी योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। जिसमें शहर के मुख्य चौराहा मुख्य मार्गों पर कार्रवाई तेजी से चल रही है उद्यान विभाग द्वारा भी पार्कों में तथा ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज पर पौधों की सिंचाई का कार्य भी रफ्तार से कराया जा रहा है। इस प्रकार अधिकारियों की देखरेख में वायु गुणवत्ता सुधार का कार्य निगम द्वारा निरंतर चल रहा है, एयर क्वालिटी इंडेक्स वैल्यू दिल्ली की 178 है जबकि गाजियाबाद की एयर क्वालिटी इंडेक्स वैल्यू 132 पर दिख रही है।




दिल्ली से बेहतर है गाजियाबाद की हवा : नगर आयुक्त

# निगम का फिर शुरू हुआ जोरों से पॉलिथीन मुक्त अभियान, जोनल प्रभारियों ने संभाली कमान

**गाजियाबाद,** 10 मई (देशबन्धु)। नगर निगम शहर के बीचो-बीच मार्केट एरिया में पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया गया। व्यापारी वर्ग को भी प्रतिबंधित प्लास्टिक इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक भी किया गया। घंटाघर स्थित मार्केट एरिया में अभियान चलाया गया जहां से लगभग 63000 की जुर्माने की वसूली भी की गई। जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता के नेतृत्व में टीम के साथ अभियान चलाया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग तथा प्रवर्तन दल की टीम की उपस्थिति रही। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्रवाई कर रहे हैं। मार्केट एरिया में विशेष रूप से अभियान चल रहे हैं रोस्टर के क्रम में कार्रवाई चल रही है। मंगलवार को मोहन नगर जोन में कार्रवाई चली जिसमें लगभग 32000 की वसूली हुई, बुधवार का दिन वसुंधरा जोन का है जिसमें पिछले सप्ताह कार्रवाई चली लगभग 62000 की वसूली हुई, गुरुवार कवि नगर जोन अंतर्गत कार्रवाई हुई जिसमें 16000 का जुर्माना वसूला गया शुक्रवार सिटी जोन अंतर्गत कार्रवाई के लिए दिन निश्चित है जिसमें 63000 वसूली हुई इसी क्रम में शनिवार का दिन विजयनगर जॉन के लिए निर्धारित किया गया है जिसमें लगभग 4000 की वसूली प्रतिबंधित प्लास्टिक अभियान के दौरान की गई। गाजियाबाद को प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए नगर निगम जुटा हुआ है जिसमें नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार न केवल अभियान चलाकर शहर को व व्यापारी वर्ग, अन्य लोगों से भी पॉलिथीन का उपयोग न करने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने से होने वाले नुकसान के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है, नगर आयुक्त द्वारा भी शहरवासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए अपील की गई है स्कूलों में भी जन जागरूकता अभियान लगातार जारी है, नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा संबंधित टीम को योजना बनाते हुए शहर को पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त बनाने को लेकर कार्य करने के लिए कहा गया है।

■ 63000 की हुई वसूली




## जीडीए उपाध्यक्ष के सख्त रुख का असर

# मुख्य अभियंता ने किया राजनगर एक्सटेंशन का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 10 मई (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के सख्त रुख का असर अभियंत्रण विभाग पर भी दिख रहा है। जीडीए के प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को राजनगर एक्सटेंशन में चल रहे सिविल कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। वह सबसे पहले देविका स्काइपर्स ग्रुप हाउसिंग के निकट निर्मित की जा रही सड़क पर पहुंचे और निरीक्षण किया। यह लगभग 162.50 मीटर लम्बाई में है। इसी के साथ श्री सिंह ने ब्रेव हार्ट सोसाइटी के सामने 9.00 मीटर पी.सी.सी. द्वारा निर्मित रोड के साथ-साथ 200 मीटर लम्बाई ग्राम-सिकरोड़ के निकट 45.00 मीटर जोनल रोड के सरंखण का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में मासिक माइलस्टोन निर्धारित करते हुए प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थलीय सुपरवाईजर को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि कार्य में प्रगति हो तथा कार्य गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण हो। निरीक्षण के समय नगर नियोजक, अभियंत्रण जोन के प्रभारी एवं उनके अधीनस्थ स्टाफ उपस्थित रहा। इसके अतिरिक्त प्रभारी मुख्य अभियन्ता ने अभियन्त्रण जोन-8 में स्थित कोयल एनक्लेव योजना एवं इन्द्रप्रस्थ योजना में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ किया गया।



विकास कार्यों में तेजी लाई जाए : मानवेन्द्र सिंह

उवाच "

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के युग में साइबर सुरक्षा समय की मांग है। बैठक में सभी स्कूल के डीन, संकाय सदस्य और सीआईपीएल के अधिकारियों ने भाग लिया। यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी में प्रयोगशाला स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है।

डॉ. विश्वास त्रिपाठी, विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार



# कार्गो टर्मिनल व एविएशन हब को सीधे यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने का रास्ता साफ

- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण करेगा 45 मीटर चौड़ी और 11.7 किमी लंबी सड़क का निर्माण
- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सेक्टर 29,37, 9,5,7,8 सीधे एक्सप्रेस वे से जुड़ जाएंगे



**ग्रेटर नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल तक माल वाहक वाहनों से ढुलाई के लिए उत्तर पूर्वी दिशा में सड़क बनाने का रास्ता साफ हो गया है। सड़क निर्माण को लेकर खर्च का वहन करने की अड़चन दूर हो चुकी है। जल्द ही नोएडा एयरपोर्ट के चारों तरफ 75 मीटर चौड़ी पेरीफेरल सड़क के साथ 45 मीटर चौड़ी सड़क का भी निर्माण किया जाएगा। 45 मीटर चौड़ी सड़क नोएडा एयरपोर्ट के उत्तर पूर्वी दिशा को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ेगा। इस सड़क का निर्माण होने से यमुना एक्सप्रेस वे शहर के कई सेक्टर भी सीधे एक्सप्रेस वे से जुड़ जाएंगे। नोएडा एयरपोर्ट को सीधे यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए 75 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण पहले से किया जा रहा है। एयरपोर्ट के उत्तर पूर्वी दिशा को एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए एक और 45 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण प्रस्तावित था। प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क नोएडा एयरपोर्ट के दायरे में आ रही है। इसलिए तय नहीं हो पा रहा था कि सड़क के निर्माण पर होने वाले खर्च का वहन यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट या लोक निर्माण विभाग यह तय नहीं हो पा रहा था। गुरुवार उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करने पहुंचे थे। समीक्षा बैठक के दौरान सड़क निर्माण का मुद्दा उठा। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने सड़क निर्माण का खर्च वहन करने पर सहमति दे दी। 45 मीटर चौड़ी और 11.7 किमी लंबे सड़क निर्माण पर करीब 63 करोड़ रूपए खर्च होगा। जिसका टेंडर पहले ही प्राधिकरण निकाल चुका है। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण जल्द ही 45 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर देगा। यह सड़क यमुना एक्सप्रेस वे से जीरो प्वाइंट से 28.4 किमी पर जुड़ जाएगा।

बता दें कि नोएडा एयरपोर्ट फेस एक का निर्माण कार्य 1365 हेक्टेयर में किया जा रहा है। फेस-एक में कार्गो टर्मिनल का भी निर्माण किया जा रहा है। साथ ही एविएशन हब का भी निर्माण हो रहा है। कार्गो टर्मिनल व एविएशन हब नोएडा एयरपोर्ट के उत्तर पूर्वी में दिशा में किया जा रहा है। कार्गो टर्मिनल से माल वाहक वाहनों की ढुलाई के लिए आवागमन का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके साथ ही यमुना एक्सप्रेस वे के सेक्टर 29, 37, 5,7,8 भी सीधे 45 मीटर चौड़ी सड़क से जुड़ जाएंगे। 45 मीटर चौड़ी सड़क के बराबर 30 मीटर चौड़ी हरित पट्टी भी होगी। इसके अलावा एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए 75 मीटर चौड़ी सड़क भी निर्माण किया जा रहा है।

## उड़ान से पहले नोएडा एयरपोर्ट से कनेक्ट हो जाएगा यमुना एक्सप्रेस वे

- 7.5 किमी लंबी रोड का निर्माण इस माह हो जाएगा पूरा
- इंटरचेंज के निर्माण कार्यों में लाई गई तेजी

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए बनाई जा रही 7.5 किमी लंबी सड़क का निर्माण इस माह पूरा हो जाएगा। वहीं इंटरचेंज के निर्माण में तेजी ला दी गई है। हवाई जहाजों की उड़ान शुरू होने से इंटरचेंज का निर्माण पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि एयरपोर्ट पहुंचने में यात्रियों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। बिना इधर- उधर भटके सीधे एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। इसके साथ ही एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल को जोड़ने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। दरअसल नोएडा एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए यमुना एक्सप्रेस वे पर जीरो प्वाइंट से 32 किमी पर इंटरचेंज और 750 मीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी एनएचएआई के पास है। सड़क का निर्माण पूरा होने वाला है। आगामी सितम्बर माह में एयरपोर्ट से उड़ान प्रस्तावित है। इसको देखते हुए कनेक्टिविटी का काम तेज कर दिया गया है। निर्माण एजेंसी को उड़ान से पहले इंटरचेंज का काम पूरा किए जाने का लक्ष्य दिया गया है। बेहतर कनेक्टिविटी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं बेहतर कनेक्टिविटी के लिए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए हरियाणा के बल्लभगढ़ से नोएडा एयरपोर्ट की सड़क इंटरचेंज के जरिए यमुना एक्सप्रेस वे से कनेक्ट होगी।

# गंदगी मिलने पर दो ठेकेदार पर प्राधिकरण ने लगाया 25-25 हजार रुपए का जुर्माना

- ओएसडी संतोष कुमार ने गांव व सेक्टरों में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा
- ओएसडी नियमित रूप से गांवों व सेक्टरों में सफाई व्यवस्था को परखेंगे

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 36, 37, पाई-1 की सर्विस रोड, स्वर्णनगरी व ऐच्छर गांव में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सेक्टर पाई वन एवं सेक्टर 36 के बीच की रोड पर गंदगी और ऐच्छर गांव में सफाई व्यवस्था ठीक न मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम से नाराजगी जाहिर की। ओएसडी ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर दो संबंधित फर्मों मैसर्स एजी एनवायरो इंफ्रा प्रोजेक्ट और मैसर्स एंटोनी वेस्ट हैंडलिंग सेल पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा के गांवों व सेक्टरों को अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके दृष्टिगत ओएसडी संतोष कुमार अब नियमित रूप से स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गांवों व सेक्टरों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने जाएंगे। इसी कड़ी में ओएसडी संतोष कुमार स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शुक्रवार सुबह 7 बजे से ही सेक्टर 36-37 व ऐच्छर गांव की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकल पड़े। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। ओएसडी ने सेंट्रल वर्ज, सड़कों के किनारे फुटपाथ पर, सेक्टरों व गांवों में नियमित रूप से सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक सफाईकर्मी को उसके काम के प्रति निष्ठा को देखते हुए पुरस्कृत भी किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडावासियों से सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहयोग की अपील की है।





## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारी को लेकर प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने की समीक्षा बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार ने इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा के साथ मिलकर 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' का दूसरा संस्करण 25 से 29 सितम्बर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित करने जा रहा है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण को



- आगामी 25 से 29 सितम्बर 2024 तक इंडिया एक्सपोमार्ट ग्रेटर नोएडा में होगा आयोजन

और भी बड़ा और बेहतर बनाने को लेकर आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, खेल, युवा मामले, एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग, हथकरघा और कपड़ा विभाग ने तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर, डॉ. राकेश कुमार, अध्यक्ष, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, सुदीप सरकार, सीईओ, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट मौजूद रहे। इस दौरान दौरान आलोक कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश कई छोटे देशों के आकार से भी कम जाना जाता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में इसकी क्षमता को यूपीआईटीएस के माध्यम से वैश्विक मंच पर पेश किया जाए। यह प्रतिभागियों के लिए उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय सोर्सिंग हब के रूप में प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। इसके अलावा, हमें इसे खरीदारों के लिए अवश्य उपस्थित होने वाले कार्यक्रम के रूप में स्थापित करना चाहिए। उन्होंने शो के विस्तार के लिए कई नवीन विचारों पर भी चर्चा की जैसे कि भागीदार राज्यों को आमंत्रित करना। उन्होंने उत्पाद ओडीओपी, जीआई टैग और अन्य योजनाओं को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने आगामी शो के लिए चल रही तैयारियों को साझा करते हुए कहा कि यूपीआईटीएस में एमएसएमई, पर्यटन और आतिथ्य, स्वास्थ्य, कपड़ा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, स्टार्ट-अप, उत्तर प्रदेश से जीआई टैग, खिलौना संघ और उत्तर प्रदेश के शिल्प क्लस्टर, हथकरघा सहित विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक क्षेत्र शामिल होंगे। और कपड़ा, सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास, ओडीओपी और कई अन्य को शामिल किया जाएगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने यूपीआईटीएस के लिए एक व्यापक प्रचार अभियान का प्रस्ताव रखा, जिसका लक्ष्य पिछले संस्करण की उपस्थिति और सफलता को पार करना है। उन्होंने आगे कहा कि हम व्यापक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए अपने प्रचार प्रयासों को दिल्ली क्षेत्र तक विस्तारित करने की भी योजना बना रहे हैं। मार्ट के सीईओ सुदीप सरकार ने बताया कि यूपीआईटीएस 2024 को आक्रामक रूप से प्रचारित किया जाएगा।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र नवदीप रिणवा ने फूलमंडी स्ट्रांग व कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने मतगणना शांतिपूर्वक कराने को लेकर गौतम बुद्ध नगर जिले का भ्रमण व निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर ने गौतमबुद्धनगर संसदीय क्षेत्र में पहुंकर स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कंट्रोल रूम व मॉनीटरिंग रूम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। गौतमबुद्धनगर संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान हुए थे, जिसके उपरान्त सभी पोल्ड ईवीएम को फूल मंडी फेस-2 नोएडा स्थित स्ट्रांग रूम में रखा गया, जिसकी सुरक्षा तीन परतों में पुलिस बल व अर्ध सैनिक बलों के द्वारा की जा रही हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्ट्रांग रूम का चहुंमुखी निरीक्षण करते हुए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूप में सीसीटीवी स्क्रीन पर दिख रहे सभी कैमरों की क्रमवार जांच की। उन्होंने कंट्रोल रूम में विद्युत व्यवस्था का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि बिजली की आपूर्ति 24 घंटे सुनिश्चित की जाए, जिसके लिए जनरेटर एवं इनवर्टर से बिजली आपूर्ति ससमय सुनिश्चित की जाए। सीसीटीवी कंट्रोल रूम के निरीक्षण के बाद उन्होंने पार्टी एजेन्टों के मॉनिटरींग रूप का निरीक्षण किया एवं राजनीतिक पार्टियों के एजेन्टों से वार्ता की गई। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा उनसे सुरक्षा संबंधित एवं मूलभूत सुविधाओं से सम्बंधित अन्य वार्ता की। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया गया कि स्ट्रांग रूम सुरक्षा के लिए 64 कैमरे स्थापित है, जिसमें विधानसभा नोएडा-61 के लिए 17 कैमरा, दादरी-62 के लिए 17 कैमरा, जेवर-63 के लिए 15 कैमरा एवं गैलरी व आउटडोर के लिए 15 कैमरा स्थापित है। उन्होंने बताया कि 14 पांइट पर 52 पुलिसकर्मी तैनात है। प्रत्येक स्ट्रांग रूम कक्ष के बाहर फायर उपकरण स्थापित है एवं 02 फायर टेंडर उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, जाइंट सीपी बबलू कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, उप जिला अधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र, उप जिला अधिकारी सदर वेद प्रकाश पाण्डेय एवं संबन्धित प्रशासन व पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# मातृ दिवस पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, मां की ममता को दर्शाया

**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। मातृ दिवस के अवसर पर ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के चेयरमैन राकेश भाटी ने अपने संबोधन में मां के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में विद्यालय के बच्चों ने आजीविका की खोज में अपने घर, अपनी मां से बिछुड़े लोगों की व्यथा दर्शाती मर्मस्पर्शी गजल 'गांव मेरा मुझे याद आता रहा' प्रस्तुत की। बच्चे के बचपन से उसके बड़े होने तक मां का लगाव और बेटे का व्यवहार दर्शाती नृत्य नाटिका ने लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के साथ शिक्षिका रचना नेगी ने बड़ा ही मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कक्षा 12 की छात्रा सुहानी ने अपने भाषण में मातृ दिवस का वर्णन किया। विद्यालय की प्रबंध निदेशिका नूतन भाटी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मां की जीवन में जो भूमिका है उसकी तुलना किसी अन्य से नहीं की जा सकती। यह मां ही है जो अपने बच्चे के लिए सौ कष्ट सहने के लिए भी तैयार रहती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना शर्मा ने कार्यक्रम को तैयार करने वाली शिक्षिकाओं और कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि कम समय में जिस प्रकार से इतना सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किया वह प्रशंसनीय है। हमारे जीवन में मां का योगदान केवल मातृ दिवस पर ही याद नहीं रखना चाहिए बल्कि पूरे जीवन भर मां की खुशी के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान अध्यापक नरेंद्र कुमार, सीनियर विंग इंचार्ज नवनीत देशवार, जूनियर विंग इंचार्ज रचना नेगी, प्री प्राइमरी इंचार्ज अंशु बंसल, स्वाति सक्सेना, मोनिका शर्मा मोनिका चौधरी के साथ साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।




## महिला उत्थान संस्था मातृ दिवस पर गृहलक्ष्मी सम्मान के रूप में मनाएगा : शालिनी सिंह

**ग्रेटर नोएडा।** महिला उत्थान को समर्पित सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था 12 मई को मदर्स डे (मातृ दिवस) को पूरे देश भर में प्रदेश एवं जिला स्तर पर घरेलू महिलाओं को सम्मानित कर 'गृहलक्ष्मी सम्मान' कार्यक्रम के रूप में 'मदर्स डे' मनाएगा। यह जानकारी देते हुए संगठन की राष्ट्रीय प्रवक्ता शालिनी सिंह ने बताया कि संगठन हर वर्ष मदर्स डे पर घरेलू बुजुर्ग महिलाओं को गृहलक्ष्मी के रूप में सम्मानित करता है, क्योंकि एक घर को स्वर्ग जैसा बनाने में महिलाओं का अमूल्य योगदान रहता है मगर घरेलु होने के कारण उनके इस बहुमूल्य योगदान को कोई नोटिस नहीं करता। हमारा संगठन इन गृहलक्ष्मी महिलाओं के योगदान की तरफ लोगों का ध्यानाकर्षण कराने के लिए गृह लक्ष्मी सम्मान से इन महिलाओं को सम्मानित करता है ताकि हम इन गृहलक्ष्मी महिलाओं को यह एहसास दिला सके कि आप हमारे लिए बेहद खास है। अत: इस बार भी संगठन की विभिन्न प्रदेश एवं जिला ईकाईयों द्वारा गृहलक्ष्मी सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर घरेलू बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया जाएगा।




पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## जीबीयू ने साइबर फॉरेंसिक लैब के लिए साइबरटिक इंडिया के साथ किया समझौता

**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक के क्षेत्र में अकादमिक ज्ञान और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक डिजिटल फॉरेंसिक प्रयोगशाला और क्षमता निर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए साइबरटिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (सीआईपीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। साइबरटिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक मुंबई स्थित कंपनी है जो साइबर फॉरेंसिक, साइबर सुरक्षा, सॉफ्टवेयर विकास, अनुसंधान के क्षेत्र में काम करती है और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साइबर फॉरेंसिक मुद्दों को भी संभालती है। कुलपति प्रो. रविंदर कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रयोगशाला की स्थापना से न केवल विश्वविद्यालय के छात्रों को बल्कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों, निजी कॉर्पोरेट्स और निजी संस्थानों को भी ज्ञान मिलेगा। एमओयू साइबर सुरक्षा और साइबर फॉरेंसिक प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लक्ष्य के साथ सहयोग के कई संभावित क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार करेगा।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के युग में साइबर सुरक्षा समय की मांग है। बैठक में सभी स्कूल के डीन, संकाय सदस्य और सीआईपीएल के अधिकारियों ने भाग लिया। यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी में प्रयोगशाला स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। समझौते में साइबर फॉरेंसिक, साइबर सुरक्षा, सॉफ्टवेयर विकास,



- साइबर सुरक्षा प्रौद्योगिकी और योजना के क्षेत्र में छात्रों और शोधकर्ताओं को मिलेगा प्रशिक्षण

अनुसंधान और जीबीयू के छात्रों की क्षमता निर्माण के क्षेत्र में संयुक्त गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला में दोनों पक्षों के सहयोग की परिकल्पना की गई है। एमओयू का उद्देश्य साइबर सुरक्षा प्रौद्योगिकी और योजना के क्षेत्र में इच्छुक छात्रों और शोधकर्ताओं को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करना है। समय के साथ यह प्रयोगशाला स्नातक, स्नातकोत्तर और अनुसंधान कार्यक्रमों के छात्रों के लिए संशोधित प्रमाणन और डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करेगी। सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से, जीबीयू और सीआईपीएल, साइबर सुरक्षा उद्योग में नवीन प्रगति के बारे में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर प्रशिक्षण, कार्यशालाएं, सेमिनार, सम्मेलन, संगोष्ठियां और व्याख्यान सहित शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करवाएंगे।

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1156, 11th Floor, Tower Magnolia, Area-144.00 Sqm. "Gaur Saundaryam" Sector-Techzone-IV, Greater Noida जो कि Sh. Madan Mohan Sharma & Mr. Sachin Sharma निवासी Flat No. B-301, Plot No. C-58/20 PMO Housing Colony, Sector-62, Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-08.01.2018 को पंजीकृत है। Sh. Madan Mohan Sharma की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र एवं उक्त फ्लैट की सह आवंटी Mr. Sachin Sharma ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पिता के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Sachin Sharma S/o Late Sh. Madan Mohan Sharma का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 637, 6th Floor, Tower-Zinnia, Area-179.30 Sqm. "Gaur Saundaryam" Sector-Techzone-IV, Greater Noida जो कि Mrs. Sudarshan Sarin & Mr. Sundeep Sarin & Mrs. Renu Sarin & Mr. Madan Lal Sarin निवासी Tower-3, Flat No. LL-103, Commonwealth Games Village, New Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-02.02.2018 को पंजीकृत है। Mrs. Sudarshan Sarin की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. Sundeep Sarin ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपनी माता के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों Mr. Sundeep Sarin S/o Mr. Madan Lal Sarin का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के **एल०एफ०डी०** परियोजना के अन्तर्गत आवंटित **भवन सं०- KM-22-1706 in Kosmos Tower KM-22, at Jaypee Greens Wish Town, Sector-134, Noida. Area-126.02 Sqm.** जो कि **स्व० श्री जमील मुर्तज़ा** के नाम पर संयुक्त रूप से सबलीज्ड है। सबलेसी की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके 1/2 भाग को उनकी वसीयत के आधार पर उनके पुत्र **श्री हबीब मुर्तज़ा** के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।

अतः इस नामांतरण **(Death Mutation)** के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से **35 दिनों** के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्व० श्री जमील मुर्तज़ा की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके 1/2 भाग को उनकी वसीयत के आधार पर उनके पुत्र श्री हबीब मुर्तज़ा के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (सम्पत्ति)**

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलेक्स, ब्लाक-पी 2, सैक्टर-ओमेगा 1, ग्रेटर नोएडा, पिन कोड-201308
ज़िली- गौतमबुद्धनगर उ०प्र० दूरभाष नं0-0120-2395201, फैक्स नं0-0120-2395150

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट नं0-1 सैक्टर नॉलिज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की जी01 आवासीय योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या-121, ब्लॉक-बी, सैक्टर-गामा-01, आकार-200 वर्गमीटर आवंटन संख्या-जी0122357, श्री राजिंदर सिंह पुत्र श्री मदन सिंह एवं श्रीमती शाकुन्तला विष्ट पत्नी श्री राजिंदर सिंह के संयुक्त नाम हस्तांतरित है। जिसमें सह आवंटी श्रीमती शाकुन्तला विष्ट पत्नी श्री राजिंदर सिंह की मृत्यु दिनांक 11.07.2023 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड के 1/2 भाग को वारिसान के आधार पर उनके पति श्री राजिंदर सिंह पुत्र श्री मदन सिंह निवासी बी-121, सेक्टर-गामा-01, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों मे उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामांतरण श्रीमती शाकुन्तला विष्ट पत्नी श्री राजिंदर सिंह के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनके पति श्री राजिंदर सिंह पुत्र श्री मदन सिंह निवासी बी-121, सेक्टर-गामा-01, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, के नाम प्राधिकरण अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# अभिमत

*बाबूलाल दाहिया ने देसी बीजों की खेती को बढ़ावा दिया है। उनका संरक्षण व संवर्धन किया है, बीजों की अदला-बदली के साथ संस्कृति व विरासत से जुड़े परंपरागत ज्ञान को बचाया है। जलवायु बदलाव व प्रतिकूल मौसम के इस दौर में देसी बीजों की विविधतापूर्ण, कम लागत वाली खेती के प्रति विश्वास जगाया है। इससे मिट्टी-पानी का भी संरक्षण होता है। यह रसायनमुक्त और कुदरती और आत्मनिर्भर खेती है। उनके अनोखे संग्रहालय में श्रम संस्कृति की झलक मिलती है। खेती की अलग-अलग पद्धतियों के बारे में जान सकते हैं।*

## किसानी का अनोखा म्यूजियम

**नवाचार**

■ **बाबा मायाराम**

पिछले कुछ सालों से किसानों का संकट बढ़ रहा है, जिसकी खबरें आती रहती हैं। लेकिन दूसरी तरफ देसी बीजों की खेती की ओर भी रूझान बढ़ रहा है, इसकी चर्चा कम होती है। आज मैं ऐसे ही एक किसान की कहानी बताने जा रहा हूं, जिन्होंने न केवल देसी खेती बल्कि लोक साहित्य व ग्रामीण संस्कृति को बचाने की पहल की है।

इस पहल के अगुआ बाबूलाल दाहिया हैं। वे मध्यप्रदेश के सतना जिले में उचहेरा विकासखंड के पिथौराबाद गांव में रहते हैं। उनकी इस पहल के कारण यह साधारण सा गांव चर्चा में आ गया है। साल 2019 में देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया है।

लगभग 15 साल पहले मैं घूमते-घामते उनके गांव पहुंचा था और उनसे मुलाकात की थी। उस समय वे आंगन में धान की देसी किस्मों को अलग-अलग छांटने के काम जुटे थे। उनका खपरैल का घर था। गोबर से लिपा-पुता था। सुघड़ता से चीजें रखी थीं। दीवार पर रस्सी से टंगी धान की बालियों के गुच्छे लटक रहे थे। गीली बालियों की खुशबू आ रही थी। महिलाएं हाथ की चक्की में उड़द दाल बना रही थीं।

इसके बाद तो मैं उनसे कई बार मिला, कार्यक्रमों में साथ रहा, कुछ प्रांतों की लम्बी यात्राएं भी कीं। लम्बी कद काठी और चिर-परिचित मुस्कान, यही उनकी खास पहचान है। वे गांव में रहते हैं और उसकी संस्कृति में रचे-बसे हैं। उनकी गिनती बघेली के प्रमुख कवियों में होती है। उन्होंने मुझे खेती की कई कहावतें व मुहावरे भी सुनाए। इस पर उनकी किताब 'सयानन के थाती' भी है।

बाबूलाल दाहिया, सालों पहले लोकगीत, लोकोक्तियां, मुहावरें और लोक साहित्य का संकलन व सृजन करते थे। इन पर उनकी किताबें भी हैं। लेकिन जब उन्हें यह महसूस हुआ कि अधिकांश लोक साहित्य व मुहावरे लोक अनाजों पर हैं और देसी अनाज लुप्त हो रहे हैं. तो उन्हें बचाने की मुहिम में जुट गए।

इसी प्रकार, आज आधुनिक व रासायनिक खेती के दौर में परंपरागत खेती के कई औजार चलन से बाहर हो रहे हैं, जिनसे किसान खेती करते थे, अनाज उगाते थे और वे ग्रामीण संस्कृति के प्रतीक थे। इन कृषि औजारों की किसान त्यौहारों पर पूजा भी करते हैं। इसलिए वह इन कृषि औजारों का संग्रह भी करने लगे, जिससे लोग उनकी परंपरागत संस्कृति को पहचानें, और इसे बचाने की पहल करें।

उन्होंने उनके घर के ही अतिरिक्त कमरों में यह संग्रहालय (म्यूजियम) बनाया है। इसमें लकड़ी, लोहे, मिट्टी, बांस, पत्थर, चमड़ा और धातु की कई प्राचीन वस्तुएं रखी हुई हैं। खेत-खलिहान, ग्रामीण जीवन में रोजमर्रा में इस्तेमाल आने वाली सभी चीजें शामिल की गई हैं।

यहां लकड़ी के हल, बक्खर, बैलगाड़ी हैं, तो लोहे की खुरपी, चिमटा, करछुली भी हैं। पत्थर की सिल, चक्की, खल-बट्टा है तो मिट्टी की हांडी, चूल्हा, गुल्लक, मटकी भी शामिल है। इसी प्रकार, बांस की टोकनी, सूपा और पंखा इत्यादि है। इस संग्रहालय को देखने और ग्रामीण संस्कृति को समझने दूर-दूर से लोग आते हैं और इनमें ग्रामीण संस्कृति की एक झलक पाते हैं।

इसके पहले बाबूलाल दाहिया ने देसी बीज बैंक बनाया, उनकी खेती की, उनके गुणधर्मों का अध्ययन किया और इस प्राकृतिक खेती का प्रचार प्रसार किया। उनकी कुल 8 एकड़ जमीन है, जिसमें से 2 एकड़ में ही देसी धान का प्रयोग करते हैं। बाकी 6 एकड़ में भी देसी किस्में लगाते हैं, वह भी बिना किसी रासायनिक खाद के। साथ ही उचहेरा ब्लॉक के कुछ गांवों में भी किसानों के साथ मिलकर धान और मोटे अनाज (कोदो, कुटकी, ज्वार) की खेती करते हैं।

देसी बीज बैंक में देसी धान की 200 किस्में हैं। गेहूं की 20 किस्में, चना की 5 किस्में हैं। इसके अलावा, सांवा, ज्वार, कोदो, कुटकी की किस्में हैं। कई प्रकार की सब्जियों के बीज भी हैं।

वे बताते हैं कि पहले हमारे क्षेत्र में पचासों तरह की धानें हुआ करती थी। इनमें बहुत विविधता है। जैसे गलरी पक्षी की आंख की तरह होता है गलरी धान। इसी तरह किसी धान का दाना सफेद होता है तो किसी का लाल। किसी का काला तो किसी का बैंगनी, किसी का मटमैला। कुछ का दाना पतला तो किसी का मोटा और कोई गोल तो किसी का दाना लंबा। कुछ धान की किस्मों के पौधे हरे होते हैं तो किसी के बैंगनी। इनमें न केवल विविधता है, बल्कि अलग-अलग रूप रंग का अपना विशिष्ट स्वाद व अपूर्व सौंदर्य है।

वे बताते हैं कि देसी धान ऋतु के प्रभाव से पक जाती हैं। जैसे कोई एक ही किस्म की धान अलग-अलग समय में बोई जाए तो वे एक ही समय पक कर तैयार हो जाती हैं। यानी एक ही किस्म को अगर हम 1 जुलाई को बोएं और उसी किस्म को 1 अगस्त को बोएं तो वे एक साथ या कुछ दिनों के अंतर से ही पककर तैयार हो जाएंगी।

देसी धान को बार-बार निंदाई की जरूरत नहीं पड़ती। एक बार निंदाई हो जाए तो बहुत है। क्योंकि इसके पौधे को खरपतवार नहीं दबा पाती। क्योंकि इसका पौधा काफी ऊंचा होता है। कीट व्याधि को मकड़ी, मधुमक्खी, चींटी और मित्र कीट ही नियंत्रित कर लेते हैं। चिड़िया भी कीट नियंत्रण करने में सहायक हैं। केंचुएं निस्वार्थ भाव से निरंतर गुड़ाई कर जमीन को भुरभुरा बनाते हैं, खेत को बखरते हैं जिससे पौधे की बढ़वार में मदद मिलती है।

वे बताते हैं कि हमारे पूर्वज बादलों के रंग, हवा के रूख, अवर्षा, खंड वर्षा का पूर्वानुमान लगाने में माहिर थे। जैसे एक कहावत है कि 'पुरबा जो पुरबाई पाबै, सूखी नदियां नाव चलाबैं।' यानी पूर्वा नक्षत्र में पुरवैया हवा चलने लगे तो वर्षा ज्यादा होती है। और ज्यादा बारिश से सूखी नदियों में इतना पानी हो जाता है कि उनमें नाव चलनी लगती है।

वे बताते हैं जैसे हमारे देसी बीज खत्म हो रहे हैं, वैसे ही उससे जुड़े व परंपरागत खेती से जुड़े कई शब्द भी खत्म हो रहे हैं। पूरी कृषि संस्कृति और जीवन पद्धति खत्म हो रही है। अब हमारा काम गेहूं, चावल और दाल जैसे शब्द से चल जाता है। लेकिन पहले बहुत सारे अनाज होते थे। उनके नाम थे जैसे समा, कोदो, कुटकी, मूंग, उड़द, ज्वार, तिल्ली आदि। फिर उन्हें बोने से लेकर काटने तक कई काम करने पड़ते थे।

बोवनी, बखरनी, निंदाई-गुड़ाई, दाबन, उड़ावनी और बीज भंडारण आदि। खेती की हर प्रक्रिया के अलग-अलग नाम थे। यह जरूर है कि ये शब्द किसी शब्दकोष में नहीं मिलेंगे, लेकिन लोक मानस में थे। बुजुर्ग अब भी इन शब्दों को आत्मीय ढंग से याद करते हैं। इसी प्रकार, खेती के परंपरागत औजार भी अब चलन से बाहर हो गए हैं, इसलिए संग्रहालय में इन्हें सुरक्षित रखा गया है।

वे कहते हैं कि हम यहां ज्यादा पानी वाली फसलें नहीं लगा सकते, क्योंकि पानी की कमी है। विशेषकर, यह इलाका सूखा है। यहां की नदियों में पानी उत्तर भारत की तरह ही नहीं हैं, जहां साल भर पानी रहता है। वहां वर्षा हो या न हो, बर्फ पिघलने के कारण नदियों में पानी बना रहता है। यानी हमारे यहां की नदियां हिम पुत्री नहीं है, वन पुत्री हैं। पानी का स्रोत वन हैं। इन नदियों में पानी तभी होगा, जब वन होंगे पर वन जब होंगे तब हम पानी की किफायत बरतेंगे।

अगर हम तीन-तीन, चार-चार पानी वाली फसलें लगाएंगे तो धरती शुष्क होगी। पेड़-पौधे सूख जाएंगे। जब वन नहीं होंगे तो बारिश नहीं आएगी। क्योंकि जैसे कोई हवाई जहाज बिना हवाई अड्डा के नहीं उतरता वैसी ही बिना वन के बादल भी नहीं उतरते। यानी बारिश नहीं होगी। इसलिए धान की खेती को लंबे समय तक करना है तो वनों को बचाना जरूरी है और यह तभी हो सकता है जब धान की कम पानी वाली किस्में लगाएं।

कुल मिलाकर, बाबूलाल दाहिया ने देसी बीजों की खेती को बढ़ावा दिया है। उनका संरक्षण व संवर्धन किया है, बीजों की अदला-बदली के साथ संस्कृति व विरासत से जुड़े परंपरागत ज्ञान को बचाया है। जलवायु बदलाव व प्रतिकूल मौसम के इस दौर में देसी बीजों की विविधतापूर्ण, कम लागत वाली खेती के प्रति विश्वास जगाया है। इससे मिट्टी-पानी का भी संरक्षण होता है। यह रसायनमुक्त और कुदरती और आत्मनिर्भर खेती है।

उनके अनोखे संग्रहालय में श्रम संस्कृति की झलक मिलती है। खेती की अलग-अलग पद्धतियों के बारे में जान सकते हैं। हमारे किसानों ने परंपरागत खेती के औजार अपने लंबे अनुभव, कौशल व हुनर से बनाए थे। इससे खेती का इतिहास भी पता चलता है। इसलिए हमें इस श्रम संस्कृति का भी सम्मान करना चाहिए, और जिन्होंने इस संस्कृति को बनाया और आगे बढ़ाया, उन समुदायों के योगदान को भी याद रखा जाना चाहिए।

इसके साथ ही प्राकृतिक खेती पर जोर देना चाहिए। हरियाली के संरक्षण व पोषण के साथ ग्रामीण जीवन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। आजीविका के साथ पर्यावरणरक्षक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। और यह तभी संभव है जब हम देसी बीज, परंपरागत खेती और ग्रामीण कृषि संस्कृति की ओर आगे बढ़ेंगे? लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं?

**खेती की अलग-अलग पद्धतियों के बारे में जान सकते हैं। हमारे किसानों ने परंपरागत खेती के औजार अपने लंबे अनुभव, कौशल व हुनर से बनाए थे। इससे खेती का इतिहास भी पता चलता है। इसलिए हमें इस श्रम संस्कृति का भी सम्मान करना चाहिए, और जिन्होंने इस संस्कृति को बनाया और आगे बढ़ाया, उन समुदायों के योगदान को भी याद रखा जाना चाहिए।**

## बीता सप्ताह

**4 मई**

- भारत ने ईरान, इजरायल की यात्रा से प्रतिबंध हटाया।
- म्यामार में लू की चपेट में आने 50 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई।
- पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत हो गई।
- इंग्लैंड के वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के खेलने वाले स्पिनर जोश बेकर का निधन हो गया।

**5 मई**

- अश्लील विडियो के मामले में फंसे जेडीएस के पूर्व नेता प्रजवल रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना को हिरासत में लिया गया।
- भारत में लोकसभा का चुनाव देखने 23 देशों के पर्यवेक्षक भारत पहुंचे।
- संघर्ष विराम के लिए तुर्की ने इजरायल के साथ व्यापार रोका।
- हमास इजरायली बंधकों को रिहा करने पर सहमत हुआ।

**6 मई**

- इजरायल के पीएम नेतन्याहू ने गाजा से हटने की हमास की मांग नामंजूर कर दी।
- टेक्सास में बाढ़ग्रस्त इलाके से 6 सौ ज्यादा लोगों को बचाया गया।
- दक्षिण कोरिया के जेजू द्वीप पर खराब मौसम के कारण 40 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गई।
- नया कोविड वैरिएंट 'फ्लर्ट' इम्यून सिस्टम से बचने में सक्षम विशेषज्ञों ने बताया।

**7 मई**

- देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 93 सीटों पर वोट डाले गए।
- जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) क पहले अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति (लेनानिवृत्त) संजय कुमार मिश्र ने शपथ ली।
- रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के संघीय चुनाव जीतने के बाद उनका पांचवा कार्यकाल शुरु हुआ।
- केरल हाईकोर्ट ने एक प्रकरण में कहा कि बलात्कारी के बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

**8 मई**

- अंतागढ़ टेप कांड में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मंतुराम पवार की याचिका निराकृत कर दी।
- हरियाणा सरकार में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस ले लिया।
- जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों और उग्रवादी के बीच हुए मुठभेड़ में चार आतंकी मारे गए।
- फिल्म कलाकार शेखर सुमन ने बीजेपी पार्टी ज्वाइन कर ली।

**9 मई**

- भारत में स्ट्रातेनेका की कोविड वैक्सीन कोविशील्ड दुनियाभर से वायरस लेने की घोषणा की।
- अपनी नस्लवादी टिप्पणी के चलते विवादित हो जाने पर सैम पित्रोदा ने ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।
- तुर्की के इस्तानुल हवाई अड्डे पर एक पाल वाहक विमान बिना पहिए खुले उतरा।
- इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व पीएम इमरान खान की पत्नी बुशरा बाबी को आदियाला जेल भेजने का आदेश दिया।

**10 मई**

- केदारनाथ धाम के कपाट अक्षय तृतीया को 10 मई को प्रात: काल 7.15 बजे आईटीबीपी की बैंड की धुन के साथ खोल दिए गए।
- तमिलनाडु के शिवकाशी के पास निजी फटाका फैक्ट्री में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत हो गई।
- 10वीं व 12वीं बोर्ड के नतीजे जारी हुए जिसमें लड़कियों ने बाजी मारी।
- पाकिस्तान में आतंकी हमले में सात लोगों की मौत हो गई।

## संविधान से मजबूत है भारत की बुनियाद

2024 का लोकसभा चुनाव आज़ादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण चुनाव है। यह प्रजातंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। पिछले 10 साल में हिन्दुत्ववादी दक्षिणपंथी सत्ता ने भारत की अस्मिता और उसकी सांस्कृतिक विरासत को बुरी तरीके से जख्मी किया है। आरएसएस और उसके हजारों हिन्दुत्ववादी संगठनों ने अपने भाषणों और कृत्यों से भारत की आत्मा को कुचल डाला है। आजादी के समय देश की जो परिस्थितियां थी, आज वही स्थितियां बना दी गई हैं। स्वाधीनता आंदोलन में हिंदू महासभा के द्विराष्ट्रवाद के सिद्धांत और मुस्लिम लीग की सांप्रदायिक राजनीति ने ऐसे हालात पैदा कर दिए थे कि आजादी के साथ भारत को विभाजन झेलना पड़ा। विभाजन के दरमियान हुई सांप्रदायिक हिंसा और अमानवीयता ने भारत की स्वतंत्रता पर ही सवाल खड़े कर दिए थे। चर्चिल जैसे यूरोपीय नेता नवनिर्मित भारतीय राष्ट्र के टूटने की भविष्यवाणी कर रहे थे। लेकिन गांधी के मार्गदर्शन, नेहरू के दूरदर्शी चिंतन और डॉ आंबेडकर के सामाजिक न्याय ने देश की नींव को मजबूत बनाकर खड़ा किया। तमाम आशंकाओं को दरकिनार करते हुए वैचारिक दरारों के बावजूद अगर भारत आज भी मजबूती से खड़ा हुआ है तो उसकी बुनियाद भारत का संविधान है।

मोदी सरकार के 10 सालों में भारत के संविधान पर सबसे ज्यादा हमला किया गया। डॉ. अंबेडकर भारतीय राष्ट्र और संविधान की चुनौतियों से अवगत थे। बाबा साहब संविधान निर्माण से लेकर अपने जीवन के अंतिम समय तक लगातार लोकतंत्र और संविधान की चिंता करते रहे। उन्होंने संविधान सभा के अंतिम भाषण में उन चुनौतियों और आशंकाओं को सूत्रबद्ध किया। संविधान सभा में करीब 50 मिनट तक दिए गए इस भाषण की तमाम खूबियां हैं। दुर्योग से इस भाषण की चर्चा अगले 50 साल तक लगभग ना के बराबर हुई।



प्रो. रविकांत

**90 साल के स्वाधीनता आंदोलन और लाखों कुर्बानियों के बाद प्राप्त आजादी को लेकर अंबेडकर बेहद चिंतित थे। भारत के भविष्य के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए अंबेडकर ने कहा कि '26 जनवरी 1950 को भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र होगा। उसकी स्वतंत्रता का भविष्य क्या है? क्या वह अपनी स्वतंत्रता बनाए रखेगा या फिर उसे खो देगा?' सदियों से सामन्तवाद और ब्राह्मणवाद पर आधारित समाज स्वतंत्रता के बाद कैसा होगा?**

25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में दिया गया डॉ अंबेडकर का यह भाषण 20वीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण, बौद्धिक और चेतावनियों से लबरेज भाषण है। जिस तरह नेहरू का 15 अगस्त 1947 की अर्धरात्रि को दिया गया भाषण 'नियति से साक्षात्कार' की चर्चा भारत की गरीबी, बदहाली की चुनौतियों से निपटने और भारत के निर्माण के विषय में है, उसी तरह डॉ. अंबेडकर का भाषण वैचारिक और सामाजिक राजनीतिक चुनौतियों से भरा हुआ है। लेकिन जहां नेहरू के भाषण की चर्चा हमेशा की जाती रही, वहीं अंबेडकर के विचार और व्यक्तित्व की तरह उनके भाषण को भी भुला दिया गया। अगर उस भाषण को आने वाली कांग्रेसी सरकारों और उस समय के बुद्धिजीवियों ने ध्यान से पढ़ा और परखा होता तो शायद हिंदुत्ववाद के ये दुर्दिन नहीं देखने पड़ते।

संविधान निर्माण से लेकर उसके पारित होने और उसके बाद दशकों तक हिंदुत्ववादी संविधान के खिलाफ खड़े रहे। आरएसएस, हिंदू महासभा, राम राज्य परिषद, जनसंघ और भाजपा के नेता गाहे-बगाहे भारतीय संविधान को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक और विदेशी बताते रहे। उनका आग्रह एक ऐसे संविधान का निर्माण करना था जो भारतीयता के नाम पर मनुस्मृति पर आधारित हो। भारतीय संविधान की अप्रासंगिकता और असफलता को हिंदुत्ववादियों द्वारा बार-बार दोहराया गया। डॉ अंबेडकर अपने भाषण में कहते हैं कि, 'संविधान चाहे कितना ही अच्छा क्यों ना हो बुरा साबित होगा, अगर उसके अनुसरण करने वाले लोग बुरे होंगे।'

90 साल के स्वाधीनता आंदोलन और लाखों कुर्बानियों के बाद प्राप्त आजादी को लेकर अंबेडकर बेहद चिंतित थे। भारत के भविष्य के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए अंबेडकर ने कहा कि '26 जनवरी 1950 को भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र होगा। उसकी स्वतंत्रता का भविष्य क्या है? क्या वह अपनी स्वतंत्रता बनाए रखेगा या फिर उसे खो देगा?' सदियों से सामन्तवाद और ब्राह्मणवाद पर आधारित समाज स्वतंत्रता के बाद कैसा होगा? वर्चस्व और वंचित में विभाजित समाज एक साथ कैसे रहेगा? भारत की जनता कैसा आचरण करेगी? डॉ आंबेडकर लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों को लेकर भी आशंकाग्रस्त थे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'यदि पार्टियां अपने मताग्रहों को देश के ऊपर रखेंगी तो हमारी स्वतंत्रता संकट में पड़ जाएगी। संभवतया वह हमेशा के लिए खो जाए। हमें अपने खून की आखिरी बूंद तक अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है।' जाहिर तौर पर भारतीय जनता पार्टी आरएसएस के एजेंडे पर काम करती है। उसके लिए भारत का विचार ही हिंदुत्व है, समावेशी राष्ट्र नहीं। राष्ट्रवाद के नाम पर उसने हिंदुत्व को पोसा और अब खुले तौर पर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मुनादी की जा रही है। भारतीय राष्ट्र के लिए आरएसएस के विचार बेहद खतरनाक थे। आज उससे भी ज्यादा खतरनाक हो रहे हैं।


भारत ने प्रजातंत्र को अपनाया। भारत में प्रजातन्त्र का भविष्य कैसा है? इसकी क्या चुनौतियां हैं? प्रजातांत्रिक प्रणाली में डॉ अंबेडकर को तानाशाही का खतरा महसूस हो रहा था। उनकी आशंका थी कि कोई राजनीतिक दल अगर बड़ा बहुमत हासिल करता है तो यह खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है। अपने भाषण में अंबेडकर ने कहा कि 'इस नवजात प्रजातंत्र के लिए यह बिल्कुल संभव है कि वह आवरण प्रजातंत्र का बनाए रखे, परंतु वास्तव में वह तानाशाही हो। चुनाव में महाविजय की स्थिति में दूसरी संभावना के यथार्थ बनने का खतरा अधिक है।' इस लोकसभा चुनाव में खुले तौर पर 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया जा रहा है। 400 सीटें जीतने का एजेंडा भी भाजपा के नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें संविधान बदलने के लिए दो तिहाई से अधिक बहुमत चाहिए। अम्बेडकर को इसकी आशंका थी। वे कहते हैं कि 'प्रजातांत्रिक संविधान का क्या होगा? क्या वह उसे बनाए रखेगा या फिर से खो देगा? मेरे मन में आने वाला यह दूसरा विचार है और यह भी पहले विचार जितना ही चिंताजनक है।'

बाबा साहब की पहली चिंता स्वतंत्रता खो देने की थी। दरअसल, आजादी के बाद पूरे देश में नेहरू की लोकप्रियता सिर चढ़कर बोल रही थी। भारत के कोने-कोने में नेहरू को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ती थी। अंबेडकर नेहरू जैसे लोकप्रिय नेता के तानाशाह बनने की आशंका से घिरे हुए थे। जान स्टुअर्ट मिल को उद्धृत करते हुए चेतावनी भरे अंदाज में उन्होंने कहा, 'अपनी स्वतंत्रता को एक महानायक के चरणों में भी समर्पित न करें या उस पर विश्वास करके उसे इतनी शक्तियां प्रदान न कर दें कि वह संस्थाओं को नष्ट करने में समर्थ हो जाए।' पिछले 10 साल में यही हुआ है। कारपोरेट मीडिया और थ्री डी इमेज के जरिए नरेंद्र मोदी की महानायक की छवि गढ़ी गई। मोदी ने तमाम संवैधानिक संस्थाओं को नख दंत विहीन बना दिया। मीडिया के जरिए विपक्ष को अप्रासंगिक बना दिया गया। मीडिया सरकार के कामों की समीक्षा करने और गलत नीतियों की आलोचना करने के बजाय मोदी का स्तुतिगान करने में मगन है। मीडिया ने नागरिकों के सवालों को उठाना बंद कर दिया है। उसने सरकार के काम को दायित्व नहीं बल्कि कृपा बना दिया है। हिन्दुत्ववादी तंत्र और मीडिया द्वारा लोगों को सरकार के प्रति कृतज्ञ होना सिखाया जा रहा है। जबकि अंबेडकर ने आयरिश देशभक्त डेनियल ओ कोमेल को उद्धृत करके चेतावनी के तौर पर कहा था 'कोई पुरुष अपने सम्मान की कीमत पर कृतज्ञ नहीं हो सकता, कोई महिला अपने सतीत्व की कीमत पर कृतज्ञ नहीं हो सकती और कोई राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता की कीमत पर कृतज्ञ नहीं हो सकता।' वे आगे कहते हैं, 'यह सावधानी किसी अन्य देश के मुकाबले भारत के मामले में अधिक आवश्यक है, क्योंकि भारत में भक्ति या नायक पूजा उसकी राजनीति में जो भूमिका अदा करती है, उस भूमिका के परिमाण के मामले में दुनिया का कोई देश भारत की बराबरी नहीं कर सकता।' भारत एक अत्यंत आस्थावान देश है। भक्ति और आध्यात्मिकता की एक लंबी परंपरा है। राजनीति में यह भाव लोकतंत्र के लिए खतरा है। अंबेडकर ने आगाह करते हुए कहा था कि 'धर्म के क्षेत्र में भक्ति आत्मा की मुक्ति का मार्ग हो सकता है परंतु राजनीति में भक्ति या नायक पूजा पतन और अंततः तानाशाही का सीधा रास्ता है।' यह खतरा आज हम सबके सामने है। क्या भारत के लोग इस चुनाव में तानाशाही को पराजित करके संविधान और लोकतंत्र को बचाने जा रहे हैं?

## गरीबों के हित में बड़े बदलाव का संकेत है कांग्रेस का एजेंडा

जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है उसके मद्देनजर भारतीय राजनीतिक परिदृश्य पर बहुत कुछ पहले ही बदल चुका है। पहली बात, कांग्रेस पार्टी एक दशक से भी ज्यादा वक्त में पहली बार मतदाताओं के सामने अपनी राजनीतिक स्थिति को स्पष्ट रूप से पेश करने में सफल हुई है। यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है जो पूरी तरह से वामपंथ के साथ चल रही है। सवाल यह नहीं है कि वह कितने डिग्री तक वामपंथ के साथ है परन्तु यह दिशा और स्थिति का सवाल ज्यादा है और बताता है कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी किस स्थान पर खड़ी है। कभी उदारीकरण और निजीकरण की समर्थक पार्टी से इस वक्त जो उभर कर सामने आ रहा है वह अब सामाजिक न्याय, धन-आय सम्बन्धी असमानता या श्रमिकों के अधिकारों के एजेंडे के साथ एक अनिश्चय की स्थिति वाला रवैया नहीं है। यह एजेंडे का स्पष्ट रूप से रखा जाना है। यह वामपंथ की ओर एक तेज मोड़ है जो हाल के समय में कभी स्पष्ट नहीं था जितना इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान बैंकों के राष्ट्रीयकरण के दौरान था। वर्तमान में मतदाताओं की प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि पार्टी जनता की भावनाओं को समझ रही है और उसकी गतिविधियां राष्ट्र के मूड के अनुरूप है।

कांग्रेस के पुनरुद्धार के लिए इस प्रखर वैचारिक स्थिति के प्रति कटिबद्धता महत्वपूर्ण है जबकि कुछ लोग कहेंगे कि पार्टी परिस्थितियों से मजबूर हो गई है। इसके बावजूद ऐसा लगता है कि वामपंथ के प्रति इस झुकाव को नेतृत्व और काडर द्वारा पूरे दिल से गले लगाया गया है। कांग्रेस ने 4 जून को आने वाले परिणामों की घोषणा से बहुत पहले यह एक महत्वपूर्ण चुनाव किया है। उल्लेखनीय है कि नारेबाजी और उम्मीद-सेटिंग के कारण विजयी के रूप में देखे जाने के लिए भाजपा को अपने 303 के पिछले आंकड़े को पार करना होगा वहीं इंडिया गठबंधन को जीत का दावा करने के लिए भाजपा को 272 से नीचे खींचना होगा। इस बात की संभावना को छोड़ दें कि इस समय कांग्रेस और/या इंडिया गठबंधन इन चुनावों में बहुत खराब प्रदर्शन कर रहा है या नहीं, लेकिन देश में एक ऐसी पार्टी है जो आने वाले दिनों में भारत की नीति तय करेगी। यह एक ऐसी भूमिका है जिसे कांग्रेस ने त्याग दिया था और जिसके कारण वह अप्रासंगिक हो गई थी। इसी ने 'क्या', 'कैसे' और 'क्यों' की ठोस स्थिति में बंधी स्पष्ट राजनीतिक दिशा के अभाव में भाजपा के लिए जमीन छोड़ दी थी। इस निश्चित दिशा के बिना हमारे पास जो कुछ भी था वह भाजपा की सांप्रदायिकता और भ्रष्टाचार पर एक दंतहीन हमला था जिसमें दृढ़ विश्वास नहीं था और जो मतदाताओं की मंशा के अनुरूप कारगर नहीं है। बहरहाल अब कहानी बदल गई है।



जगदीश रत्तनानी

**किसी भी माध्यम का कुशल उपयोग इस बात की समझ के अभाव में खतरनाक है कि इसका उपयोग क्यों किया जा रहा है और यह कहां ले जाएगा। आज की कांग्रेस के लिए यह सेवानिवृत्त नौकरशाहों से दूर रहने की चेतावनी होनी चाहिए। उसे भ्रष्टाचार रोकने के लिए पैनी नजर रखनी होगी। चाहे वह सत्ता में हो या न हो, लेकिन कांग्रेस को एक टीम बनाने के लिए अधिक युवा नेतृत्व और प्रतिबद्ध लोगों की आवश्यकता होगी ताकि पार्टी जीवंत रह सके।**

कांग्रेस में एक दशक से आ रही गिरावट और केंद्रीय सत्ता में रहने के दौरान भी इसकी धीरे-धीरे हो रही गिरावट, नव-उदारवादी एजेंडे का नेतृत्व करने के लिए जानी जाने वाली पार्टी का अपरिहार्य परिणाम थी। हाल के दिनों में इसकी एकमात्र उपलब्धि 1991 के आर्थिक सुधार थे। ये सुधार भी परिस्थितियों के कारण मजबूरीवश किए गए थे। इन सुधारों ने एक ओर 'एनीमल स्प्रिट' (अर्थ व्यवस्था में, 'एनीमल स्प्रिट' शब्द बाजार मनोविज्ञान और स्वभावजन्य अर्थशास्त्र में उपयोग में आता है। 'एनीमल स्प्रिट' आत्मविश्वास, आशा, भय और निराशावाद की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करती है जो व्यक्ति या व्यक्ति समूहों की वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है और बदले में आर्थिक विकास को बढ़ावा या बाधित कर सकती है) को उजागर करने का प्रयास किया लेकिन दूसरी ओर इसने श्रमिकों के अधिकारों पर अंकुश लगाने तथा व्यापक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की ओर भी कदम बढ़ाए। मजबूत शासन और कमजोर या गैर-मौजूद पुलिसिंग के अभाव या मिलीभगत के कारण यह भ्रष्टाचार सार्वजनिक क्षेत्र के आधिपत्य से निजी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। मोटे तौर पर इन घटनाक्रमों ने आश्चर्यजनक रूप से भाजपा समर्थक धनी वर्गों के उदय को बढ़ावा दिया जिन्होंने वर्ग, जाति और स्थिति के मामले में अन्य मिश्रित कुलीन वर्ग के साथ गठबंधन करते हुए भाजपा को सत्ता में लाने के लिए मदद की। इस काम के लिए उन्होंने कांग्रेस शासन में हुए बड़े भ्रष्टाचार के मामलों का हवाला दिया। 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' आंदोलन का नेतृत्व करने वाले अन्ना हजारे की निंदनीय भूमिका पहले ही उजागर हो चुकी है जो भाजपा के वृहद भ्रष्टाचार घोटालों पर चुप रहे हैं।

इस फ्रेम में किसी भी कीमत पर जीडीपी वृद्धि भारतीय अभिजात वर्ग की बात करने वाला बिंदु आ गया जो आने वाले व्यवसायिक उछाल को भुनाना चाहता है। सत्तारुढ़ भाजपा ने विशेष प्राथमिकता देते हुए अपने चुनिंदा व्यापारिक घरानों को चरम सीमा पर पहुंचा दिया जबकि अन्य लोगों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के माध्यम से अपने विवादों को निपटाने के लिए कहा गया। शेष भारत को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत असफल और अर्थव्यवस्था को खोखला करने वाली एवं खाद्य कूपन की योजना के कीचड़ में लोटने के लिए छोड़ दिया गया था। इस योजना के तहत आज 80 करोड़ भारतीयों को अनाज मिलता है जो भारत के आधे से अधिक हैं।

आज कांग्रेस को और ताकत देने वाला एक ऐसा नेतृत्व है जो राष्ट्र के सामने मौजूद चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार और मजबूत दिख रहा है। राहुल गांधी नेतृत्व की भूमिका में खिल गए हैं और ड्राईविंग सीट पर जंच रहे हैं। वे सही संदेश और संकेत भेज रहे हैं। न्याय यात्रा की कहानियों और अनुभवों को मिलाकर राहुल एक रोमांचक राजनीतिक आख्यान बना रहे हैं जो साहसिक, जमीन से जुड़ा और ताज़ा है।

यह उल्लेखनीय है कि असंख्य बाधाओं के बावजूद राहुल गांधी इस अभियान को किसी भी कड़ुवाहट से दूर रखने में सफल रहे हैं जबकि भाजपा ने अपने संसाधनों को बड़े पैमाने पर राहुल और उनके परिवार को बदनाम करने के कड़ुवाहट भरे और घृणित अभियान पर केंद्रित कर रखा है। राहुल का उभरना यह भी साबित करता है कि राजनीतिक 'पंडितों' पर भरोसे की एक सीमा होती है। उनमें से कुछ उन्हें ऐसी सलाह दे रहे हैं जिन पर सवाल उठ सकते हैं। इनमें से एक ने तो इस बेहद सफल न्याय यात्रा के समय और औचित्य पर भी सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस के इस पुनरुत्थान ने स्वयं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलाए जा रहे भाजपा के अभियान को भी पटरी से उतार दिया है। भाजपा ने क्या किया है और अगले पांच वर्षों के लिए क्या करने का वादा करती है, यह बताने के बजाय भाजपा का अभियान इस बात पर केंद्रित है कि कांग्रेस क्या कर रही है या उसकी क्या कथित बुराइयां हैं। अगर पार्टी उस स्लाइड को वापस खींचने के प्रति सावधान नहीं है तो यह खुद के बजाय प्रतिद्वंद्वी के बारे में अधिक बात करने के जाल में फंस जाएगी।

अंत में, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कांग्रेस स्पष्ट रूप से कहे या न कहे लेकिन उसने मनमोहन सिंह और उन सभी सुधारों को खारिज कर दिया है जो उन्होंने पेश किए थे। नई कांग्रेस को अपनी विश्वसनीयता बनाने के लिए यह एक आवश्यक शर्त है। आखिरकार मनमोहन सिंह एक नौकरशाह थे जो भले ही अर्थव्यवस्था के उप-समूह में सफल रहे हों लेकिन राजनीति के सुपर सेट में बुरी तरह विफल रहे थे। आर्थिक सुधार एक माध्यम है जबकि राजनीति एक दर्शन है। किसी भी माध्यम का कुशल उपयोग इस बात की समझ के अभाव में खतरनाक है कि इसका उपयोग क्यों किया जा रहा है और यह कहां ले जाएगा। आज की कांग्रेस के लिए यह सेवानिवृत्त नौकरशाहों से दूर रहने की चेतावनी होनी चाहिए। उसे भ्रष्टाचार रोकने के लिए पैनी नजर रखनी होगी। चाहे वह सत्ता में हो या न हो, लेकिन कांग्रेस को एक टीम बनाने के लिए अधिक युवा नेतृत्व और प्रतिबद्ध लोगों की आवश्यकता होगी ताकि पार्टी जीवंत रह सके।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## राफा में इजरायली हमलों के कारण एक लाख दस हजार लोग विस्थापित

**गाजा,** 10 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में इजरायली सैन्य अभियान के कारण करीब 110,000 लोगों को विस्थापित होंबा पड़ा। यूएनआरडब्ल्यूए ने एक बार फिर से क्षेत्र में तत्काल युद्धविराम का आग्रह किया है। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि जैसा कि इजरायली बलों ने राफा में बमबारी तेज कर दी है, लोगों को विस्थापित होना पड़ रहा है। यूएनआरडब्ल्यूए का अनुमान है कि करीब 110,000 लोगों को सुरक्षा की तलाश में राफा से भागना पड़ा। लेकिन वे गाजा पट्टी में कहीं भी सुरक्षित नहीं है और ना ही उनके निवास का कोई ठिकाना है। इस स्थिति में एकमात्र आशा तत्काल युद्धविराम है।

# गाजा युद्धविराम समझौते पर बातचीत विफल

- इजरायली सेना द्वारा राफा में अभियान शुरू करने पर रुक गई वार्ता
- इजरायल राफा में अपना ऑपरेशन योजना के अनुसार जारी रखेगी



**काहिरा,** 10 मई (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए बातचीत में गतिरोध पैदा होने के बाद हमास, इजरायल, कतर और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल मिस्र से रवाना हो गए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संघर्षग्रस्त गाजा में युद्धविराम के लिए प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को काहिरा पहुंचा था। बातचीत में कुछ प्रगति के बावजूद अभी तक कोई समझौता नहीं हो पाया है।

विरोधी पक्षों के बीच प्रमुख विवादों में अदला-बदली समझौते के तहत रिहा किए जाने वाले इजरायली बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की संख्या एवं लिस्ट के साथ-साथ एन्क्लेव में फिलिस्तीनियों की मुक्त आवाजाही की अनुमति देने के लिए गाजा से इजरायल की आंशिक वापसी से संबंधित मुद्दे भी शामिल हैं। वार्ता तब रुक गई जब इजरायली सेना ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा में एक अभियान शुरू किया और प्रमुख राफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया। यहां लगभग दस लाख से ज्यादा विस्थापित फिलिस्तीनी रह रहे हैं।

एक इजरायली सूत्र ने गुरुवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना राफा में अपना ऑपरेशन योजना के अनुसार जारी रखेगी क्योंकि संघर्ष विराम वार्ता विफल हो गई है।

काहिरा, दोहा और वाशिंगटन पिछले नवंबर में समाप्त हुए पहले युद्धविराम के बाद, इजरायल और हमास के बीच कैदियों की अदला-बदली और दूसरे युद्धविराम के लिए समझौता करना चाह रहे हैं।

## इजरायल पर हमास ने फिर किया हमला

**तेल अवीव।** हमास ने इजरायल और गाजा पट्टी के सुदूर दक्षिण के बीच केरेम शालोम सीमा पर फिर से हमला किया, जो रविवार के बाद से इस तरह का चौथा हमला है। अल कासिम ब्रिगेड ने टेलीग्राम मैसेजिंग सर्विस पर कहा कि शुक्रवार के हमले में मोर्टार का इस्तेमाल किया गया। इजरायल के क्षेत्रों में सरकारी गतिविधियों का समन्वय (सीओजीएटी) संगठन ने एक्स मैसेजिंग सर्विस पर पोस्ट किया, हमास ने गाजा पट्टी के केरेम शालोम सीमा पर गोलीबारी की, जो मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए मुख्य मार्ग था। इसमें कहा गया है कि इस हफ्ते यह चौथा हमला है, जब हमास ने सीमा क्षेत्र पर सक्रिय रूप से गोलीबारी की। सीओजीएटी ने कहा कि गाजा के लोगों तक सहायता पहुंचाने से रोकने के लिए हमास कुछ भी करेगा।



हाल के दिनों में, इजरायली प्रदर्शनकारियों ने गाजा पट्टी में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे सहायता काफिले को फिर से अवरुद्ध कर दिया। उनका कहना है कि ये डिलीवरी हमास को इजरायली सेना का विरोध करने में सहायता कर रही है।

## अमेरिका व मिस्र ने अपने रुख में बदलाव लाने का किया आह्वान

**काहिरा।** हमास और इजरायल के बीच युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के समझौते को लेकर काहिरा में हुई बातचीत बेनतीजा रही। इसके बाद अब मिस्र और अमेरिका ने दोनों पक्षों से अपने रुख में बदलाव लाने का आह्वान किया है। मिस्र के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार रात फोन पर बातचीत के दौरान दोनों पक्षों से अपने रुख में बदलाव लाने और समझौते तक पहुंचने के लिए आवश्यक प्रयास करने का आग्रह करने के महत्व पर सहमति व्यक्त की। बता दें कि इजरायल और हमास सीधे तौर पर बातचीत करने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में अमेरिका, कतर और मिस्र मध्यस्थ के रूप में कार्य कर रहे हैं। शौकरी और ब्लिंकन ने शरणार्थियों से भरे गाजा के शहर रफा में सुरक्षा और मानवीय स्थिति पर चर्चा की। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, मिस्र के अधिकारी ने रफा में इजरायली सैन्य अभियानों के नतीजों के प्रति चेतावनी दी। इस हफ्ते की शुरुआत में, इजरायल ने रफा सीमा पार के फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया, जिससे भारी आबादी वाले गाजा पट्टी में मानवीय सहायता वितरण रोक दिया गया।



## सुडोकू 6551

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 6 | 5 | 3 |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | 4 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| | | 1 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 1 | 6 | 8 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 1 | | |
| 5 | | | | | 7 | 3 | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| 2 | 3 | 8 | | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 11 मई, 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष - आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आपको आज नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। कोई नया काम भी शुरू कर पाएंगे। आज आपके विचार जल्दी-जल्दी बदलेंगे। इससे किसी तरह का कन्फ्यूजन आपको हो सकता है।

वृषभ - हाथ में आया हुआ अवसर कन्फ्यूजन के कारण आज आप गंवा सकते हैं और उसका लाभ नहीं ले पाएंगे। आज बहुत से विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में आपका काम बिगड़ सकता है।

मिथुन - आज के दिन की शुरुआत में मन प्रफुल्लित और चित्त स्वस्थ होगा। आज मित्र या परिवार के सदस्यों के साथ भोजन का आनंद उठा सकते हैं। सुंदर वस्त्र धारण करेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी है।

कर्क - आज आप मानसिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी एक निश्चय पर आप नहीं पहुंच पाएंगे। असमंजस के कारण मानसिक कष्ट होगा। संबंधियों के साथ अनबन हो सकती है। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च होगा।

सिंह - आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। फिर भी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण सामने आया हुआ अवसर गंवा देंगे। आपका मन कहीं खोया रहेगा। नए काम की शुरुआत आज ना करें।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी हैं। नए काम का आयोजन सफल होगा। व्यापार करने वालों तथा नौकरीपेशा लोगों के लिए लाभ का दिन है। पदोन्नति की संभावना है। अधिकारी से लाभ होगा।

तुला - आज आप बौद्धिक तथा लेखन के कामों में सक्रिय रहेंगे। नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। लंबे प्रवास या धार्मिक स्थल की मुलाकात करने का प्रसंग बनेगा। नौकरी में लाभ का अवसर मिलेगा।

वृश्चिक - आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम का आरंभ न करें एवं क्रोध पर संयम रखें। किसी भी तरह के गलत काम से दूर ही रहें, अन्यथा आगे बड़ा नुकसान हो सकता है।

धनु - आज आपका दिन सुखपूर्वक एवं आनंद से गुजरने वाला है। आज आप मनोरंजक दुनिया में व्यस्त रहने वाले हैं। पार्टी, पिकनिक, यात्रा, स्वादिष्ट भोजन और शॉपिंग आज के दिन का हिस्सा रहेंगे। मैरीड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा।

मकर - व्यापार- धंधे के विकास और आर्थिक आयोजन के लिए आज अनुकूल दिन है। वसूली या पैसे की लेन-देन में सफलता मिलेगी। आयात- निर्यात में लाभ होगा। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा।

कुंभ - मानसिक अशांति और उद्वेग भरा दिन है। तेजी से बदलते विचारों के कारण अनिर्णायकता रहेगी, इसलिए ठोस निर्णय नहीं ले सकेंगे। संतान की चिंता आपको परेशानी में डाल सकती है।

मीन - आपको आज के दिन सावधानी रखने की सलाह दी जाती है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद पैदा होगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## तुर्की ने इराक में पीकेके के खिलाफ की सैन्य कार्रवाई

**अंकारा,** 10 मई (एजेंसियां)। तुर्की सेना ने उत्तरी इराक के प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है।

समाचार पत्र 'येनी सफाक 'ने तुर्की रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि तुर्की सरकार ने पीकेके को एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित किया है। मीडिया ने पिछले हफ्ते बताया था कि तुर्की सशस्त्र बल नए सैन्य अड्डों को स्थापित करके और क्षेत्र में अंकारा की सैन्य उपस्थिति को बढ़ाकर पीकेके के खिलाफ एक सैन्य अभियान की तैयारी कर रहे हैं।

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने सीरिया में 30 से 40 किलोमीटर (18.6-24.8 मील) की लंबाई के साथ एक सुरक्षा गलियारा बनाने की योजना की भी घोषणा की है।

अखबार ने एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा कि हमने कहा है कि हम असामान्य, तेज और निरंतर अभियानों के माध्यम से आतंकवाद से लड़ना जारी रखेंगे और हमारा संघर्ष जारी है। हम अभियान को निरंतर जारी रखने के दौर में हैं।

## ब्लिंकन कांग्रेस में पेश करेंगे इजराइल पर आलोचनात्मक रिपोर्ट


**वाशिंगटन,** 10 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार को कांग्रेस (संसद) में इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष को लेकर 'अत्यधिक आलोचनात्मक' रिपोर्ट पेश कर सकते हैं, लेकिन वह गाजा पट्टी में संभावित अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का आरोप लगाने से बचेंगे। 'एक्सियोस' समाचार पोर्टल ने मामले के जानकार तीन अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग नए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा ज्ञापन के मुताबिक विभिन्न सशस्त्र संघर्षों में भाग लेने वाले इज़रायल और छह अन्य देशों द्वारा हथियारों के उपयोग का अध्ययन कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर अमेरिका इन देशों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के किसी भी उल्लंघन का खुलासा करता है, तो वह उन्हें सैन्य सहायता रोकने का फैसला कर सकता है।प्रक्रिया के हिस्से के रूप में ब्लिंकन को कथित तौर पर गाजा संघर्ष में इज़रायल की कार्रवाइयों से संबंधित कई घटनाओं का अध्ययन करने का निर्देश दिया गया है। पोर्टल की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी विदेश मंत्री संभवत: इजरायल की आलोचना कर सकते हैं, लेकिन वह इस आरोप को लगाने से बचेंगे कि इजरायल ने अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा ज्ञापन के संदर्भ में कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है।



## हंगरी व चीन के बीच 18 समझौतों पर हस्ताक्षर

**बुडापेस्ट।** शी जिनपिंग की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान हंगरी और चीन ने रेलवे और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योगों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर 18 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। हंगरी के विदेश मंत्री ने वीडियो संदेश में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने बेहद सफल वार्ता की, जिसके परिणामस्वरूप 18 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। मंत्री ने कहा कि बुडापेस्ट-बेलग्रेड रेलवे के अलावा चीनी कंपनियां हंगरी में प्रमुख रेलवे परियोजनाओं को पूरा करेंगी, जिसमें हंगरी की राजधानी के चारों ओर एक रिंग रेल ट्रैक का निर्माण और हवाई अड्डे से शहर के केंद्र तक एक रेलवे का निर्माण शामिल है। सिज्जर्टो ने कहा कि अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएं सर्बिया के साथ हंगरी की सीमा से संबंधित हैं, जिसमें रोस्के-होर्गोस सीमा पार का विस्तार व हंगरी के अल्यो और सर्बिया के नोवी सैड के बीच तेल पाइपलाइन का निर्माण शामिल है।

## वर्ग पहेली 6551



**बायें से दायें:-**

१. जिसकी अच्छी तरह योजना बनाकर किया गया हो
४. आवेश में आना, क्रोधित होना
६. शपथ, सौगंध (उर्दू)
७. गिनती, गिनना
८. श्रीरामचंद्र
१०. योग्य, लायक
११. परोपकार
१३. मुक्ति, कल्याण
१४. हेतु, लिए
१५. समर्थक, हिमायती, चिड़िया
१७. दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध पर्वत
१९. निदान, तरीका (उर्दू)
२०. कमल
२२. भौंरा, शंकर
२४. प्राप्ति के अनुसार

**ऊपर से नीचे:-**

१. सधवा
२. भावी कार्य पद्धति की रूपरेखा बनाने वाला
३. जांच-पड़ताल (उर्दू)
४. विवरण (उर्दू)
५. कछुआ
९. अंधकारपूर्ण
११. अप्रत्यक्ष
१२. तरंग, लहर
१३. बढ़िया, श्रेष्ठ
१४. फैसला
१५. पढ़ने योग्य
१६. अर्जुन
१८. युद्ध करना, झगड़ना
१९. हत्यारा, बधिक (उर्दू)
२०. कीमत, भाव
२३. ईश्वर, खुदा


### वर्ग पहेली-6550

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ क | नी | २ नि | का | ■ | ■ | ३ वि | धा | ४ य | क |
| र | ■ | रा | ■ | ५ व्य | व | स्था | ■ | ती | ■ |
| ६ दा | न | व | ■ | भि | ■ | ७ पि | ता | म | ८ ह |
| ता | ■ | लं | ■ | ९ चा | ह | त | ■ | ■ | ल |
| ■ | १० आ | ब | ११ का | री | ■ | ■ | १२ सं | बं | ध |
| ■ | क्रां | ■ | र | ■ | १३ स | म | ग्र | ■ | र |
| १४ वि | त | १५ र | ण | ■ | या | ■ | १६ ह | १७ ल | ■ |
| डं | ■ | स | ■ | १८ ज | ना | १९ ब | ■ | श्क | ■ |
| २० ब | टो | ही | ■ | र्ज | ■ | २१ ह | स | र | २२ त |
| ना | ■ | २३ न | ज | र | आ | ना | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## अमेरिका ने भारतीय चुनावों में हस्तक्षेप के आरोपों का किया खंडन

**वाशिंगटन,** 10 मई (एजेंसियां)। अमेरिका ने भारत में जारी लोकसभा चुनावों में किसी भी तरह के हस्तक्षेप से इनकार किया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारत में जारी चुनावों में हमारे देश की कोई भूमिका नहीं है। वहां भारत के लोगों को निर्णय लेना है। मिलर ने कहा कि उनका देश किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता। मिलर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा की टिप्पणियों पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। जखारोवा ने कहा था अमेरिका भारत में धार्मिक स्वंतत्रता पर सवाल उठाकर वहां चल रहे लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश पर चल रही जांच पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया।



## केन्या में बाढ़ के कारण 15 हजार से अधिक बच्चों की पढ़ाई बाधित

■ स्कूलों को फिर से खोलने की योजना दो बार हो चुकी स्थगित

**नैरोबी,** 10 मई (एजेंसियां)। केन्या में 15,000 से अधिक बच्चे अगले सप्ताह स्कूल नहीं लौट पाएंगे, क्योंकि देश भर में भारी बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 62 प्राथमिक विद्यालय जलमग्न हो गये हैं या नष्ट हो गए हैं।

वैश्विक चैरिटी 'सेव द चिल्ड्रन' ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संगठन ने बताया कि केन्या की राजधानी नैरोबी में अनौपचारिक बस्तियां विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जहां परिवारों ने अपने घर और आजीविका के साधन खो दिए हैं। चैरिटी के अनुसार, अकेले मथारे झुग्गियों में भारी बारिश और बाढ़ से 7,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। केन्या और मेडागास्कर के लिए 'सेव द चिल्ड्रन' के कार्यवाहक निदेशक मोहम्मद अब्दिलादिफ ने नैरोबी में जारी एक बयान में कहा कि बाढ़ का बच्चों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है और उनके अधिकारों पर खतरा मंडराने लगा है। एक बाल अधिकार संगठन के रूप में, हम यह सुनिश्चित करने के प्रयासों के समन्वय के महत्व देते हैं कि बच्चों और उनके परिवारों के जीवन को सामान्य स्थिति में लाया जाए।

## मोरक्को की नौसेना ने अटलांटिक तट से 38 प्रवासियों को बचाया

**रबात।** अफ्रीकी देश मोरक्को की नौसेना ने टैन-टैन बंदरगाह के पास अटलांटिक तट से एक नाव से 38 प्रवासियों को बचाया। एमएपी समाचार एजेंसी ने मोरक्कन रॉयल सशस्त्र बल के एक बयान के हवाले से कहा कि तटीय निगरानी के प्रभारी मोरक्को की नौसेना इकाई ने टैन-टैन से 38 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में एक अभियान चलाया।



## आज का इतिहास

1752 – अमेरिका के फिलाडेल्फिया में अग्नि बीमा पालिसी की शुरूआत आज के दिन हुई।
1784 –मैसूर के शासक टीपू सुल्तान और अंग्रेजों के बीच संधि हुई1
1833– अमेरिका से क्यूबेक जा रही जहाज लेडी ऑफ द लेक, हिमखंड से टकराकर अटलांटिक महासागर में डूब गयी थी जिसमें 215 लोगों की मौत हो गई1
1940– ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग सर्विस ने अपनी हिंदी सेवा की शुरूआत कर दी 1
1951–राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद द्वारा नवनिर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया था.
1962 –आज के दिन ही सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भारत का राष्ट्रपति चुना गया था. इससे पहले डा. राजेन्द्र प्रसाद थे.
1965 – आए एक चक्रवाती तूफान ने बंगलादेश में अपना कहर बरपाया था। 17 हजार लोगों की मौत।
1988 – फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया ।
1995 –अमेरिका के न्यूयार्क शहर में 170 से अधिक देशों ने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किया।
1998 – भारत ने राजस्थान के पोखरण में तीन परमाणु परीक्षण करने का फैसला लिया ।
1998 – यूरोप की एकल मुद्रा यूरो का पहला सिक्का बना।
2000 – जनसंख्या घड़ी के मुताबिक भारत की जनसंख्या एक अरब के पार पहुंच गयी ।
2007 – उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को बहुमत हासिल हुआ। मायावती ने आज ही के दिन मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली थी।
2008 – न्यूयार्क के कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने देश का पहला जेनेटिकली मोडिफाइड मानव भ्रूण तैयार कर लिया।

## निरीक्षण

*शोभन चौधरी ने जम्मू-कश्मीर में यूएसबीआरएल परियोजना का किया दौरा*

# नई बीजी रेल लिंक परियोजना का किया विस्तृत निरीक्षण

**नई दिल्ली, 10 मई (देशबन्धु)। शोभन चौधरी, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे ने 10/5/2024 को उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला नई बीजी रेल लिंक परियोजना की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परियोजना का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/यूएसबीआरएल और उत्तर रेलवे और केआरसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। शोभन चौधरी ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन यार्ड से मोटर ट्रॉली द्वारा चिनाब ब्रिज तक अपना निरीक्षण शुरू किया। उन्होंने सुरंग संख्या 33, सुरंग संख्या 34**

■ महाप्रबंधक ने प्रगति की गति पर किया संतोष व्यक्त

अंजी ब्रिज, सुरंग संख्या 35, रियासी यार्ड, सुरंग संख्या 36 और चिनाब ब्रिज का निरीक्षण किया। सुरंग टी-33 के काम को पूरा करने के लिए शेष गतिविधियों पर उत्तर रेलवे और केआरसीएल के इंजीनियरों के साथ गहन चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने प्रगति की गति पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन परियोजना अधिकारियों को सभी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखने और काम में तेजी लाने के लिए संसाधनों को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही भूगर्भीय रूप से कमजोर परतों से गुजरने वाली सुरंग खनन कार्य को आगे बढ़ाते समय सभी सुरक्षा सावधानियों का पालन किया। यह उल्लेख करना उचित है कि यह 3.2 किलोमीटर लंबी सुरंग मुख्य सीमा से होकर गुजर रही है और इसके निर्माण में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, हालांकि अब यह पूरा होने वाला है। कटरा के पास यह सुरंग पूरी परियोजना को चालू करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने रियासी यार्ड में पुल संख्या 220 और बक्कल यार्ड में पुल संख्या 224 पर प्रदान किए गए पुल उपकरणों का भी निरीक्षण किया। चिनाब ब्रिज पर कौरी में प्रस्तावित संग्रहालय निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने एजेंसियों को काम की स्थिर गति बनाए रखने और लक्ष्यों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी। साइट निरीक्षण के बाद केआरसीएल के साथ ब्लॉक सेक्शनवार कार्यों की विस्तृत स्थिति पर चर्चा करने के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने इस बात पर जोर दिया कि लक्ष्यों को और आगे नहीं खिसकना चाहिए और किसी भी कमी को मेहनती योजना बनाकर पूरा किया जाना चाहिए।



इस परियोजना को भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे चुनौतीपूर्ण रेलवे लाइन प्रयासों में से एक माना जाता है, जो भूवैज्ञानिक जटिलताओं से भरे युवा हिमालय से होकर गुजरती है। हर दिन, भारतीय रेलवे कश्मीर घाटी को बाकी रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के करीब पहुंच रही है।

## दुनिया को जानें

### रात में काम करने से बढ़ सकता है मधुमेह व मोटापे का खतरा : अध्ययन

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। एक अध्ययन में पाया गया है कि सिर्फ तीन रात की शिफ्ट मधुमेह, मोटापा और अन्य कई बीमारियों का खतरा बढ़ा सकती है। वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी, अमेरिका के शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि रात की पाली में ब्लड शुगर से संबंधित शरीर की प्रोटीन लय गड़बड़ा सकती है।

जर्नल ऑफ प्रोटीन रिसर्च में प्रकाशित अध्ययन में 'मस्तिष्क में मास्टर जैविक घड़ी' के बारे में बताया गया। यह घड़ी शरीर को दिन और रात के अनुसार लय का पालन करने के लिए प्रेरित करती है। प्रोफेसर हंस वान डोंगेन ने कहा, जब यह अव्यवस्थित हो जाता है, तो यह तनाव का कारण बनता है और स्वास्थ्य की दृष्टि से घातक होता है। वान डोंगेन ने कहा कि केवल तीन-रात की पाली लय को बाधित कर सकती है और स्वास्थ्य जोखिम बढ़ सकता है। इससे मधुमेह और मोटापे की समस्या भी खड़ी हो सकती है। टीम ने रक्त-आधारित प्रतिरक्षा प्रणाली कोशिकाओं में मौजूद प्रोटीन की पहचान की।

# प्रादेशिकी

## विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा है। तीन निर्दलीय विधायकों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद से विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि सरकार अल्पमत में आ चुकी है और सरकार को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं या फिर सरकार को सदन में बहुमत साबित करने का निर्देश देने की मांग राज्यपाल से कर रहे हैं। श्री सैनी ने मीडिया से बातचीत में यह दोहराया कि मार्च में ही वह बहुमत साबित कर चुके हैं और जरूरत पड़ी तो फिर ऐसा करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष राज्यपाल को लिखित में बताये कि उनके साथ कितने विधायक हैं। इस बीच, मीडिया में खबरें हैं कि जजपा के तीन विधायक भाजपा के संपर्क में हैं और वीरवार को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से पानीपत में मुलाकात की थी।

# सत्ता में रहते पांच साल जयराम ने की हमीरपुर की अनदेखीः मुख्यमंत्री

### कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायज़ादा ने हमीरपुर लोकसभा सीट से नामांकन किया

**शिमला,** 10 मई (देशबन्धु)। हमीरपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायज़ादा ने आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थित में अपना नामांकन दाखिल किया। इसके बाद हमीरपुर पुलिस लाइन ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर के लोग मेरी ताक़त हैं और यहां के लोगों ने मेरा हर पल साथ दिया है। आज मैं जिस मुक़ाम पर पहुंचा हूँ, उसके लिए हमीरपुर और नादौन की जनता का जीवन भर आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि लोगों का विश्वास मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आप सभी के आशीर्वाद से आज एक साधारण परिवार से निकलकर मैं मुख्यमंत्री बना हूँ। उन्होंने कहा कि अपने नेता पर विश्वास करने के लिए आज मैं सबको धन्यवाद देता हूँ। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर हमीरपुर जिला की अनदेखी का आरोप लगाते हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार में हमीरपुर जिला से जानबूझकर कर एक भी मंत्री नहीं बनाया गया। जिस जिला को मुख्यमंत्री के साथ-साथ मंत्री पद मिलता था, उस जिला को पिछली




सरकार में कोई जगह नहीं दी गई। उन्होंने पूछा कि जयराम ठाकुर ने पांच साल में हमीरपुर जिला के लिए क्या किया। पंद्रह साल पहले मुख्यमंत्री रहते प्रेम कुमार धूमल ने हमीरपुर में बस अड्डे का शिलान्यास किया था और जयराम ठाकुर ने बस अड्डा बनाने के लिए एक पैसा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मेरे मुख्यमंत्री का पद सँभालते ही युद्ध स्तर पर बस अड्डा बनाने का काम शुरू हो गया है जो आने वाले नौ महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही गांधी चौक की तारों को अंडरग्राउंड करने का काम भी शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर के आज़ाद विधायक ने चौदह महीने में 100 करोड़ रुपए के टेंडर लिए। उन्होंने डटकर खड्डों में खनन किया और संपदा को लूटने का प्रयास किया। वहीं सुजानपुर का बिकाऊ विधायक 2014 में कांग्रेस में आया। प्रेम कुमार धूमल का ड्राइवर रहा और उनकी पीठ में छुरा घोंप कर विधायक बना। धूमल को चुनाव हराने का उनका मक़सद सिर्फ पैसा कमाना था। उसकी सर्व हितकल्याणकारी संस्था को बद्दी से पैसा पहुंचता है, जिससे वह पूर्व सैनिकों को सम्मानित करता है। अपनी जेब से एक पैसा लगाकर किसी को भी राजेंद्र राणा ने आज तक सम्मानित नहीं किया। उन्होंने कहा कि बड़सर के विधायक भी 15 करोड़ रुपए में बिके हैं और उनके ख़िलाफ़ जांच हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुटलैहड़ का विधायक ने भी भाजपा की राजनीतिक मंडी में अपना सौदा किया है।

### 14 माह में ही फ्लॉप हो गई सीएम सुक्खू की फिल्म : जयराम

**धर्मशाला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सीएम सुक्खू आजकल बड़े उत्साहित हैं और कह रहे हैं कि जयराम की फिल्म फ्लॉप होने वाली है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हमने तो 5 साल का कार्यकाल पूरा किया, जबकि सुक्खू की आपकी फिल्म को 14 माह में ही फ्लॉप हो गई। शुक्रवार को धर्मशाला के कचेहरी अडडा में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि सीएम के गृह जिला हमीरपुर के तीन विधायकों ने सरकार को नमस्ते कह दिया और अपनी राह पर चल दिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू जी यह सब जो हुआ है, यह सब आपकी कृपा से हुआ है।

# संसदीय व विधानसभा क्षेत्रों के लिए चौथे दिन 18 नामांकन दाखिल

**शिमला,** 10 मई (देशबन्धु)। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि नामांकन के चौथे दिन आज संसदीय क्षेत्र हमीरपुर से सतपाल सिंह रायजादा (54) सुपुत्र प्रेम लाल सिंह, गांव लाल सिंघी, डाकघर रेनसारी, तहसील व जिला ऊना ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी, अंजना देवी (52) पत्नी सतपाल सिंह रायजादा, गांव लाल सिंघी, डाकघर रेनसारी, तहसील व जिला ऊना ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस के कवरिंग प्रत्याशी तथा कुलवंत सिंह (56) सुपुत्र तिहडू राम, गांव भल्लू, डॉ. बरठीं, तहसील झण्डूता, जिला बिलासपुर ने भारतीय जवान किसान पार्टी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। मण्डी संसदीय क्षेत्र से नरेन्द कुमार (54) सुपुत्र आजाद सिंह, गांव व डाकघर टिक्कर, तहसील बल्ह, जिला मण्डी ने राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी व विनय कुमार (42) सुपुत्र धर्म चन्द, गांव व डाकघर सिरडी, तहसील भरमौर, जिला चम्बा ने अखिल भारतीय परिवार पार्टी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से राजीव (62) सुपुत्र ओम प्रकाश, गांव व डाकघर जसूर, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा ने भारतीय जनता पार्टी और अचल सिंह (59) सुपुत्र त्रिलोक सिंह, गांव टिकरू, डाकघर संघोल, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। शिमला संसदीय क्षेत्र से रोबट कुमार (37) सुपुत्र कान्ति प्रकाश, गांव ढबलोग, डाकघर ममलीग, तहसील कन्डाघाट, जिला सोलन ने जनता कांग्रेस तथा मदन लाल (43) सुपुत्र राम लाल, गांव शहलोग जोगियां,



डाकघर सायरी, तहसील कंडाघाट, जिला सोलन ने अखिल भारतीय परिवार पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से राकेश कुमार (46) सुपुत्र श्री बाल कृष्ण, गांव व डाकघर पद्दर, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया।

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से राजेन्द्र सिंह (58) सुपुत्र राम, गांव ग्रोडू मिहालियां, डाकघर पटलांदर, तहसील सुजानपुर, जिला हमीरपुर ने भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार और अनिता कुमारी (52) पत्नी राजेन्द्र सिंह, गांव ग्रोडू मिहालियां, डाकघर पटलांदर, तहसील सुजानपुर, जिला हमीरपुर ने निर्दलीय प्रत्याशी, अनिल राणा (33) सुपुत्र श्री रणजीत सिंह रेहाल, गांव थाटी गुदरांला, डाकघर खेड़ी, तहसील सुजानपुर, जिला हमीरपुर ने निर्दलीय प्रत्याशी, रणजीत सिंह राणा (67) सुपुत्र जैशी राम, गांव कच्छ, डाकघर बीड़-बघेरा, तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस, राजेश कुमार (50) सुपुत्र सीता राम, वार्ड नम्बर-6, नखरेहाड़ सोरां, गांव टिब्बी, तहसील व जिला हमीरपुर ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया।

**सार संक्षेप**

### एसएसपी ने चौकी प्रभारी समेत चार पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

**रुद्रपुर/नैनीताल,** 10 मई (एजेंसियां)। उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले के जसपुर में शराब के नशे में धुत होकर गोलीबारी करने, बदसलूकी करने और कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में चौकी प्रभारी समेत चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोप है कि सिपाही सचिन कुमार ने शराब के नशे में चौकी में गोलीबारी के साथ धक्का मुक्की और बदसुलुकी की। इस दौरान सिपाही सुभाष कुमार ने भी इस उसका साथ दिया। वहीं, सिपाही अनिल कुमार ने बीच बचाव का प्रयास नहीं किया। चौकी प्रभारी संदीप शर्मा पर कर्तव्य में लापरवाही बरतने का आरोप है। बताया जा रहा है कि जनपद मुख्यालय में प्रशिक्षण के नाम पर वह तीन दिन तक चौकी नहीं आये। आरोप है कि उन्होंने चौकी से बाहर रुकने के लिये वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति नहीं ली। इस दौरान जमीन से जुड़े विवाद में उपरोक्त पुलिस कर्मी एक पक्ष के लोगों को चौकी ले आये और जब शराब के नशे में उनके साथ बदसलूकी की। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के पास जब शिकायत पहुंची, तो मामले से पर्दा उठा। एसएसपी डा0 मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर प्रभारी समेत चारों को निलंबित कर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने पूरी घटना के उच्चस्तरीय जांच के निर्देश भी दिये हैं।

### एसडीआरएफ ने नदी में गिरी कार से बरामद किया सैनिक का शव

**चमोली/देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जनपद के देवाल में बुधवार देर रात्रि एक अनियंत्रित वाहन नदी में जा गिरा। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने शुक्रवार सुबह उक्त वाहन से एक सैनिक का शव बरामद किया और स्थानीय नागरिक पुलिस के सुपुर्द किया गया है। एसडीआरएफ प्रवक्ता प्रमोद पेटवाल ने बताया कि बीती रात देवाल में एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नदी में गिर गया। इस घटना के बाद एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष से मिली। इस पर बल के उप निरीक्षक पुष्कर सिंह जीना के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मय आवश्यक उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

### हिसार में नहर में मिला युवक का शव

**हिसार।** हरियाणा पुलिस ने हिसार जिले के नियाना गांव की बालसमंद सब ब्रांच नहर में शुक्रवार एक युवक का शव बरामद किया। मामले की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी। शव को बरामद कर हिसार के सामान्य अस्पताल में भिजवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सुडोकू 6551 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 |

# केदारनाथ दर्शन के लिए पहुंचीं शिल्पा शेट्टी



**देहरादून,** 10 मई (देशबन्धु)। एयरपोर्ट के पास जौलीग्रांट हेलीपैड से शुक्रवार को दो धामों के लिए हेलिकॉप्टर सेवा शुरू की गई। जौलीग्रांट से पहली उड़ान में शिल्पा शेट्टी उनकी बहन शमिता शेट्टी और उनका परिवार केदारनाथ के लिए रवाना हुआ। जौलीग्रांट हेलीपैड से रुद्र रुद्राक्ष एविएशन कंपनी के एमआई 17 हेलीकॉप्टर ने दो धामों के लिए सेवाएं शुरू की हैं। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर जौलीग्रांट हेलीपैड से सुबह 11. 30 बजे एमआई 17 हेलिकॉप्टर कुल 20 श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ के लिए रवाना हुआ। पहले श्रद्धालुओं के रूप में शिल्पा शेट्टी उनकी बहन शमिता शेट्टी उनकी मां और परिवार के अन्य सदस्य बच्चों सहित इस हेलिकॉप्टर से केदारनाथ को रवाना हुए। इससे पहले रुद्राक्ष एवियशन के प्रबंधक पीके छाबरी द्वारा पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया गया। शिल्पा शेट्टी और उनका परिवार यहां होटल से छह गाड़ियों में सवार होकर जौलीग्रांट हेलीपैड पहुंचे। जिनमें से एक कार से शिल्पा शेट्टी भी हेलीपैड पहुंची। यहां से सभी लोग केदारनाथ को रवाना

# कांग्रेसी नेता रहते भारत में लेकिन इनके दिल में पाकिस्तान : अनुराग ठाकुर

### कांग्रेसी की गारण्टियां झूठी, एक भी गारंटी पूरी करने में रही नाकाम

**शिमला,** 10 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेसी नेता रहते भारत में हैं लेकिन इनका दिल पाकिस्तान में रहता है। कांग्रेस के नेता आए दिन पाकिस्तान के समर्थन में बयानबाज़ी करते हैं और वहां पाकिस्तान के नेता भारत में कांग्रेस सरकार बनने की पैरवी करते हैं। आखिर कांग्रेस और पाकिस्तान से इस प्रेम का क्या कारण है? अनुराग ठाकुर ने यह बातें आज सुजानपुर व बड़सर विधानसभा में होने वाले उपचुनावों के प्रत्याशियों के नामांकन सभा के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत में कही जहां संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने अन्य मुद्दों पर कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को जमकर घेरा। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि कांग्रेस के नेता रहते हिंदुस्तान में है पर उनका दिल पाकिस्तान में लगता है। यह लोग हिंदुस्तान में रहकर हिंदुस्तान को ही पाकिस्तान के नाम पर डराने का काम करते हैं। उधर से पाकिस्तान के नेता भारत में कांग्रेस सरकार बनने की चाहत दिखाते हैं, राहुल गांधी की तारीफ़ करते हैं। आखिर कांग्रेस और पाकिस्तान का ये रिश्ता क्या कहलाता है। कांग्रेस नेता चाहे जितना पाकिस्तान की तारीफ़



हिंदुस्तान में रहकर हिंदुस्तान को ही पाकिस्तान के नाम पर डराने का काम करते हैं: अनुराग ठाकुर

में क़ासिदे पढ़ लें लेकिन आज पाकिस्तान की हैसियत भारत को डराने की नहीं नहीं है । आज भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार है जो दुश्मनों को घर में घुसकर मारने की हिम्मत रखती है। देश का भरोसा मोदी पर है और पाकिस्तान कांग्रेस के इस गठजोड़ को जनता चुनावों में इंडी अलायंस को नकार कर इन्हें सबक़ सिखाएगी।

# देश की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता गौ धन



नई दिल्ली। गौ वंश देश की आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 'राष्ट्रीय गौधन महासंघ' के संयोजक विजय खुराना द्वारा संकलित एवं प्रकाशित पुस्तक 'गौ एवं गौवंश की संवैधानिक कानूनी स्थिति' इस बारे में विस्तृत प्रकाश डालती है। इस पुस्तक का विमोचन एवं आत्म-निर्भर गौशालाओं पर चर्चा का आयोजन विश्व युवक केंद्र, पंडित उमा शंकर दीक्षित मार्ग, तीन मूर्ति मार्ग, पर किया गया। इसका विमोचन विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यपाल असम एवं पूर्व उप-राज्यपाल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के प्रो. जगदीश मुखी थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस शम्भूनाथ श्रीवास्तव मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष तनेजा ने की।

## राज्यपाल ने किया अश्वनी वर्मा की दो पुस्तकों का विमोचन




**शिमला,** 10 मई (एजेंसियां)। हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन में वरिष्ठ पत्रकार अश्वनी वर्मा की दो पुस्तकों, 'भगवान श्री परशुराम' और 'श्री यमुना' का विमोचन किया। राज्यपाल ने लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक और आस्था पर आधारित दोनों ही पुस्तकें पाठकों के लिए ज्ञान का भण्डार हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री परशुराम पुस्तक में लेखक ने रामायण, महाभारत और विभिन्न पुराणों के संदर्भ प्रस्तुत किए हैं और भगवान परशुराम के विभिन्न रूपों का वर्णन किया है। उन्होंने कहा कि श्री रेणुका जी तीर्थ से लेकर कुरूक्षेत्र की महिमा तथा राम-लखन परशुराम संवाद सहित अनेक विषयों को श्रद्धाभाव से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि श्री यमुना नामक दूसरी पुस्तक में लेखक ने यमुना को केवल नदी नहीं बल्कि माता स्वरूप में प्रस्तुत किया है।

# झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक पर छापेमारी से हड़कंप

**नैनीताल,** 10 मई (देशबन्धु)। रामनगर और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टर की बाढ़ सी आ गई है। वहीं उपचार के दौरान कई गरीब लोग इन झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से अपनी जान तक गंवा चुके हैं। प्रशासन द्वारा समय-समय पर झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। लेकिन जैसे ही मामला शांत होता है, फिर झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हो जाते हैं। रामनगर में स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी से झोलाछाप डॉक्टरों में खलबली मची हुई है. रामनगर में एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। जिसके बाद झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है। कई झोलाछाप डॉक्टर अपने अवैध क्लीनिक बंद कर मौके से फरार हो गए। वहीं इस संबंध में जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रशांत कौशिक ने बताया कि रामनगर के मोहल्ला खताडी में एक क्लीनिक संचालित हो रहा था, जिसकी शिकायत जिलाधिकारी वंदना सिंह से की गई थी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के बाद एसडीएम रामनगर राहुल शाह द्वारा गठित टीम ने मौके पर जाकर देखा तो उक्त क्लीनिक



संचालक कोई भी वैध प्रपत्र नहीं दिखा पाया तथा मौके पर भारी मात्रा में अंग्रेजी दवाइयां का भंडारण भी पाया गया था। डॉक्टर कौशिक ने बताया कि इस मामले में उक्त क्लीनिक को सील करने के साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाने की भी कार्रवाई की गई है। उक्त क्लीनिक संचालक को अपने वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। अगर वह अपने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाता तो उसके बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशांत कौशिक ने कहा कि उनकी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल पर मतदाता जागरूक नुक्कड नाटक आयोजित : सक्सेना


**केलांग,** 10 मई (एजेंसियां)। हिमालच प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में मतदाताओं को जागरूक करने की उद्देश्य से आज अटल टनल रोहतांग में नॉर्थ पोर्टल पर जिला निर्वाचन विभाग लाहौल स्पीति द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने और जिला में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया गया।



गौरतलब है कि प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना विशेष रूप से मौजूद रहे और उन्होंने मतदाताओं से एक जून को होने वाले मतदान प्रक्रिया में स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक होकर बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए आग्रह भी किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने मुख्य सचिव को ज़िला में निर्वाचन को लेकर की गई व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और बताया कि निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक प्रबंध भी जुटाए गए हैं तथा सभी तमाम व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव दो दिवसीय लाहौल और जिला चंबा के उप मंडल किलाड़ के दौरे पर आए हैं। शनिवार को किलाड़ में भी चुनाव से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाओं का वह निर्वाचन कार्यालय में सहायक रिटर्निंग अधिकारी से जायजा लेंगे। रविवार को केलांग में वे निर्वाचन से जुड़े प्रबंधों के बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी,सहायक रिटर्निंग अधिकारी और तहसीलदार निर्वाचन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों से भी बैठक करेंगे।

## बीएलओ 'वोटर्स इन क्यू' एप का प्रशिक्षण अच्छी तरह से लें : आर के सिंह

**सिरसा,** 10 मई (एजेंसियां)। हरियाणा में जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एनआईसी वीडियो कॉफ्रेंस कक्ष में सिरसा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक में कहा कि वे वोटर्स इन क्यू एप चलाने का अच्छी तरह से प्रशिक्षण लें। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजेंद्र कुमार, डीआईओ सिकंदर, तहसीलदार चुनाव रोहित, लेखाकार मक्खन सिंह, प्रोग्रामर कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी व बीएलओ मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बीएलओ से कहा कि वे वोटर्स इन क्यू एप चलाने का अच्छी तरह से प्रशिक्षण लें। मतदान के दिन सभी बीएलओ हर आधा घंटे बाद मतदान करने के लिए पहुंचे मतदाताओं की संख्या को वोटर्स इन क्यू एप पर अपडेट करेंगे। इसमें वोट डालने के लिए लाइन में लगे लोगों की कुल संख्या, महिला और पुरूषों का डाटा भी अपडेट किया जा सकेगा। इस एप के माध्यम से मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर वोटरों की संख्या की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकेंगे। श्री सिंह ने बीएलओ से कहा कि वे अपने साथ अपडेटिड मतदाता सूची रखें ताकि मतदान करने के लिए आने वाले नागरिकों को कोई परेशानी न आए।



■ वोटर्स इन क्यू एप चलाने का अच्छी तरह से प्रशिक्षण लें : जिला निर्वाचन अधिकारी

# राज्यपाल सरकार बर्खास्त करें या बहुमत सिद्ध करने का निर्देश दें : हुड्डा

**चंडीगढ़,** 10 मई (एजेंसियां)। हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह राज्यपाल ने शुक्रवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मांग की कि तीन निर्दलीय विधायकों के प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार से समर्थन वापस लेने से अल्पमत में आ गयी सरकार को या तो तुरंत बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगायें या फिर सरकार को सदन में बहुमत साबित करने का निर्देश दें।

श्री हुड्डा के हस्ताक्षरित कांग्रेस के ज्ञापन में यह मांग की गयी है। ज्ञापन के अनुसार सोमवीर सांगवान (चरखी दादरी), रणधीर सिंह गोलन (पुण्डरी) और धर्मपाल गोंदर (नीलोखेड़ी) ने हाल में नायब सिंह सैनी सरकार से समर्थन वापस ले लिया, जिसके बाद सरकार अल्पमत में आ गयी है और सरकार के बने रहने का कोई नैतिक,



■ इंडियन नेशनल लोकदल ने भी मांग की है कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए

संवैधानिक औचित्य नहीं रह गया। ज्ञापन में बताया गया है कि जननायक जनता पार्टी (जजपा) भी स्पष्ट कर चुकी है कि वह इस सरकार को समर्थन नहीं देती। इसके अलावा इंडियन नेशनल लोकदल ने भी मांग की है कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। एक निर्दलीय विधायक बलराज कुंडु दो वर्ष पहले ही सरकार से समर्थन वापस ले चुके हैं। दो विधायक मनोहर लाल खट्टर और रंजीत सिंह चौटाला विधायक पद से इस्तीफा दे चुके हैं, अर्थात इस समय सदन में 88 सदस्य हैं और बहुमत का आंकड़ा 45 है जबकि सरकार को 43 विधायकों का ही समर्थन है। श्री हुड्डा के अनुसार आदर्श स्थिति तो यही होती कि सरकार खुद नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो राज्यपाल को सरकार को जोड़तोड़ का मौका न देते हुए तुरंत सरकार बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए और नए सिरे से विधानसभा चुनाव करवाने चाहिये या फिर सरकार से सदन में बहुमत साबित करवाने का निर्देश देना चाहिए।

# प्रादेशिकी

## राज्यपाल ने किया अश्वनी वर्मा की दो पुस्तकों का विमोचन

**शिमला।** हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन में वरिष्ठ पत्रकार अश्वनी वर्मा की दो पुस्तकों, 'भगवान श्री परशुराम' और 'श्री यमुना' का विमोचन किया। राज्यपाल ने लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक और आस्था पर आधारित दोनों ही पुस्तकें पाठकों के लिए ज्ञान का भण्डार हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री परशुराम पुस्तक में लेखक ने रामायण, महाभारत और विभिन्न पुराणों के संदर्भ प्रस्तुत किए हैं और भगवान परशुराम के विभिन्न रूपों का वर्णन किया है। उन्होंने कहा कि रेणुका तीर्थ से लेकर कुरूक्षेत्र की महिमा तथा राम-लखन परशुराम संवाद सहित अनेक विषयों को श्रद्धाभाव से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि श्री यमुना नामक दूसरी पुस्तक में लेखक ने यमुना को केवल नदी नहीं बल्कि माता स्वरूप में प्रस्तुत किया है।

# 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त 4705 शस्त्र निरस्त

**लखनऊ,** 10 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से

■ **प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों का किया जा रहा अनुपालन**

अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च से 09 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं, जबकि 4705 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 27,20,387 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें से 24,48,726 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 9059 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9149 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 522 बम बरामद कर सीज किए गए हैं। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 4016 केंद्रों पर रेड डाली गई और 173 केंद्रों को सीज किया गया।



प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1728 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 9 मई, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 32,124 लोगों को पाबंद किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 63 शस्त्र, 65 कारतूस व 08 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 38 केंद्रों पर रेड डाली गई और 01 केंद्र को सीज किया गया।

## समलैंगिक रिलेशन छिपाने के लिए किया था डबल मर्डर

**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। पुलिस ने खरखौंदा में हुए डबल मर्डर का खुलासा किया। मोंटी और मनोज समलैंगिक रिलेशनशिप में थे। दोनों शादी या प्रोग्राम में लड़की बनकर डांस करते थे। इस बीच ये अंकुश और नवीन के संपर्क में आए। दोनों ने अंकुश और नवीन का अश्लील वीडियो बना लिया। फिर शादी के लिए ब्लैकमेल करने लगे। इसी कारण अंकुश और नवीन ने मिलकर दोनों की हत्या कर दी। पुलिस इन्हीं वीडियो के जरिए दोनों आरोपी तक पहुंचे। एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने बताया, बुधवार देर शाम पांची गांव में राजू त्यागी के बाग में दो युवकों की लाश मिली। लाश को देखकर लग रहा था कि दोनों की हत्या की गई है। उनकी पहचान बिजौली गांव के मनोज (18) और नरहेडा गांव के मोंटी (24) के रूप में हुई। मामले की जांच के लिए 3 टीमों का गठन किया गया। कई जगह खंगाले गए। इस बीच टीम ने जब मोंटी का मोबाइल चेक किया तो उसमें अश्लील वीडियो मिले। पुलिस ने उसमें दिख रहे 2 युवकों को तलाशना शुरू किया। उसमें फीड नंबर मिलाकर अंकुश और नवीन को बुलाया।

# रामलला के दर पर पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**लखनऊ/अयोध्या,** 10 मई (देशबन्धु)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए। उपराष्ट्रपति पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ अयोध्या में दर्शन पूजन करने पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उपराष्ट्रपति सीधे हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। उपराष्ट्रपति ने हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। राम जन्मभूमि परिसर के भव्यमंदिर में भगवान के बाल स्वरूप का दर्शन पूजन किया। अक्षय तृतीया के मौके पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भी वह सपत्नीक शामिल हुए। इसके बाद कुबेर टीला जाकर उन्होंने भगवान शिव के मंदिर में दर्शन और पूजा किया।

उप राष्ट्रपति शुक्रवार शाम करीब चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री/अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उपराष्ट्रपति का फूल माला से भव्य स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन कर रामलला की आरती उतारी। श्रीराम का दीदार कर वे भावविभोर हो गए। उनके स्वागत में मंदिर परिसर सहित पूरे गर्भगृह को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद कुबेर टीला पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार संग कुबेश्वर महादेव का विधि विधान से दर्शन-पूजन कर आरती उतारी।

इससे पहले उन्होंने सरयू मैया की उतारी आरती। यहां उन्होंने 2100 बत्ती से आरती की। वहां से उपराष्ट्रपति सरयू आरती करने पहुंचे। उप राष्ट्रपति ने करीब आधे घंटे तक सरयू का दर्शन पूजन और आरती की।



■ **अयोध्या में हनुमानगढ़ी में भी किया दर्शन-पूजन, की सरयू मैया की आरती**

## सार संक्षेप

### सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट्स वर्गो में मवाना के 3 कैडेट्रस का कब्जा

**मवाना।** कृषक इण्टर कालिज स्थित 73 यूपी बटालियन एनसीसी मवाना में आयोजित सम्मान समारोह में उप कमान अधिकारी कर्नल शरद पाठक ने मेरठ ग्रुप सर्वश्रेष्ठ कैडेट प्रतियोगिता की विजेता सीनियर विंग की प्रथम सर्वश्रेष्ठ कैडेट सुहानी शर्मा, सीनियर डिविजन के द्वितीय सर्वश्रेष्ठ कैडेट फैजान दिलशाद व जूनियर विंग की प्रथम सर्वश्रेष्ठ कैडेट नेहा को मेडल दे सम्मानित किया। कर्नल पाठक ने कहा की मेरठ मुज्जफरनगर सहारनपुर की कुल 11 बटालियन के कैडेट्स के बीच प्रतिस्पर्धा कर सर्वश्रेष्ठ कैडेट का खिताब हासिल कर बटालियन, अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित कर में स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। इनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में इनकी एकाग्रता, लगन, मेहनत, हिम्मत के साथ-2 इनके एएनओ व पीआई स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिनके सानिध्य में इन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यहां पर द्वितीय अधिकारी अतुल देव गौतम, सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार, केयर टेकर शिखा गुप्ता, प्रधान लिपिक रजनीश कोहली, उमेश कुमार, समस्त बटालियन स्टाफ व कैडेट्स के अभिभावक उपस्थित रहे।



### रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रतिभा सम्मान अभियान की शुरूआत

**मवाना।** रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज शर्मा प्रवेश प्रभारी सुमित काकरान के दूरदर्शी नेतृत्व में रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने प्रतिभा सम्मान अभियान की शुरुआत की घोषणा की है। इस हार्दिक पहल का उद्देश्य हाल ही में घोषित यूपी बोर्ड 12वीं के नतीजों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है।



योग्य छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचानने और सम्मानित करने के प्रयास में, रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने मेरठ और मवाना क्षेत्र के प्रत्येक इंटर कॉलेज का व्यक्तिगत रूप से दौरा करने की यात्रा शुरू की है। प्रतिभा सम्मान अभियान के माध्यम से, 12वीं व् 10 वी की परीक्षा में असाधारण प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जा रहा है। प्रथम चरण में यह अभियान बीके माहेश्वरी इंटर कॉलेज मेरठ, राजकीय इंटर कॉलेज मेरठ, एसडी कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना गेट, डीएन इंटर कॉलेज, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शास्त्री नगर, इस्माइल गर्ल्स इंटर कॉलेज और राम सहाय इंटर कॉलेज मेरठ, जवाहर इंटर कॉलेज मवाना खुर्द , कृषक इंटर कॉलेज मवाना, आदर्श कन्या इंटर कॉलेज नेडू, फैज ए आम इंटर कॉलेज, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज लावड सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में चला है।

### उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मादा तेंदुए का शव मिला

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के अफजलगढ़ थाना इलाके के जामनवाला गांव में मादा तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शुक्रवार को गांव वालों ने वन कर्मियों को खेत में शव पड़े होने की सूचना दी।

# शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को शहर लेकर देहात क्षेत्रों में क्रांति दिवस मनाया गया। वहीं शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर की जन्मभूमि व पेतृक गांव पांचली में भी उनकी जन्मशताब्दी मनाई गई और सैंकड़ों लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उनकी प्रपोत्री डा. बबीता सिंह गुर्जर, मनोज राणा, दीपांशू गर्जुर, रोहित चैधरी, कपिल शर्मा, मोन्टू गुर्जर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बता दें कि धन सिंह गुर्जर का जन्म 1820 को मेरठ के पांचाली गांव में हुआ था। 10 मई 1857

■ **धन सिंह गुर्जर का जन्म 1820 को मेरठ के पांचाली गांव में हुआ था**



को मेरठ से आजादी की पहली लड़ाई की शुरुआत हुई। उस समय धन सिंह मेरठ में कोतवाल के पद पर तैनात थे। उन्होंने ही उस ऐतिहासिक पहली लड़ाई का आगाज किया था। उनके नेतृत्व में विद्रोही सैनिकों ने अग्रेजों के विरुद्ध जो कदम उठाया। वह चिंगारी देश में अंग्रेजों के खिलाफ आग के रूप में फैल गई थी। धन सिंह कोतवाल जनता के सम्पर्क में थे। उनका संदेश मिलते ही हजारों की संख्या में क्रान्तिकारी रात में मेरठ पहुंच गये। समस्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश, देहरादून, दिल्ली, मुरादाबाद, बिजनौर, आगरा, झांसी, पंजाब, राजस्थान से लेकर महाराष्ट्र तक के गुर्जर इस स्वतन्त्रता संग्राम में कूद पड़े। विद्रोह की खबर मिलते ही आस-पास के गांव के हजारों ग्रामीण गुर्जर मेरठ की सदर कोतवाली क्षेत्र में जमा हो गए। इसी कोतवाली में धन सिंह पुलिस प्रमुख थे। 10 मई 1857 को धन सिंह ने की योजना के अनुसार बड़ी चतुराई से ब्रिटिश सरकार के वफादार पुलिस कर्मियों को कोतवाली के भीतर चले जाने और वहीं रहने का आदेश दिया और धन सिंह के नेतृत्व में देर रात 2 बजे जेल तोड़कर 836 कैदियों को छुड़ाकर जेल को आग लगा दी। छुड़ाए कैदी भी क्रान्ति में शामिल हो गए। उससे पहले भीड़ ने पूरे सदर बाजार और कैंट क्षेत्र में जो कुछ भी अंग्रेजों से सम्बन्धित था सब नष्ट कर चुकी थी। रात में ही विद्रोही सैनिक दिल्ली कूच कर गए और विद्रोह मेरठ के देहात में फैल गया। इस क्रान्ति के पश्चात् ब्रिटिश सरकार ने धन सिंह को मुख्य रूप से दोषी ठहराया, और सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि धन सिंह कोतवाल क्योंकि स्वयं गुर्जर है इसलिए उसने गुर्जरो की भीड को नहीं रोका और उन्हे खुला संरक्षण दिया। इसके बाद घनसिंह को गिरफ्तार कर मेरठ के एक चैराहे पर फाँसी पर लटका दिया गया।

# उर्जा भवन में वाणिज्यिक बिन्दुओं को लेकर बैठक

**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन के निर्देशन मेंसंजय जैन निदेशक (वाणिज्य) की अध्यक्षता में डिस्काम मुख्यालय मेरठ में राजस्व लक्ष्य प्राप्ति, असेस्ट मीटर रीडिंग, झटपट पोर्टल, निवेश मित्र पोर्टल, आदि वाणिज्यिक बिन्दुओं पर बैठक आहूत हुई। बैठक में विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, मुरादाबाद, विद्युत वितरण खण्ड-नकुड एवं विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय गजरौला के अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी एवं अवर अभियन्ता तथा टी.जी.-2 स्तर तक के समस्त अधिकारी- कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।



बैठक में निदेशक (वाणिज्य) ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु प्रति दिन दो ग्रामों में उपभोक्ता शिविरों का आयोजन किया जाए जिससे उपभोक्ता अपने घर-द्वार के निकट विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण कराकर लाभान्वित हो सके। निदेशक वाणिज्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैम्पों का आयोजन व्यवस्थित रूप से किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कैम्पों के आयोजन से पूर्व कैम्पों का स्थान, कैम्प आयोजन होने की तिथि आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार डूग्गी-मुनादी, लाउडस्पीकर आदि माध्यमों से किया जाना सुनिश्चित किया जाए जिसे की उपभोक्ता कैम्पों की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कैम्पों में उपभोक्ताओं की बिल संबंधी आदि विद्युत संबंधी समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए उपखंड अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता की उपस्थिति आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जाए।

## क्रांति दिवस पर निकाली प्रभात फेरी, शहीद स्मारक पर किया गया ध्वजारोहण



**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन के सहयोग से आज क्रांति दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई जो गांधी आश्रम गढ रोड से प्रारंभ होकर इंदिरा चैक बुढाना गेट होते हुये शहीद स्मारक पर संपन्न हुई। शहीद स्मारक पर जिलाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया व उपस्थित जन समूह को शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी द्वारा संग्रहालय में 1857 की क्रांति पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल,जॉइंट मजिस्ट्रेट नारायणी, एडीएम सिटी बृजेश कुमार, एडीएम प्रशासन बलराम सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा, सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन, बीएसए आशा चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 28 सालों बाद एएस इंटर कॉलेज में कक्ष का निर्माण हुआ शुरू

**मवाना,** 10 मई (देशबन्धु)। लगभग 28 सालों बाद शुक्रवार को ए एस इंटर कॉलेज मवाना में छात्राओं ने नए कक्ष के निर्माण की नींव की पहली ईट रखी। दूसरी मंजिल पर लगभग 8 कक्षों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जो पूर्ण रूप से तकनीकी सुविधाएंयुक्त होंगे। इन सभी कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड के द्वारा शिक्षण कार्य कराया जाएगा, जो वास्तव में इस क्षेत्र की छात्राओं के लिए स्वर्णिम काल होगा।

यह जानकारी देते हुए कालेज के प्रधानाचार्य डा.मेघराज सिंह ने बताया कि प्रबंध समिति के पदाधिकरियों और शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से अक्षत तृतीया तथा मेरठ की क्रांति दिवस के दिन दूसरी मंजिल पर कक्ष का निर्माण कार्य शुरू कराया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या 2500 से अधिक होने के कारण शिक्षण के लिए कक्षों की संख्या कम होती जा रही है, छात्र-छात्राओं की सुविधा को मध्य नजर रखते हुए नए कक्षों का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है जिसे पूर्ण रूप से डिजिटल बनाया जाएगा।



कालेज प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार ने बताया कि क्षेत्र के कालेजों की अपेक्षा उनके कालेज में छात्र-छात्राओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, जिस कारण कक्षों का निर्माण कराया जाना जरूरी हो गया था। कालेज में 28 सालों बाद कक्षों को निर्मझा कार्य शुरू कराया गया है। नए कक्ष के निर्माण का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं, प्रबंध समिति के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह के साथ कालेज परिवार ने किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया कि शुभ कार्य को करने के लिए विद्यालय की छात्राओं के द्वारा नींव की प्रथम ईंट रखी गई। दूसरी मंजिल पर लगभग 8 कक्ष का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जो पूर्ण रूप से तकनीकी सुविधा युक्त होगा।

# सुभारती विधि संस्थान में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में बीएएलएलबी 2019 बैच के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुभारती मेडिकल कॉलेज के डीन व प्राचार्य डॉ. प्रदीप भारती, सुभारती विधि संस्थान के निदेशक (पूर्व न्यायमूर्ति प्रयागराज हाईकोर्ट) राजेश चन्द्रा एवं सुभारती विधि संस्थान के संकायाध्यक्ष डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप भारती ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, कहा कि छात्र जीवन बहुत महत्वपूर्ण है, जो कुछ भी ज्ञान आपने प्राप्त किया है, उसे समाज व देश की भलाई के लिये आप उपयोग कर अपने संस्थान विश्वविद्यालय को गौरवन्वित करेंगे ऐसा हम सबका विश्वास है। उन्होंने सभी छात्रों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान कीं। सुभारती विधि संस्थान के निदेशक राजेश चन्द्रा ने कहा कि आप सभी छात्रों के हाथों में परिवार, समाज व राष्ट्र के निर्माण का भार है। इस जिम्मेदारी को समझें और अपने भविष्य का निर्माण करे। संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने कहा कि जो कुछ भी ज्ञान व अनुभव आपने यहाँ से प्राप्त किया है, उसका उपयोग सदैव देशहित में करें। उन्होंने कहा कि सुभारती विधि संस्थान का उद्देश्य विधि के क्षेत्र में संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए अपने विद्यार्थियों में विधिक ज्ञान रोपित करना है। इस दौरान कसक, अंकिता, कस्तूरी, काजल, दीक्षा, आदि छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति का प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का संचालन छात्र परमजीत व छात्रा ग्रेसी चौधरी ने किया । हैदर, प्रियांशु, मानसी, शिष्य, अजय आदि छात्रों का योगदान रहा । इस कार्यक्रम में डॉ. रीना विश्नोई, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. सरताज अहमद, डॉ. प्रेमचंद, डॉ. रफत, आफरीन अल्मास, विकास त्यागी, शालिनी गोयल, एना सिसौदिया, अजय राज सिंह, सोनल जैन आशुतोष देशवाल, अरशद आलम आदि शिक्षक उपस्थित रहें।



**आप सभी छात्रों के हाथों में परिवार, समाज व राष्ट्र के निर्माण का भार है : राजेश चन्द्रा, निदेशक**

## कांति दिवस के अवसर पर बाल भारती के विद्यार्थियों ने किया अमर शहीदों को शत-शत नमन

**मवाना,** 10 मई (देशबन्धु)। बाल भारती पब्लिक स्कूल मवाना में क्रांति दिवस के उपलक्ष पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें देश के उन सभी सपूतों को जिन्होंने आजादी का बिगुल बजाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था को शत-शत नमन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न क्रांतिकारियों का रूप धारण किया जैसे रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, मंगल पांडे, महाराणा प्रताप तथा अपने-अपने पात्रों का सजीव चित्रण किया। प्रकाश डालते हुए प्रधान अध्यापिका प्रधानाध्यापिका संगीता रस्तोगी ने बच्चों को बताया कि 10 मई देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है. आज के दिन साल 1857 में उत्तर प्रदेश के मेरठ से आजादी की पहली लड़ाई की शुरुआत हुई थी इस दिन कुछ भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश राज के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका था। हम और हमारे आने वाली पीढ़ी सदा उन क्रांतिकारियों के ऋणी रहेंगे जिनकी वजह से आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। कार्यक्रम में आरव, आतिफ, गीताक्षी, अर्णव आदि बच्चों ने भाग लिया।



देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 11 मई, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17




# उप्र के चौथे चरण में सभी राजनीतिक दलों ने कसी कमर

## भाजपा के सामने 2019 में जीती गई 13 सीटें बरकरार रखने की चुनौती

**लखनऊ,** 10 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में 13 मई को चौथे चरण का मतदान होगा। भाजपा के सामने 2019 में जीती गई सभी 13 सीटें बरकरार रखने की चुनौती है, जबकि विपक्ष सत्तारूढ़ पार्टी से कम से कम कुछ सीटें छीनने के लिए संघर्ष कर रहा है। चौथे चरण में शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में मतदान होना है।

साल 2019 में भाजपा ने अवध और बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी सीटें जीती थीं। पूर्व सीएम अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को कन्नौज में भाजपा के सुब्रत पाठक के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। इस बार सबकी निगाहें फिर से कन्नौज पर हैं। इस सीट पर सुब्रत पाठक के खिलाफ अखिलेश यादव ही चुनाव लड़ रहे हैं।

2019 में सपा ने लखीमपुर खीरी, हरदोई, उन्नाव, इटावा, कन्नौज और बहराइच में दूसरे नंबर पर रही थी। जबकि बसपा शाहजहांपुर, धौरहरा, सीतापुर, मिश्रिख, फर्रुखाबाद और अकबरपुर में दूसरे स्थान पर रही थी। कानपुर में कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही थी। चौथे चरण में भाजपा ने कानपुर और बहराइच को छोड़कर बाकी सीटों पर अपने मौजूदा सांसदों को मैदान में उतारा है। शाहजहांपुर में इस बार भाजपा के अरुण कुमार सागर, सपा की ज्योत्सना गोंड और बसपा के दाउद राम वर्मा के बीच




त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। लखीमपुर खीरी निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र 'टेनी' का सीधा मुकाबला सपा के उत्कर्ष वर्मा से है। धौरहरा में मौजूदा भाजपा सांसद रेखा वर्मा और सपा के आनंद भदौरिया के बीच मुकाबला होगा। सीतापुर में भाजपा के राजेश वर्मा कांग्रेस के राकेश राठौड़ को चुनौती दे रहे हैं। बसपा प्रत्याशी महेंद्र यादव मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। हरदोई लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के जयप्रकाश रावत का मुकाबला सपा की उषा वर्मा से होगा। यहां बसपा के उम्मीदवार भीमराव अंबेडकर हैं। मिश्रिख सीट पर भाजपा के अशोक कुमार रावत का मुकाबला सपा की संगीता राजवंशी से है, जबकि बसपा के उम्मीदवार बीआर अहिरवार हैं। उन्नाव में भाजपा के साक्षी महाराज, सपा की अन्नू टंडन और बसपा के अशोक पांडे के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। फर्रुखाबाद में भाजपा के मुकेश राजपूत, सपा के नवल किशोर शाक्य और बसपा के क्रांति पांडे को चुनौती देंगे।

इटावा में भाजपा के राम शंकर कठेरिया का मुकाबला सपा के जितेंद्र दोहरे और बसपा की सारिका बघेल से है। कन्नौज में भाजपा के सुब्रत पाठक और अखिलेश यादव के बीच सीधी और कांटे की टक्कर होगी। यहां बसपा के उम्मीदवार इमरान हैं। कानपुर का चुनाव पहली बार चुनाव लड़ने वालों के बीच प्रतिस्पर्धा से चिह्नित है। भाजपा उम्मीदवार रमेश अवस्थी हैं और उन्हें कांग्रेस के आलोक मिश्रा चुनौती दे रहे हैं। बसपा के प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया हैं। अकबरपुर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद देवेंद्र सिंह 'भोले', सपा से राजाराम पाल और बसपा से राजेश कुमार द्विवेदी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। कानपुर के बाद बहराईच एक और निर्वाचन क्षेत्र है जहां भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद को बदला है। पार्टी ने मौजूदा सांसद अक्षयवर लाल गौड़ के बेटे आनंद गौड़ को मैदान में उतारा है। सपा के उम्मीदवार रमेश गौतम हैं जबकि बसपा ने बिरजेश को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## आंध्र विधानसभा चुनाव : क्या एनटीआर के बेटे बलय्या का टीडीपी के गढ़ हिंदूपुर पर कब्जा रहेगा बरकरार?

**अमरावती,** 10 मई (एजेंसियां)। टॉलीवुड के दो प्रमुख कलाकार आंध्र प्रदेश में 13 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में हैं। जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण एक बार फिर अपनी पहली चुनावी जीत के लिए प्रयासरत हैं, तो वहीं नंदमुरी बालकृष्ण का लक्ष्य जीत का हैट्रिक बनाना है। पवन कल्याण, 2019 में दो सीटों पर चुनाव लड़े थे और दोनों हार गए थे। इस बार तटीय आंध्र में काकीनाडा जिले के पीथापुरम से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री एन. टी. रामाराव (एनटीआर) के बेटे बालकृष्ण, रायलसीमा क्षेत्र में श्री सत्य साई जिले के हिंदूपुर से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

1983 के बाद से आंध्र प्रदेश में ग्लैमर हर चुनाव का हिस्सा रहा है। उस वर्ष प्रसिद्ध अभिनेता एनटीआर ने राजनीति में कदम रखा था। उसके बाद राज्य का राजनीतिक परिदृश्य बदल गया।

लोगों के बीच बलय्या नाम से प्रसिद्ध बालकृष्ण को इस बार हिंदूपुर से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र से उनके पिता एनटीआर भी चुनाव लड़ा करते थे। 2014 और 2019 की तरह इस बार भी उनका सीधा मुकाबला वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के उम्मीदवार से है। इस बार सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी ने महिला उम्मीदवार तिप्पेगौड़ा नारायण दीपिका को मैदान में उतारा है।

दीपिका ने 14 साल की उम्र में 1974 की तेलुगु फिल्म 'ततम्मा काला' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। 63 वर्षीय दीपिका ने 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। टीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साले बलय्या ने 2014 में हिंदूपुर से जीत से साथ राजनीति में कदम रखा। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी वाईएसआरसीपी के बी. नवीन निश्चल को 16,196 वोटों से हराया। 2019 में, राज्य भर में वाईएसआरसीपी की लहर के बावजूद, बलय्या ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी शेख मोहम्मद इकबाल को 18,028 वोटों से हराकर सीट बरकरार रखी। इकबाल को बाद में वाईएसआरसीपी ने विधान परिषद का सदस्य बनाया था। वह हाल ही में टीडीपी में शामिल हुए। इस बार कांग्रेस पार्टी ने मोहम्मद हुसैन इनायतुल्लाह को मैदान में उतारा है। हालांकि मुकाबला बलय्या और दीपिका के बीच होने की संभावना है।

पिछड़े वर्ग की दीपिका वाईएसआरसीपी नेता वेणुगोपाल की पत्नी हैं। वाईएसआरसीपी के रायलसीमा समन्वयक और राज्य मंत्री पेद्दीरेड्डी रामचंद्र रेड्डी चुनाव अभियान में उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं को यहां निर्णायक माना जाता है। इसलिए वाईएसआरसीपी दोनों वर्गों का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रही है। टीडीपी का जन सेना पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन है। इसलिए टीडीपी खेमे को भरोसा है



■ मुकाबला बलय्या और दीपिका के बीच होने की संभावना

कि बलय्या आरामदायक अंतर से सीट बरकरार रखेंगे। कम्मा बालकृष्ण भी पिछड़े वर्गों और मुसलमानों के समर्थन पर भरोसा कर रहे हैं। उनकी पत्नी और बेटियां भी उनके लिए प्रचार कर रही हैं।

वाईएसआरसीपी का हिंदूपुर सीट पर विशेष ध्यान है। दीपिका को उम्मीद है कि वाईएसआरसीपी सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पार्टी को हिंदूपुर में पहली जीत दिलाएंगी। यह सीट 1983 से टीडीपी का किला बना हुआ है। 1983 में पी. रंगनायुकुलु के यहां से चुने जाने के बाद से टीडीपी यहां से कभी चुनाव नहीं हारी है।

एनटीआर का हिंदूपुर से खास रिश्ता था। उन्होंने तीन बार सीट जीती। वह दो बार मुख्यमंत्री बने और एक बार विपक्ष के नेता की भूमिका निभाई। 1985 में व तीन सीटों (तटीय आंध्र, रायलसीमा और तेलंगाना में एक) से चुनाव लड़ा और तीनों से चुने गए। बाद में दो अन्य सीट को छोड़ दिया और हिंदूपुर का प्रतिनिधित्व किया।

1989 में, एनटीआर ने हिंदूपुर से फिर से चुनाव लड़ा और सीट बरकरार रखी। उन्होंने 1994 में हिंदूपुर से लगातार तीसरी बार जीत हासिल कर सत्ता में वापसी की। 1996 में एनटीआर की मृत्यु के कुछ महीने बाद, उनके दामाद चंद्रबाबू नायडू ने मुख्यमंत्री बनने के लिए विद्रोह का नेतृत्व किया। इसके परिणामस्वरूप उपचुनाव हुआ और एनटीआर के बड़े बेटे नंदमुरी हरिकृष्ण को टीडीपी उम्मीदवार के रूप में चुना गया। हालांकि एनटीआर के परिवार के सदस्यों ने 1999, 2004 और 2009 का चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन पार्टी ने सीट बरकरार रखी। एनटीआर और उनकी पत्नी बासवतारकम के सात बेटे और चार बेटियां थीं। लेकिन उनमें से कोई भी उनका राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं बन सका। एनटीआर के दामाद चंद्रबाबू नायडू ने टीडीपी संस्थापक की राजनीतिक विरासत को सफलतापूर्वक संभाला।

## मध्य प्रदेश : अपने चुनाव से निपट चुके दिग्गजों ने संभाली प्रचार की कमान

**भोपाल,** 10 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में होने वाले चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोर पकड़ चुका है। इस चरण के प्रचार के लिए वे दिग्गज नेता भी मैदान में उतर आए हैं, जो अपना चुनाव निपटा चुके हैं। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं, जिनमें से 21 पर तीन चरणों में मतदान हो चुका है और चौथे चरण में 8 सीटों पर मतदान होने वाला है। तीसरे चरण में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में मतदान हो चुका है। दोनों पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और दिग्विजय सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव निपटाने के बाद गुरुवार से उन



सीटों पर सक्रिय हो गए हैं, जहां पर चौथे चरण में मतदान होना है।

दिग्विजय सिंह रतलाम झाबुआ संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा और अन्य कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की। पूर्व मुख्यमंत्री सिंह पूरे चुनाव के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में ही रहे और किसी अन्य स्थान पर प्रचार करने नहीं पहुंचे। मतदान होने के बाद अब वे चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की चुनाव के हर चरण में विभिन्न क्षेत्रों से मांग रही और यही कारण रहा कि वे अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा के अलावा अन्य इलाकों में भी प्रचार करने पहुंचे। तीसरे चरण में उनके संसदीय क्षेत्र में मतदान हो चुका है और अब चौथे चरण के चुनाव के प्रचार के लिए पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। गुरुवार को उन्होंने खंडवा संसदीय क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने गांधी परिवार पर जमकर हमला किया।

### इंदौर में नोटा पर सियासी संग्राम

## कोई पिला रहा 'चाय', कोई याद दिला रहा 'नोट की बात'



**इंदौर,** 10 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर की लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार की ओर से नामांकन वापस लिए जाने के बाद नोटा पर सियासत गर्मा गई है। इंदौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होने वाला है। यहां से भाजपा ने शंकर लालवानी को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। जबकि, कांग्रेस ने अक्षय कांति बम को उम्मीदवार बनाया था। मगर, उन्होंने न केवल अपना नाम वापस ले लिया बल्कि भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण कर ली। इससे चुनाव से कांग्रेस बाहर हो गई है। कांग्रेस के चुनाव से बाहर होने के बाद से ही पार्टी के तमाम बड़े नेता मतदाताओं से नोटा का बटन दबाने की अपील कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने तो स्वच्छता में नंबर एक पर रहने वाले इंदौर के लोगों से राजनीति में भी स्वच्छता का साथ देने की अपील की है। उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए लोगों से नोटा का बटन दबाने की अपील की। इतना ही नहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो नोटा के समर्थन में एक अभियान भी छेड़ रखा है। इस अभियान के तहत लोगों को 'नोटा चाय' पिलाई जा रही है और उनसे नोटा का बटन दबाने की भी अपील की जा रही है।

एक तरफ जहां कांग्रेस नोटा के लिए अभियान चला कर पोस्टर लगा रही है तो दूसरी ओर भाजपा भी कांग्रेस के खिलाफ अभियान में जुटी है। भाजपा की ओर से कांग्रेस पर हमला करते हुए पोस्टर लगाए जा रहे हैं, जिन पर लिखा है, 'नोट चलाने वाले अब नोटा चला रहे हैं, राष्ट्रहित में मतदान करें।'

इसके साथ ही राज्य सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत की ओर से नोटा को लेकर दिया गया बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। विजयवर्गीय ने लिखा कि लोकतंत्र में उपलब्ध प्रत्याशियों में से जो सर्वाधिक योग्य लगे, उसे अपना मत देने में ही समझदारी है। नोटा का विकल्प हमारे हित में नहीं है। इंदौर में इन दिनों उम्मीदवारों के प्रचार से ज्यादा नोटा की चर्चा है। कांग्रेस लोगों से नोटा का बटन दबाने की अपील कर रही है तो भाजपा लोगों को यह समझने में लगी है कि वह सबसे बेहतर उम्मीदवार का चयन करें।

## भाजपा के निशिकांत और सीता सोरेन, झामुमो के नलिन सोरेन और विजय हांसदा सहित दिग्गजों ने भरे पर्चे

**रांची,** 10 मई (एजेंसियां)। झारखंड के दुमका, गोड्डा और राजमहल लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को एनडीए और इंडी गठबंधन के दिग्गज प्रत्याशियों ने नामांकन के पर्चे दाखिल कर दिए। पर्चा भरने वालों में गोड्डा सीट पर भाजपा के निशिकांत दुबे, दुमका सीट पर भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन, राजमहल में झामुमो के विजय हांसदा और भाजपा के ताला मरांडी शामिल हैं। इस दौरान प्रत्याशियों और पार्टियों ने जनसभाओं एवं रोड शो के जरिए अपनी ताकत दिखाई। इन तीनों सीटों पर सबसे आखिरी चरण में 1 जून को



चुनाव होना है। गोड्डा में मौजूदा सांसद और भाजपा के प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने नामांकन के पूर्व देवघर स्थित ज्योतिर्लिंग बाबा वैद्यनाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना की। वह देवघर से लोकल ट्रेन से गोड्डा पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैंने वर्ष 2019 के चुनाव में गोड्डा की जनता से वादा किया था कि वे 2024 में देवघर से ट्रेन पर चढ़कर नामांकन करने गोड्डा पहुंचेंगे। यह वादा पूरा हुआ है और यही मोदी की गारंटी है। नामांकन दाखिल करने के बाद गोड्डा में जनसभा भी हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह खास तौर पर शामिल रहे। इस सीट पर निशिकांत दुबे का मुकाबला कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव से होना है। दुमका में झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन की बड़ी बहू और जामा क्षेत्र की विधायक सीता सोरेन ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर पर्चा भरा। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहे। बाद में दुमका के यज्ञ मैदान में एक बड़ी सभा भी हुई, जिसे मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। दूसरी तरफ इसी सीट पर झामुमो के प्रत्याशी और शिकारीपाड़ा इलाके के विधायक नलिन सोरेन ने पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में आयोजित सभा में सीएम चंपई सोरेन और झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना ने उनके लिए वोट मांगे।

## मराठवाड़ा में तीन संसदीय सीटों पर कड़ी टक्कर

### औरंगाबाद, जालना और बीड़ में होने वाले आम चुनाव में सबसे अहम जाति

**छत्रपति संभाजीनगर,** 10 मई (एजेंसियां)। लोक सभा चुनाव के चौथे चरण (13 मई) में महाराष्ट्र की तीन संसदीय सीटों पर मतदान होगा। राजनीति पर्यवेक्षकों कहना है कि मराठवाड़ा क्षेत्र के तीन निर्वाचन क्षेत्र औरंगाबाद, जालना और बीड़ में होने वाले आम चुनाव में सबसे अहम जाति और उनकी प्राथमिकताएं हैं।

पंकजा मुंडे पूर्व विधायक एवं भाजपा के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे की पुत्री हैं। उनको बीड़ निर्वाचन क्षेत्र में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मराठवाड़ा के लोगों में मराठा जाति के ध्रुवीकरण से नाराज हैं लेकिन मराठासियों के नाराजगी का फायदा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकापा-शरद पवार) के उम्मीदवार बजरंग सोनवाले को मिल सकता है। लोक सभा संसदीय क्षेत्र बीड़ के कई ग्रामीण इलाकों में चुनावी जनसभाओं के दौरान उनका गर्मजोशी से स्वागत किया जा रहा है। बीड़ लोक सभा क्षेत्रों गेवरई, माजलगांव और बीड़ विधानसभा क्षेत्रों के लोग आरक्षण मुद्दे को लेकर खासा नाराज हैं। इसलिये उन्होंने मुद्दे को स्पष्ट करने के लिए पंकजा मुंडे को घेरा है और उनसे कई सवाल किये हैं। फिलहाल, निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ वर्ग के लोग नाराज होने के बावजूद पंकजा मुंडे को पिछड़ा अन्य वर्ग (ओबीसी) का साथ फिर भी मिल रहा है। लोक सभा चुनाव से पहले, पंकजा मुंडे ने भाजपा पार्टी में आंतरिक कलह को लेकर पार्टी नेताओं के साथ अपनी चिंता जाहिर की है। आम चुनाव में भाजपा और रांकापा एक दूसरे के साथ है यानी गठबंधन में है। इसलिए धनंजय मुंडे जो मुंडे के चचेरे भाई हैं उनका चुनाव प्रचार में साथ दे रहे हैं। इससे पहले, शिंदे सरकार में मुंडे के चचेरे भाई ने ही उनको परली वैजनाथ संसदीय क्षेत्र से पिछले विधानसभा चुनाव में हरा दिया था।

## कश्मीर में प्राक्सी चुनाव लड़ रही है भाजपा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 10 मई (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव से पहले एक रणनीतिक कदम में, भाजपा ने कश्मीर डिवीजन की तीन संसदीय सीटों- अनंतनाग, बारामुल्ला व श्रीनगर के लिए अपने उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला करके यह स्पष्ट कर दिया था कि वह कश्मीर में अपने 'दोस्त राजनीतिक दलों' के माध्यम से प्राक्सी चुनाव लड़ेगी। हालांकि उसके इस फैसले ने उसके काडर को पशोपेश में डाला हुआ है। हालांकि भाजपा नेता कहते थे कि पार्टी ने उम्मीवार खड़ा करने की बजाय स्थानीय गैर-वंशवादी राजनीतिक संगठनों को अपना समर्थन देने का विकल्प चुना है, जो घाटी में गैर-पारंपरिक वोट बैंक को मजबूत करने के प्रयास का संकेत है। बारामुल्ला निर्वाचन क्षेत्र में एक भयंकर मुकाबला होता जा रहा है, जिसमें पीपुल्स कांफ्रेंस (पीसी) के सज्जाद गनी लोन का मुकाबला नेकां के उमर अब्दुल्ला और पीडीपी के फैयाज मीर से है। लोन को भाजपा कैडर से समर्थन मिलने की उम्मीद है और उन्होंने 'नेकां विरोधी वोट' के रूप में संदर्भित अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए समर्थन भी मांगा है। नेकां ने पहले भी दस बार यह सीट जीती है, लेकिन लोन का लक्ष्य पार्टी के प्रभुत्व को चुनौती देने के लिए विभाजित सत्ता विरोधी वोटों को एकजुट करना है।

### बारामुल्ला निर्वाचन क्षेत्र में होगा भयंकर मुकाबला

श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र में, नेकां ने बडगाम जिले से शिया मुस्लिम उम्मीदवार सैयद रुहुल्ला मेहदी को मैदान में उतारा है। हालांकि, इस सीट पर अधिकांश मतदाता सुन्नी मुसलमान हैं, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से सुन्नी उम्मीदवारों का समर्थन किया है। उम्मीद है कि भाजपा इस निर्वाचन क्षेत्र में अपनी पार्टी के अशरफ मीर के पीछे अपना जोर लगाएगी। प्रमुख युद्ध क्षेत्रों में से एक अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र है, जिसमें कश्मीर और जम्मू दोनों डिवीजनों के मतदान क्षेत्र शामिल हैं। जबकि नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने अपने प्रमुख गुज्जर/बकरवाल नेता मियां अल्ताफ अहमद को मैदान में उतारा है, भाजपा को पुंछ और राजौरी जिलों में पर्याप्त समर्थन प्राप्त है। सैयद अल्ताफ बुखारी की अध्यक्षता वाली जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी ने पहाड़ी समुदाय के सदस्य जफर इकबाल मन्हास को नामांकित किया है और उन्हें भाजपा का समर्थन मिलने की संभावना है।

उम्मीद है कि पहाड़ी और गुज्जर/बकरवाल समुदाय इन चुनावों के नतीजे तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का भाजपा का फैसला और नेशनल कांफ्रेंस द्वारा प्रमुख गुज्जर/बकरवाल नेताओं को मैदान में उतारना इन समुदायों के वोटिंग पैटर्न को प्रभावित कर सकता है। अपनी पार्टी के नेता सैयद अल्ताफ बुखारी ने 'खोखले नारों और वादों' के बजाय प्राप्त करने योग्य उद्देश्यों और व्यवहारिक शासन के वादों के साथ मतदाताओं से अपील करने में विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति अपना समर्थन जताया है और छिपे हुए राष्ट्रवाद या अर्ध-अलगाववादी राजनीति के आरोपों को खारिज कर दिया है। जबकि बुखारी का राज्य का दर्जा, भूमि अधिकार, रोजगार, शिक्षा, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवा पर जोर ठोस प्रगति चाहने वाले मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित हो सकता है, क्षेत्र की भावनाओं के लिए नेकां और पीडीपी की पारंपरिक अपील को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। इन चुनावों के नतीजे क्षेत्र की बदलती राजनीतिक गतिशीलता और इसके मतदाताओं की उभरती आकांक्षाओं के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे।

## राज कपूर को नहीं पहचानते थे हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसी लाल

**पटना,** 10 मई (एजेंसियां)। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसी लाल ने बॉलीवुड के महान फिल्मकार-अभिनेता शो मैन राज कपूर को पहचानने से इंकार कर दिया था। वर्ष 1971 में दरभंगा सीट पर हुए चुनाव में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के विनोदानंद झा ने जीत हासिल की। झा के निधन के बाद वर्ष 1972 में हुए उप चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता ललित नारायण मिश्रा ने जीत हासिल की। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मिश्रा को फरवरी 1973 में रेल मंत्रालय की अहम जिम्मेवारी दी। ललित नारायण मिश्र सांस्कृतिक अभिरुचि के आदमी थे। उनका फिल्म अभिनेताओं से भी परिचय था। जब ललित नारायण मिश्र रेल मंत्री थे तब उनके सरकारी बंगले पर एक भोज का आयोजन किया गया था। इस भोज में राजनीतिज्ञों के साथ-साथ मशहूर फिल्मकार-अभिनेता राज कपूर को भी आमंत्रित किया था। उन दिनों हरियाणा के मुख्यमंत्री बंसी लाल भी भोज में शामिल थे।

ललित नारायण मिश्रा राज कपूर को लेकर बंसी लाल के पास पहुंचे। राज कपूर बंसी लाल



■ वर्ष 1972 में हुए उप चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता ललित नारायण मिश्रा ने हासिल की थी जीत

के पास खड़े रहे लेकिन उन्होंने उनकी तरफ देखा भी नहीं। बंसी लाल, ललित बाबू से उम्दा भोज के बारे में बातें करते रहे। यह देख कर ललित बाबू सकपका गए। अंत में उन्हें कहना पड़ा, बंसी लाल जी, इनसे मिलिए ये हैं राज कपूर। तब बंसी लाल ने राज कपूर से हाथ मिलाया और कहा, अच्छा-अच्छा आपका तो फरीदाबाद में बिजनेस है। ये सुन कर राज कपूर ने कहा, नहीं- नहीं मेरा फरीदाबाद में कोई बिजनेस नहीं है। फिर बंसी लाल ने पूछा, तो आप काम क्या करते हैं। राज कपूर ने शालिनता से उत्तर दिया, जी मैं फिल्मों में काम करता हूं। इतने पर भी बंसी लाल नहीं रुके, उन्होंने कहा, ओह, आप नौटंकी में काम करते हैं। इस बात से राज कपूर असहज हो गये। उन्होंने माहौल को ठंडा करने के लिए जोर का ठहाका लगाया और कहा, हद कर दी बंसी जी आपने, आप भारत के इतने बड़े एक्टर और डायरेक्टर को भी नहीं जानते। आप जरूर राज सहब से मजाक कर रहे थे। फिर तो पार्टी में मौजूद सभी लोग हंसने लगे। जब राज कपूर के होठों पर भी मुस्कान आयी तब जा कर ललित बाबू के जान में जान आयी। बंसी लाल ने अपने जीवन में केवल एक ही फिल्म देखी थी- डॉक्टर कोटनिश की अमर कहानी। ये गंभीर फिल्म थी। वे सचमुच राज कपूर को नहीं पहचानते थे।

स्वर्गीय ललित नारायण मिश्रा ने वर्ष 1952 में दरभंगा भागलपुर सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। वर्ष 1957 में ललित नारायण मिश्रा ने सहरसा लोकसभा सीट से जीत हासिल की। सहरसा सीट वर्ष 1957 में ही अस्तित्व में आयी थी और इसके पहले सासंद ललित नारायण मिश्रा हुए। ललित नारायण मिश्रा दो बार राज्यसभा सांसद चुने गए। वह पंडित नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री और इंदिरा गांधी की सरकार में केन्द्रीय मंत्री भी रहे थे।दो जनवरी 1975, बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर एक सभा चल रही थी, जिसे तत्कालीन रेल मंत्री ललित नारायण मिश्रा संबोधित कर रहे थे। उसी समय वहां एक बम फेंका गया, जिसमें श्री मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए और अगले दिन तीन जनवरी को अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

स्वर्गीय ललित नारायण मिश्रा वर्ष 1952 में दरभंगा भागलपुर सीट से चुनाव जीतकर पहली बार सांसद बने थे।ललित बाबू की राजनीति में दरभंगा का अहम योगदान रहा। यहां के अंतिम महाराज कामेश्वर सिंह से भी उनके संबंध मधुर रहे। यहां की यूनिवर्सिटी भी ललित बाबू के नाम पर (ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय) है। दरभंगा सीट पर बिहार में चौथे चरण के तहत 13 मई को चुनाव है।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 2.80 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.63 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.45 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 2.28 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.88 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 1.62 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.95 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.79 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.74 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.73 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत में लग्जरी व प्रीमियम घरों की मांग में उछाल : रिपोर्ट



■ बजट होम की मांग में आई कमी
■ 2024 की पहली तिमाही में 26,545 अफोर्डेबल होम बिके

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत में लग्जरी और प्रीमियम घरों की मांग में पिछले पांच वर्षों में बड़ा उछाल देखने को मिला है। 2019 की पहली तिमाही में बिकने वाली घरों में लग्जरी होम की संख्या 7 प्रतिशत थी, जो कि 2024 की पहली तिमाही में बढ़कर 21 प्रतिशत हो चुकी है। इस दौरान बजट घरों या अफोर्डेबल होम की बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट हुई है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में सामने आई।

प्रॉपर्टी कंसल्टेंट फर्म एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी से मार्च की अवधि में देश के सात बड़े शहरों में कुल 1.30 लाख घर बिके थे, जिसमें से 27,070 यूनिट्स (21 प्रतिशत) लग्जरी घर थे। वहीं, 2019 की पहली तिमाही में ये आंकड़ा 7 प्रतिशत पर था, यानी, पिछले पांच वर्षों में इसमें 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है।


2024 की पहली तिमाही में 26,545 अफोर्डेबल होम बिके थे, जो कि कुल घरों की बिक्री का 20 प्रतिशत था। पांच वर्ष पहले यह संख्या 37 प्रतिशत पर थी। एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि लग्जरी घरों की मांग और आपूर्ति दोनों में इजाफा देखने को मिल रहा है। वहीं, अफोर्डेबल होम की मांग फिलहाल कम है। अच्छी लोकेशन पर ब्रांडेड डेवलपर्स के लग्जरी घरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। पहली तिमाही में दिल्ली-एनसीआर में कुल 15,645 घरों की बिक्री हुई थी, जिसमें से 6,060 यूनिट्स या 39 प्रतिशत घर लग्जरी थे और इनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपए से अधिक थी। पांच वर्ष पहले दिल्ली-एनसीआर में कुल 13,740 घरों की बिक्री हुई थी, जिसमें से 4 प्रतिशत ही लग्जरी घर थे। 2024 की पहली तिमाही में बेंगलुरु, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एएमआर), चेन्नई, पुणे और हैदराबाद में बिकने वाले ज्यादातर घर मिड-रेंज और प्रीमियम सेगमेंट (40 लाख से लेकर 1.5 करोड़ रुपए तक) के थे। 2024 की पहली तिमाही में अफोर्डेबल घरों की बिक्री कुल बिक्री में घटकर 18 प्रतिशत रह गई है। यह पांच वर्ष पहले समान अवधि में 40 प्रतिशत पर थी।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 641.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आह्रण अधिकार (एसडीआर) में हुई बढ़ोतरी की बदौलत 03 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.7 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 641.6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 637.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 03 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 564.2 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.9 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 20 लाख डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.1 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 14 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.5 अरब डॉलर पर आ गया।

## वैश्विक तकनीक महाशक्ति बनने की तरफ बढ़ रहा भारत : गुप्ता

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। 11 मई को पड़ने वाले राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस से पहले इंडस्ट्री लीडर्स ने शुक्रवार को कहा कि बढ़ते टेक इकोसिस्टम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर जोर देने के कारण भारत आज दुनिया में वैश्विक तकनीक महाशक्ति बनने की कगार पर पहुंच गया है।



आईटी कंपनी सेल प्वाइंट इंडिया के प्रबंध निदेशक, अभिषेक गुप्ता ने कहा कि स्टार्टअप से लेकर बड़ी कंपनी बनने तक, एआई को टेक्नोलॉजी से जोड़कर अभूतपूर्व दक्षता हासिल करना, नवाचार एवं उसको बढ़ाना, साथ ही एक युवा और दक्ष वर्कफोर्स के कारण भारत डिजिटल युग में एक अग्रणी देश बन चुका है। सरकार भी टेक्नोलॉजी के महत्व को जानती है और एआई का फायदा उठाने के लिए कदम उठा रही है। वृद्धि और उन्नति के अगले चरण में एआई का योगदान काफी अहम होगा। फिडेलिटी इंटरनेशनल के इंडिया हेड, रोहित जेटली ने कहा कि जनरेटिव एआई, डेटा के वर्चुअलाइजेशन और अन्य कटिंग ऐज टेक्नोलॉजी के कारण पारंपरिक क्षेत्र में काम करने के तरीके में बड़ा बदलाव आने जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि ये एक बड़े बदलाव का युग है, जिसमें इंडस्ट्रीज तेजी से बदल रही है, जो नवाचार और क्षमता को बढ़ा रहा है। इंडियन ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) में हमें इसकी ही आवश्यकता है। बीसीजी के साथ साझेदारी में नैसकॉम द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एआई का मार्केट 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

## भारत का औद्योगिक उत्पादन मार्च में 4.9 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। देश का औद्योगिक उत्पादन मार्च में विनिर्माण और बिजली क्षेत्र के बढ़िया प्रदर्शन की मदद से 4.9 प्रतिशत बढ़ा। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक मार्च, 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 4.9 प्रतिशत बढ़ा। औद्योगिक उत्पादन में मार्च, 2023 में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई थी। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च, 2024 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 5.2 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1.5 प्रतिशत था।

इस साल मार्च में खनन उत्पादन 1.2 प्रतिशत बढ़ा जबकि बिजली उत्पादन में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश का औद्योगिक उत्पादन 5.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में इसकी वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत रही थी।

# बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा सात प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने इस वर्ष मार्च में 1439 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 1350 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है।

बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रजनीश कर्नाटक ने आज वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की इस अंतिम तिमाही में उनके बैंक की शुद्ध ब्याज आय 5937 करोड़ रुपए रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की 5527 करोड़ रुपए की आय की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक का शुद्ध लाभ 6318 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के 4023 करोड़ रुपये की तुलना में 57 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान शुद्ध ब्याज आय भी




वर्ष 2022-23 की 20275 करोड़ रुपए की तुलना में 14 प्रतिशत बढ़कर 23053 करोड़ रुपए हो गई है। उन्होंने कहा कि इस दौरान बैंक का सकल एनपीए 7.31 प्रतिशत की तुलना में 233 आधार अंक कम होकर 4.98 प्रतिशत पर आ गया है और शुद्ध एनपीए भी 44 आधार अंक सुधरकर 1.22 प्रतिशत पर आ गया है।

## आरबीआई ने की 10,512 करोड़ के बॉन्ड की पुर्नखरीद

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 10,512 करोड़ रुपए के सरकारी बॉन्ड की पुनर्खरीद की जबकि अधिसूचित राशि 40,000 करोड़ रुपए थी। केंद्रीय बैंक को 53,333 करोड़ रुपए की निविदाएं मिली थीं। बाजार के साझेदारों के अनुसार रिजर्व बैंक ने केवल फाइनैंशियल बेंचमार्क प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) के स्तरों पर निविदाएं मंजूर की थीं। भारत में एफबीआईएल ब्याज दरों के बेंचमार्क सहित विभिन्न वित्तीय बेंचमार्क के प्रशासन और प्रकाशन की जिम्मेदारी निभाती है। इन बेंचमार्क का इस्तेमाल विभिन्न वित्तीय उत्पादों के संदर्भों जैसे ऋण, उधार और डेरिवेटिव्स के लिए होता है। इस संस्था को रिजर्व बैंक विनियमित करता है। एक सरकारी बैंक के डीलर ने कहा, 'बाजार का अनुमान था कि भारतीय रिजर्व बैंक कम से कम 25,000 करोड़ रुपए की प्रतिभूतियों को जुटाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए नीलामी के बाद बिकवाली हुई।'

**सार संक्षेप**

### शेयर डॉट मार्केट फैक्टर एनालिसिस कर देता है सेवा

**नई दिल्ली।** फोनपे का स्टॉक ब्रोकिंग सेवा शेयर डॉट मार्केट स्टॉक के लिए इंटेलिजेंस लेयर उपलब्ध कराता है, जो कि हर स्टॉक के लिए क्वांटिटेटिव फैक्टर-आधारित एनालिसिस करता है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह डिस्काउंट ब्रोकिंग उद्योग में इस तरह का पहला प्रॉडक्ट है। प्रॉडक्ट की सुविधाओं और एक्जिक्यूशन लेयर के साथ इंटिग्रेट की गई इंटेलिजेंस लेयर यह सुनिश्चित करती है कि निवेशकों को डिस्काउंट ब्रोकिंग ढांचें के अंतर्गत डीआईवाई मोड में व्यापक रूप से संपत्ति का समाधान उपलब्ध कराए जा सकें। शेयर मार्केट की कठिनाइयों से निपटना और सूझबूझ से फैसला लेना निवेशकों के लिए मुश्किल हो सकता है, खासकर जब उन्हें कोई पेचीदा डेटा विश्लेषण करना हो। जैसे, किसी स्टॉक के बुनियादी चीज़ों को समझना या उसकी कीमत में आने वाले बदलावों पर नज़र रखना। इन कठिनाइयों से जूझने के बजाय, आत्मविश्वास से भरा फैसला लेने के लिए निवेशक शेयर.मार्केट की इंटेलिजेंस लेयर की फैक्टर-आधारित व्यापक रूप से की गई एनालिसिस पर भरोसा कर सकते हैं।

### एसटीबी ने गर्मियों की छुट्टियों में सिंगापुर की यात्रा के लिए शानदार ऑफर्स की घोषणा की


**नई दिल्ली।** सिंगापुर की हमेशा से भारतीयों के दिल में खास जगह रही है। यहां पूरे परिवार के आकर्षण के लिए कुछ न कुछ है जहां आकर आपको कई यादगार अनुभव मिलेंगे। महामारी के बाद इस द्वीपों के शहर (आयलैंड सिटी) का विकास लगातार हो रहा है। यह देश घूमने-फिरने के शौकीनों के शरीर, मन और दिमाग को तरोताजा करने के लिए कई यादगार लम्हे उन्हें ऑफर करता है, जो पूरी तरह से 'मेड इन सिंगापुर' है। इस तरह की मौजमस्ती आप केवल सिंगापुर आकर ही कर सकते हैं। गर्मियों की छुट्टियां शुरू होने के साथ अलग-अलग परिवार अलग-अलग जगहों की यात्रा कर यादगार लम्हों को सहेजने के लिए बेताब हैं। सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड (एसटीबी) ने सिंगापुर एयरलाइंस ग्रुप, सैंटोसा डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन और मंडई वाइल्ड ग्रुप के साथ साझेदारी में 'फैमिली प्लेडेट्स, मेड इन सिंगापुर' कैंपेन लॉन्च किया है। इस ऑफर के तहत इन गर्मियों में इस डेस्टिनेशन के जादू को फिर से तलाशने के लिए यात्रा पर खास डील ऑफर कर परिवारों को सिंगापुर घूमने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

### फ्लिपकार्ट ने रेट कार्ड नीति की घोषणा की

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट ने एक बिल्कुल नई सरलीकृत रेट कार्ड नीति की घोषणा की है। इसका उद्देश्य फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाना और सेटलमेंट में अधिक स्पष्टता लाना है। 18 मई, 2024 से प्रभावी हो रहे नए रेट कार्ड की मुख्य विशेषताओं में सरलीकृत रेट कार्ड स्ट्रक्चर और किफायती एफबीएफ दरें शामिल हैं, जिनसे बड़े पैमाने पर परिचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रतिस्पर्धी बढ़त मिलती है। इनके अलावा, एक अपडेटेड शिपिंग नीति भी इसका हिस्सा है, जो विक्रेताओं को अपने ग्राहकों को उचित मूल्य प्रदान करने में सक्षम बनाती है।

# कोहराम से उबरकर मजबूती के साथ बाजार बंद

■ सेंसेक्स 260.30 अंक की छलांग लगाकर 72,664.47 पर
■ निफ्टी 97.70 अंक मजबूत होकर 22,055.20 पर बंद




**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में रोजगार के नरम आंकड़ों से निवेशकों के इस साल ब्याज दरों में कटौती शुरू होने की उम्मीद बढने से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, पावर, तेल एवं गैस और धातु समेत सोलह समूहों में हुई दमदार लिवाली से आज शेयर बाजार पिछले दिवस के कोहराम से उबरकर मजबूती के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 260.30 अंक की छलांग लगाकर 72,664.47 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 97.70 अंक मजबूत होकर 22,055.20 अंक हो गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 0.81 प्रतिशत उछलकर 41,027.75 अंक और स्मॉलकैप 0.80 प्रतिशत तेजी लेकर 45,396.99 अंक पर रहा।इस दौरान बीएसई में कुल 3931 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2191 में लिवाली जबकि 1610 में बिकवाली हुई वहीं 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों में तेजी जबकि 12 में गिरावट रही। बीएसई के 16 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 1.32, सीडी 0.97, ऊर्जा 1.18, एफएमसीजी 1.07, हेल्थकेयर 0.88, इंडस्ट्रियल्स 0.63, दूरसंचार 1.30, यूटिलिटीज 1.61, ऑटो 1.07, कैपिटल गुड्स 0.43, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.11, धातु 1.31, तेल एवं गैस 1.38, पावर 1.53 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.98 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार एक माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.80, जर्मनी का डैक्स 0.71, जापान का निक्केई 0.41, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.57, हांगकांग का हैंगसेंग 2.30 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत चढ़ गया।

वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 72,366.29 अंक के निचले स्तर तक आ गया। अंत में पिछले दिवस के 72,404.17 अंक की तुलना में 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 72,664.47 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी 33 अंक उठकर 21,990.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,131.30 अंक के उच्चतम जबकि 21,950.30 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,957.50 अंक के मुकाबले 0.44 प्रतिशत चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एनटीपीसी 2.80, पावरग्रिड 2.63, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.45, एशियन पेंट 2.28, आईटीसी 1.88, भारती एयरटेल 1.76, टाटा मोटर्स 1.62, मारुति 1.07, रिलायंस 1.02, इंडसइंड बैंक 0.53, नेस्ले इंडिया 0.49, एक्सिस बैंक 0.47, टाटा स्टील 0.22, आईसीआईसीआई बैंक 0.20 और एलटी 0.07 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, टीसीएस 1.62, इंफोसिस 0.95, विप्रो 0.79, एचडीएफसी बैंक 0.74, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.73, कोटक बैंक 0.72, एचसीएल टेक 0.59, टेक महिंद्रा 0.40 और एसबीआई के शेयरों ने 0.16 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## एक साल में सोने में निवेशकों को मिला 15 प्रतिशत का रिटर्न

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। अक्षय तृतीया का त्योहार पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म की मान्यता के मुताबिक आज के दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है और इस वजह से बड़ी संख्या में लोग अक्षय तृतीया के दिन निवेश और उपयोग के लिए सोना या सोने के आभूषण खरीदते हैं।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, शुक्रवार को 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 72,630 रुपए है। वहीं, एक साल पहले सोने का भाव 63,000 रुपए के आसपास था। ऐसे में पिछले एक साल में सोने में निवेशकों को करीब 15 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के मुताबिक, इस वर्ष जनवरी से मार्च की अवधि में भारत में सोने की मांग में 8 प्रतिशत का उछाल आया है और यह 136.6 टन रही है। 2024 में 700 से 800 टन के बीच रह सकती है। प्रभुदास लीलाधर वेल्थ मैनेजमेंट के चीफ बिजनेस ऑफिसर शशांक पाल ने कहा, अक्षय तृतीया के वार्षिक गोल्ड डेटा से पता लगता है कि सोना निवेशकों के लिए निवेश का सुरक्षित माध्यम है। हमें लगता है कि पिछले दो वर्ष के मुकाबले




इस वर्ष रिटर्न में धीमापन देखने को मिलेगा। इसकी प्रमुख वजह डॉलर का मजबूत होना है।

फिजिकल के अलावा सोने में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड या ईटीएफ के माध्यम से निवेश किया जा सकता है। इससे आपको सोने की शुद्धता को लेकर भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और इसे रखने के लिए सुरक्षित स्थान बनाने की दुविधा से भी आप मुक्त हो जाते हैं।

## पाम ऑयल महंगा, मसूर व उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव होने से आज दिल्ली थोक



जिंस बाजार में पाम ऑयल महंगा हो गया जबकि मसूर दाल और उड़द दाल के भाव गिर गए वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 63 रिंगिट गिरकर 3860 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.46 सेंट की तेजी लेकर 43.10 सेंट प्रति पौंड बोला गया।


इस दौरान घरेलू बाजार में पाम ऑयल में 134 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मसूर दाल 50 रुपए और उड़द दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। वहीं, चना, दाल चना, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# निवेश के लिए युवा पीढ़ी कर रही जोखिम समायोजित विकल्प को पसंद

■ ग्रिप इन्वेस्ट ने अपनी नई रिपोर्ट में किया खुलासा
■ अक्सर निवेश करते समय सतर्कता व उत्सुकता का संयोजन दिखाते हैं युवा

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। दो सालों के दौरान निवेश के वैकल्पिक तरीकों ने नए निवेशकों को लुभाया है, जिसके चलते ये युवाओं के लिए निवेश का पसंदीदा तरीका बन गए हैं और यह पीढ़ी जोखिम-प्रतिकूल दृष्टिकोण के बजाए निवेश के लिए जोखिम-समायोजित विकल्प को चुनना पसंद करने लगी है।

ग्रिप इन्वेस्ट ने अपनी नई रिपोर्ट 'ग्रिपिंग द बूम: मिलेनियल्स इन फ्रैक्शनल इन्वेस्टिंग' में यह खुलासा किया है। यह रिपोर्ट निवेश की 150 वर्ष पुरानी अवधारणा में फ्रैक्शनलाइज़ेशन की बदलावकारी क्षमता को दर्शाती है, जिसे आज के डिजिटल दौर ने नया आयाम दिया है। बीएसई के अनुसार पिछले 2



सालों में आरएफक्यू के माध्यम से कुल रीटेल बॉण्ड वॉल्युम में 100 गुना बढ़ोतरी हुई है, वहीं ग्रिप इन्वेस्ट की रिपोर्ट इस बात का विश्लेषण करती है कि किस तरह से निवेश के विकल्पों में युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है।

फिक्स्ड-इंकम और हाई-यील्ड असेट्स में निवेशकों की भागीदारी, जो पहले रीटेल निवेशकों की पहुंच से बाहर थी, को बढ़ाने पर ज़ोर देते हुए सेबी ने अप्रैल 2024 में बॉण्ड्स की फेस वॅल्यू को रु 1,00,000 से कम कर रु 10,000 कर दिया है। भारतीय निवेशकों का युवा वर्ग निवेश के जोखिम-समायोजित वैकल्पिक असेट्स की ओर रूख कर रहा है, ऐसे में यह रिपोर्ट वैकल्पिक निवेश के न्यूनतम टिकट साइज को कम करने के लिए सकारात्मक विनियामक विकास के प्रभावों पर रोशनी डालती है।

रिपोर्ट के अनुसार दो-तिहाई निवेशक युवा हैं और 76.8 फीसदी यूज़र अपने लिए आंशिक निवेश का सही विकल्प चुनने के लिए डीआईवाय (डू-इट-यॉरसेल्फ) तरीका अपनाते हैं। युवा अक्सर निवेश करते समय सतर्कता और उत्सुकता का संयोजन दिखाते हैं। पूरी निगरानी के बावजूद, ग्रिप इन्वेस्ट प्लेटफॉर्म पर निवेश का औसत मूल्य एक लाख रुपए से अधिक है। इसके अलावा उपभोक्ताओं के द्वारा निवेश के लिए प्लेटफॉर्म को दोहराया जाना उनके बढ़ते भरोसे को दिखाता है, इनमें से आधे यूज़र्स ने 3 महीने के अंदर अपना दूसरा ऑर्डर प्लेस किया है।

# खेल जगत

## नियंत्रण के बिना आक्रामकता का नुकसान हो सकता है : कर्टनी वॉल्श



**पुणे।** महाराष्ट्र प्रीमियर लीग की टीम कोल्हापुर टस्कर्स के खिलाड़ियों को एक यादगार अनुभव हुआ जब वेस्टइंडीज के दिग्गज तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श ने पुणे के पीवाईसी हिंदू जिमखाना में टीम के प्रशिक्षण सत्र का दौरा किया। वाल्श, 500 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले व्यक्ति, ने खिलाड़ियों के साथ काफी समय बिताया, उनसे अपने करियर के बारे में बात की और यहां तक कि क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के तरीकों पर समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पुनित बालन के साथ बातचीत करने के अलावा उनके सवालों के जवाब भी दिए। बातचीत के दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए 61 वर्षीय वॉल्श ने नियंत्रित आक्रामकता के महत्व पर जोर दिया। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने कहा कि नियंत्रण के बिना आक्रामकता हानिकारक हो सकती है।

### मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला आज

# शीर्ष पर रहने के मकसद से उतरेगी केकेआर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



आईपीएल 2024

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। कैरिबियाई ऑलराउंडर सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण बल्ले से धमाल कर जड़े एक शतक व तीन अर्द्धशतक सहित बनाए सबसे ज्यादा 461 रनों और चटकाए 14 विकेट तथा फिनिशर एक अर्द्धशतक जड़ने वाले आंद्रे रसेल (कुल 198 रन व 13 विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आठ जीत और तीन हार के साथ 11 मैचों से 16 अंकों के साथ प्ले ऑफ में अपनी जगह पक्की

■ **मुंबई को हिसाब चुकाना है तो बुमराह को गेंद से, सूर्य को बल्ले से धमाल करना होगा**

कर चुकी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अब अपने घर कोलकाता के ईडन में शनिवार को मुंबई इंडियंस को रिटर्न मैच में भी हरा अपनी लगातार चौथी और कुल नौवीं जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 क्रिकेट शीर्ष पर बने रहने के मकसद से उतरेगी। केकेआर ने मौजूदा संस्करण में वेंकटेश अय्यर के तेज 70 रन की बदौलत मुंबई इंडियंस को उसके मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 24 से हराया था। केकेआर से नेट रन रेट में पिछड़ कर अपने राजस्थान रॉयल्स फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। केकेआर को शनिवार को मुंबई के खिलाफ मैच के अपने बाकी दो मैच गुजरात टाइटंस से अहमदाबाद और राजस्थान रॉयल्स से उसके दूसरे घरेलू मैदान गुवाहाटी में खेलने हैं।

वहीं विस्फोटक 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव के विस्फोटक शतक की बदौलत अपने 12 वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हरा लगातार चार हार के बाद जीत की राह पर वापस लौटने के बावजूद मुंबई इंडियंस 12 मैचों में आठ हार और मात्र चार जीत के साथ प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी है । मुंबई इंडियंस अब ईडन अब कोलकाता नाइट राइडर्स पर जीत के साथ उसके दबदबे को कम करने के साथ सम्मान बचाने के मकसद से उतरेगी। मुंबई इंडियंस को अपना अंतिम मैच लखनउ सुपर जायंटस के खिलाफ अपने घर मुंबै के वानखेड़े स्टेडियम में खेलना है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस से अपने पिछले पांच में चार मैच जीते हैं और उसकी कोशिश मूलत: मुंबई के श्रेयस अय्यर की अगुआई में एक और जीत के साथ अपनी श्रेष्ठता और दबदबा बरकरार रखने की होगी।

कप्तान, के रूप में मौजूदा संस्करण में आलोचकों के निशाने पर रहे हार्दिक पांडया, विकेट लेने में दूसरे स्थान पर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (कुल 18 विकेट), सूर्य कुमार यादव (कुल 334 रन) के साथ मौजूदा संस्करण में मुंबई इंडियंस के लिए शतक जड़ने वाले रोहित शर्मा की कोशिश की सब कुछ भुलाकर मुंबई इंडियंस के लिए इस सहित बाकी अपने अगले दोनों मैचों में बढ़िया प्रदर्शन कर खुद को अगले महीने वेस्ट इंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए खुद को तैयार करने की होगी।

मुंबई इंडियंस के प्ले ऑफ की होड़ से बाहर होने से गंवाने को कुछ नहीं और उसकी कोशिश खुल कर सब कुछ जीत के लिए झोंकने की होगी। मुंबई इंडियंस को केकेआर को उसके घर में हरा हिसाब चुकता करना है तो फिर रोहित शर्मा (कुल 320 रन), तीन तीन अर्द्धशतक जड़ चुके तिलक वर्मा( कुल 384 रन) और सूर्य कुमार यादव के साथ दो अर्द्धशतक जड़ने वाले इशान किशन (कुल 266 रन) को बल्लेबाजी इकाई के रूप में दमदार प्रदर्शन करना होगा। केकेआर के कामयाब मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (कुल 16 विकेट) व सुनील नारायण (कुल 14 विकेट) के साथ तेज गेंदबाज हर्षित राणा( 9 मैच, 14 विकेट), आंद्रे रसेल (कुल 13 विकेट), मौजूदा संस्करण के सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क (10 मैच, 12 विकेट) और वैभव अरोड़ा (7 मैच, 9 विकेट) जैसे तेज गेंदबाज की चौकड़ी के जरूर मुंबई के सूर्य, तिलक, रोहित और इशान किशन का इम्तिहान लेंगे। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की सबसे बड़ी ताकत यह है कि उसके पास पारी में किसी भी वक्त पर गेंदबाजी कर विकेट चटकाने का दम रखने वाले गेंदबाज हैं।

केकेआर की बल्लेबाज सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुनील नारायण (कुल 461 रन), चार अर्द्धशतक जड़ने वाले उनके विस्फोटक सलामी जोड़ीदार फिल साल्ट(कुल 429 रन), दो अर्द्धशतक जड़ने वाले और मुंबई इंडियंस पर मुंबई में पहले मैच में जीत के हीरो वेंकटेश अय्यर(कुल280 रन), एक एक अर्द्धशतक शतक जड़ने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर (कुल225 रन), अंगकृष रघुवंशी (कुल 163 रन) के साथ फिनिशर आंद्रे रसेल (कुल163 रन) तथा रिंकू सिंह (148 रन) पर निर्भर करेगी। मुंबई इंडियंस के सदाबहार अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (कुल 18 विकेट), जेराल्ड कोइत्जी (10 मैचए 13 विकेट), खुद कप्तान हार्दिक पांडया(कुल 11 विकेट) केकेआर के सुनील नारायण और साल्ट की सलामी जोड़ी को सस्ते में आउट कर जरूर केकेआर का गणित बिगड़ सकते हैं। बीच के ओवरों में अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला (9 मैच, 8 विकेट) और आकाश मडवाल (5 मैच, 5 विकेट) के साथ नवोदित तेज गेंदबाज अंशुल काम्बोज और नुवान तुषारा जरूर केकेआर के विकेट चटकाने के साथ रनों पर लगाम लगा सकते हैं।

# अगर द्रविड़ दोबारा आवेदन करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं : बीसीसीआई

**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति प्रक्रिया आने वाले सप्ताह में शुरू होने वाली है। शाह ने यह भी कहा कि मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर अपना कार्यकाल बढ़ाना चाहते हैं तो इस पद के लिए दोबारा आवेदन कर सकते हैं।

शाह ने मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में बातचीत के दौरान कहा कि हम अगले कुछ दिनों में आवेदन मंगाएंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में खत्म हो रहा है। अगर वह दोबारा आवेदन करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच जैसे कोचिंग स्टाफ का फैसला नए कोच के परामर्श के बाद किया जाएगा। पिछले नवंबर में वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत की हार के बाद उनका दो साल का अनुबंध समाप्त होने के बाद द्रविड़ को टी20 विश्व कप तक अल्पकालिक विस्तार दिया गया था। शाह ने यह भी पुष्टि की कि नए मुख्य कोच को 2027 में वनडे विश्व कप तक कार्यभार संभालने की पेशकश की जाएगी।

हालांकि, शाह ने एक विदेशी कोच की संभावना से इंकार नहीं किया और इस मुद्दे को खुला छोड़ दिया, यह संकेत देते हुए कि बोर्ड के विभिन्न प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोचों पर विचार करने की संभावना नहीं है, यह प्रणाली इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) जैसे बोर्ड द्वारा अपनाई गई है और यहां तक कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में भी है । हम तीन साल के लिए एक दीर्घकालिक कोच की तलाश कर रहे हैं। हम यह तय नहीं कर सकते कि नया कोच भारतीय होगा या विदेशी। यह सीएसी पर निर्भर करेगा और हम एक वैश्विक संस्था हैं। यह निर्णय भी वही करेगा सीएसी में विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे कई ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ी हैं, इसके अलावा, भारत में ऐसी स्थिति की कोई मिसाल नहीं है।

पूर्व बल्लेबाज अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली और जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक सहित तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को राष्ट्रीय चयनकर्ता की लंबी नियुक्ति को अंतिम रूप देना होगा और उससे पहले कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं।

शाह ने कहा कि चयनकर्ता पद के लिए कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। नाम को अंतिम रूप देने के लिए सीएसी एक सप्ताह में बैठक करेगी और हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे।

शाह ने लाल गेंद वाले क्रिकेट के महत्व पर भी जोर दिया लेकिन कहा कि व्यक्तिगत राज्य संघ यह तय करेंगे कि अपने घरेलू खिलाड़ियों को अधिक भुगतान करना है या नहीं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने खुलासा किया कि केंद्रीय अनुबंध में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले हार्दिक पांड्या ने घरेलू सफेद गेंद क्रिकेट में भाग लेने के लिए सहमति दे दी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट लीग संरचना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा और बेंगलुरु के हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) अगस्त में व्यवसाय के लिए खुलेगी।



# हरमनप्रीत सिंह होंगे एफआईएच प्रो हॉकी लीग में भारत के कप्तान, हार्दिक उपकप्तान

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह एंटवर्प(बेल्जियम) और लंदन (इंग्लैंड) में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भारत की 24 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे जबकि आक्रामक सेंटर हाफ हार्दिक सिंह को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम का पेरिस में होने वाले जुलाई में शुरू हो रहे ओलंपिक से पहले एफआईएच प्रो हॉकी लीग अंतिम इम्तिहान होगा।

■ **ओलंपिक से पहले प्रो लीग भारतीय हॉकी टीम का अंतिम इम्तिहान**

■ **प्रो लीग के लिए चुनी टीम से करकेरा, आमिर अली और स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह बाहर**

एफआईएच प्रो लीग का एंटवर्प चरण 22 से 30 मई तक होगा जबकि लंदन(इंग्लैंड) में होने वाला चरण 1 से 12 जून तक चलेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में अर्जेंटीना, बेल्जियम ,जर्मनी और ब्रिटेन से दोनों चरणों को मिलाकर दो-दो बार भिड़ेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम फिलहाल प्रो लीग में आठ मैचों में 18 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। मेजबान ऑस्ट्रेलिया से बीते महीने पांच टेस्ट मैचों की हॉकी सीरीज 0-5 से हारने वाली अपनी 27 सदस्यीय टीम में से एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए चुनी टीम से गोलरक्षक सूरज करकेरा, फुलबैक आमिर अली और नौजवान स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह को बाहर कर दिया है। 2020 के टोक्यो ओलंपिक मे भारत के लिए सबसे ज्यादा छह गोल कर उसे चार दशक के बाद कांसे के रूप मे पहला पदक जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले स्ट्राइकर सिमरनजीत सिंह अब फिट होने के बावजूद प्रो लीग के लिए चुनी टीम में भी जगह नहीं दी गई है। वहां कथित यौन शोषण के आरोपों में कानूनी पचड़े में फंसे ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार को एक बार फिर टीम से बाहर रखा गया है।



### चुनी गई 24 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम

गोलरक्षक : पीआर श्रीजेश व कृष्ण बहादुर पाठक।

रक्षापंक्ति : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जर्मनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह।

मध्यपंक्ति : हार्दिक सिंह(उपकप्तान), विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, मनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, मोहम्मद रहील मौसीन।

अग्रिम पंक्ति : मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंट सिंह, आकाशदीप सिंह, अरिजित सिंह हुंदल, बॉबी सिंह धामी।

### उत्कृष्ट टीमों के खिलाफ खेलने से अपने खेल को बेहतर करने का मौका: फुल्टन

एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए चुनी गई भारतीय टीम की बाबत चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि हम शिविर में जमकर अभ्यास कर रहे हैं और हमने इस दौरान एक दूसरे के खेल को अच्छे से समझा है। हमें एफआईएच प्रो हॉकी 2023-24 में शीर्ष उत्कृष्ट टीमों के खिलाफ खेलने से अपने खेल को बेहतर करने का मौका मिलेगा। हमारे लिए एफआईएच प्रो हॉकी लीग यह आंकलने का मौका है कि हम बतौर टीम और हमारे खिलाड़ी कहां खड़े हैं। हमारे लिए यह अपनी ताकत को आंकने के साथ यह भी जानने का मौका है कि हमें कहां, क्या सुधार की जरूरत है।'

### प्रो लीग में नतीजे अपनी टीम के हक में रहने की उम्मीद : हरमनप्रीत सिंह

वहीं भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हमारी निगाहें इस ओलंपिक साल में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के साथ सीजन में आगे बढ़ने पर है, जहां हम दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलेंगे। हमने खिलाड़ियों को कुछ मौका देने के लिए प्रो लीग के लिए भारतीय टीम चुनी है। इसमें हमें कुछ खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शिरकत करने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए मुकाबले के लिए तैयार देखने का मौका मिलेगा। हमारी टीम का साई बेंगलुरु में शिविर जगा जिसमें हमें खूब पसीना बहाने के साथ अपनी खामियों को सुधारने पर मेहनत की। अब हमारी निगाहें एफआईएच प्रो लीग के मैचों पर लगी है और इनमें मुझे नतीजे अपनी टीम के हक में रहने की उम्मीद है।'

## सार संक्षेप

### पीजीडीएवी ने जीता टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

**नई दिल्ली।** अमन भारती( 21 रन पर 4 विकेट) की घातक गेंदबाजी और श्रेष्ठ पी. यादव ( 39 गेंद में 74 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत पीजीडीएवी कॉलेज ने आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज को सात विकेट से पराजित कर द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब लगातार दूसरी बार जीत लिया। फाइनल मुकाबले में आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज (आरएसडी) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पीजीडीएवी कॉलेज के शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए आरएसडी को 19.2 ओवर में 134 रन पर समेट दिया। आरएसडी कॉलेज के ज्योति आदित्य ने 27 गेंद में 46 रन बनाए। वहीं पीजीडीएवी के अमन भारती ने 3.2 ओवर में 21 रन देकर चार विकेट लिये। 135 रनों के लक्ष्य के जवाब में पीजीडीएवी कॉलेज टीम ने 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 136 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। श्रेष्ठ पी. यादव ने 39 गेंदों में 74 रन और काव्य ने 33 गेंदों में 40 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### कॉलिन मनरो ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज कॉलिन मनरो ने टी-20 विश्वकप में जगह नहीं मिल पाने के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। मनरो पिछले चार साल से सिर्फ फ्रैंचाइज क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ्रैंचाइज क्रिकेट खेलते रहेंगे। मनरो ने स्वयं को विश्वकप के लिए उपलब्ध बताया था। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन उनके लिए जगह नहीं बन पाई। उन्होंने 2020 के बाद कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है।

### अपनी तरह की पहली हाइब्रिड क्रिकेट पिच धर्मशाला के रास्ते भारत में आई

**धर्मशाला।** इस सहस्राब्दी की शुरुआत के बाद से, क्रिकेट में नवप्रवर्तन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है - चाहे वह ज़िंग बेल्स, स्पाइडर कैम, क्रिकेट बैट सेंसर या हॉक आई तकनीक के माध्यम से हो। पिचों के संदर्भ में, टीमों को यह तय करने में एक महत्वपूर्ण कारक है कि वे खेल के बारे में कैसे आगे बढ़ें, ड्रॉप-इन विकेटों का समावेश हुआ है। लेकिन 2017 में इंग्लैंड में क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में हाइब्रिड पिचों को शामिल करने से कई दर्शकों का ध्यान आकर्षित हुआ। यूके स्थित सिंथेटिक टर्फ निर्माण कंपनी एसआईएसग्रास, जो न केवल क्रिकेट, बल्कि फुटबॉल, रग्बी और हॉकी में भी हाइब्रिड पिचों में माहिर है।

# जीत की ओर एक छोटा कदम : साक्षी मलिक

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर मामले में यौन उत्पीड़न और धमकी से संबंधित आरोप तय करने के दिल्ली की एक अदालत के आदेश को जीत की दिशा में एक छोटा कदम बताया है। अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और उत्तर प्रदेश के निवर्तमान सांसद के खिलाफ यौन उत्पीड़न, महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए बल का प्रयोग और आपराधिक धमकी के लिए संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया। ओलंपियन साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के नेतृत्व में कई महिला पहलवानों ने नई दिल्ली के जंतर मंतर पर बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ महीनों तक विरोध प्रदर्शन किया था। साक्षी ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि मामला सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और पीड़ितों को न्याय मिलेगा।



**हम इस लड़ाई को तब तक जारी रखेंगे जब तक कि अंतिम न्याय नहीं मिल जाता और उन्हें सजा नहीं मिल जाती : साक्षी मलिक**

साक्षी मलिक ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा कि यह निश्चित रूप से जीत की दिशा में एक छोटा कदम है। यह अच्छा लगता है कि बृज भूषण को इतने सालों तक युवा महिला पहलवानों के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हम इस लड़ाई को तब तक जारी रखेंगे जब तक कि अंतिम न्याय नहीं मिल जाता और उन्हें सजा नहीं मिल जाती।

# बजरंग ने दोहराया कि नाडा उनके सवाल का जवाब देने में विफल रहा

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता फ्रीस्टाइल पहलवान बजरंग पुनिया ने दोहराया कि उन्होंने डोप टेस्ट देने से इनकार नहीं किया था और यह नाडा ही था जो डोप टेस्ट के लिए एक्सपायर किट भेजने के उनके सवाल का जवाब देने में विफल रहा। पुनिया को 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित परीक्षणों के दौरान मूत्र का नमूना उपलब्ध कराने में विफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। अपने अंतिम निलंबन आदेश की रिपोर्टों के बाद, पहलवान ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया और नाडा अधिकारियों से उस समाप्त हो चुकी किट के बारे में प्रतिक्रिया मांगी जो उन्होंने मेरा नमूना लेने के लिए भेजी थी।

फ्रीस्टाइल पहलवान, जो 65 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हैं, ने शुक्रवार को एक्स पर एक लंबी पोस्ट में अपना रुख दोहराया, और कहा कि नाडा ने उनके किसी भी संचार का जवाब नहीं दिया, एक एक्सपायर टेस्ट किट भेजने पर स्पष्टीकरण की मांग की, यह कहते हुए कि उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया कि वह उनसे ऐसा स्पष्टीकरण प्राप्त होने पर अपना नमूना देंगे। यह स्पष्ट करना है कि, मैंने किसी भी स्तर पर डोपिंग नियंत्रण के लिए अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया है। 10 मार्च 2024 को, जब कथित डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों ने मुझसे संपर्क किया, तो मैंने उन्हें केवल यह याद दिलाया कि पिछली दो बार वे मेरा नमूना लेने आए थे। नमूना, उन्हें एक बार एक्सपायर हो चुकी किट मिल गई थी और दूसरी बार, उन्होंने तीन परीक्षण किटों के विपरीत एक एकल परीक्षण किट के साथ मुझसे संपर्क किया था।



## 11 मई से भोपाल में शुरू होंगे ओलंपिक चयन ट्रॉयल 3 और 4 राइफल/पिस्टल

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। 37 चयनित राइफल और पिस्टल निशानेबाज आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय शूटिंग टीम में जगह बनाने के लिए अपनी खोज फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं, जब वे भोपाल में म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 3 और 4 राइफल/पिस्टल में निशाना साधेंगे। प्रतियोगिताएं शनिवार को पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी3 क्वालिफिकेशन राउंड के साथ शुरू होंगी। आठ ओलंपिक राइफल और पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धाओं में कुल 16 मैच नौ दिनों तक आयोजित किए जाएंगे, जो 19 मई को पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टी4 फाइनल के साथ समाप्त होंगे। दोनों प्रतियोगिताओं के फाइनल क्वालीफिकेशन के एक दिन बाद फाइनल होने के पेरिस ओलंपिक कार्यक्रम के अनुसार रविवार को रखे गए हैं ।



# आईओए प्रमुख पी.टी. उषा एथलीटों को सर्वोत्तम सहायता प्रदान करने के प्रयासों से संतुष्ट

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी.टी. उषा ने पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर संतुष्टि व्यक्त की है और दावा किया है कि खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं और संभव समर्थन प्रदान किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। ओलंपिक के लिए भारतीय दल के ठहरने की व्यवस्था को अंतिम रूप देने के बाद पेरिस की यात्रा से लौटीं, उषा ने कहा कि आईओए ने एथलीट आराम और एथलीटों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के नेतृत्व में एक मजबूत खेल विज्ञान सहायता टीम बनाने के अलावा, हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने संबंधित स्थानों के करीब रहें। उन्होंने आगे कहा कि एथलीटों के गांव के नजदीक खेल-विशिष्ट सहायक कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित आवास की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आईओए यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी एथलीटों को आवश्यक सहायता प्रणाली तक पहुंच मिले।

**प्रसिद्ध डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के नेतृत्व में एक मजबूत खेल विज्ञान सहायता टीम बनाने के अलावा, हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने संबंधित स्थानों के करीब रहें : पी.टी. उषा**

परिणामस्वरूप, उनके रहने के लिए पास के क्षेत्र में अपार्टमेंट की व्यवस्था की गई है। उषा ने कहा, हम एथलीटों के गांव से थोड़ी दूरी पर कई खेल-विशिष्ट सहायक कर्मचारियों के लिए आवास सुरक्षित करने में भी सक्षम हैं। यह एक ज्ञात तथ्य है कि उनमें से सभी को एक ही समय में खेल गांव में समायोजित नहीं किया जा सकता है। हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी एथलीट अपनी सहायता प्रणाली से वंचित न रहे और इसलिए हमने आसपास के क्षेत्र में अपार्टमेंट बुक किए हैं। आईओए प्रमुख ने कहा कि एक एथलीट और कोच के रूप में, मैंने अपने एथलीटों के लिए समर्थन प्रणाली के विकास को देखा है। वे प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा के प्रति अपने दृष्टिकोण में बहुत पेशेवर हो गए हैं। मेरा मानना है कि यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि यदि बेहतर नहीं तो समान सुविधाएं हों , यही कारण है कि हमारे पास सहयोगी स्टाफ के लिए अपार्टमेंट होंगे।